**सुविचार**
प्राप्त हुए धन का उपयोग करने में दो भूलें हुआ करती हैं, जिन्हें ध्यान में रखना चाहिए। अपात्र को धन देना और सुपात्र को धन न देना।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Thursday, 14 December 2023 ● Year : 01 ● Issue : 323 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com





12
डंकी की रिलीज से पहले माता वैष्णो देवी के...


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 69,584.60 |
| निफ्टी | : | 20,926.35 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,825 |
| चांदी | : | 77.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

# संसद हमले की बरसी पर सुरक्षा धराशायी
# विजिटर्स गैलरी से 2 लोग लोकसभा में कूदे
## पन्नू की धमकी से पुलिस अलर्ट थी, फिर भी 5 लेयर सुरक्षा तोड़कर लोकसभा में घुसे प्रदर्शनकारी

- तानाशाही नहीं चलेगी' नारा लगाते हुए लोकसभा में कूदे युवक, पीला धुआं छोड़ा, मची अफरा-तफरी, भगदड़
- युवकों को कुछ सांसदों ने घेरकर पकड़ लिया, की पीटाई, बाद में सुरक्षाकर्मियों ने दोनों को किया गिरफ्तार
- कुल 6 लोग थे, दो सदन के अंदर और दो बाहर, 2 अभी फरार, विजिटर पास से लोकसभा में घुसे थे दो युवक
- घटना दोपहर एक बजे की है, इसके बाद दोपहर 2 बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई

**AGENCY NEW DELHI :** संसद पर आतंकी हमले की 22वीं बरसी पर बुधवार को लोकसभा में उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब विजिटर्स गैलरी से तानाशाही नहीं चलेगी' नारा लगाते हुए लोकसभा में दो युवक कूद गए। युवक सदन की बेंच पर कूदते हुए आगे बढ़ने लगे। इसी बीच उन्होंने जूते से निकालकर कुछ स्प्रे किया, जिससे सदन में पीला धुआं फैलने लगा। पूरे सदन में भगदड़ मच गई। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने संसद पर हमले की धमकी दी थी। इसके बाद से ही दिल्ली पुलिस अलर्ट पर थी। फिर भी 5 लेयर सुरक्षा तोड़कर लोकसभा में प्रदर्शनकारी घुसे और हंगामा किया। लोकसभा में प्रदर्शन कर रहे युवकों को कुछ सांसदों ने घेरकर पकड़ लिया। बाद में सुरक्षाकर्मियों ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उनके नाम सागर शर्मा और डी मनोरंजन हैं। युवकों की गिरफ्तारी से पहले कुछ सांसदों ने उनकी पिटाई भी की। इस घटना में कुल 6 लोग शामिल बताए जा रहे हैं। सागर और मनोरंजन सांसद विजिटर पास से लोकसभा में घुसे। वहीं, सदन के बाहर अमोल और नीलम ने पीले रंग का धुआं छोड़ा। बाहर से गिरफ्तार हुए दोनों लोगों का दावा है कि ये खुद संसद पहुंचे और उनका किसी संगठन से ताल्लुक नहीं है। बता दें कि इससे पहले 2001 में 13 दिसंबर को संसद पर हमला हुआ था।



संसद में दोनों युवकों के कूदने के बाद उनके द्वारा छोड़ा गया पीला धुआं पूरे संसद में फल गई, जिससे अंदर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

### संसद के बाहर भी प्रदर्शन कर रहे 2 अरेस्ट, 2001 में भी हुआ था आतंकी हमला

जब दोनों युवक संसद के अंदर हंगामा कर रहे थे, तभी दो अन्य अमोल शिंदे (लातूर, महाराष्ट्र) और नीलम (हिसार) संसद के बाहर नारेबाजी-प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि पुराने संसद भवन पर 13 दिसंबर 2001 को 5 आतंकियों ने हमला किया था। इसमें दिल्ली पुलिस के 5 जवान समेत 9 लोगों की मौत हुई थी। पांचवें व्यक्ति का नाम ललित झा बताया जा रहा है, जो गुरुग्राम में रहता था। छठे व्यक्ति का नाम सामने नहीं आया है। ये दोनों फिलहाल फरार हैं। पुलिस ने बताया कि सभी 6 लोग ऑनलाइन मिले थे। ऐसा कोई सबूत नहीं मिला, जिससे ये अंदाजा लगे कि इनका संबंध किसी आतंकी संगठन से है। नीलम ने संसद के बाहर नारेबाजी की। कहा, 'तानाशाही नहीं चलेगी। संविधान बचाओ। मणिपुर को इंसाफ दिलाओ। महिलाओं पर अत्याचार नहीं चलेगा। भारत माता की जय। जय भीम, जय भारत।' यह घटना दोपहर एक बजे की है। इसके बाद दोपहर 2 बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई। आते ही लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने कहा- अभी हुई घटना सबकी चिंता का विषय है। इसकी जांच जारी है। दिल्ली पुलिस को भी जांच के आदेश दे दिए गए हैं। शुरूआती जांच में पता चला है कि वह साधारण धुआं था। डिटेल जांच के नतीजे आने पर सबको इससे अवगत कराया जाएगा।

### सुरक्षा में चूक पर जवाब दें गृह मंत्री : खड़गे



राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बुधवार को संसद की सुरक्षा में आज एक बड़ी चूक हुई है। यह एक गंभीर मामला है। केन्द्रीय गृह मंत्री को दोनों सदनों में इस मुद्दे पर जवाब देना चाहिए। खड़गे ने आज राज्यसभा में आसन के माध्यम से मांग करते हुए कहा, हम चाहते हैं गृह मंत्री अमित शाह संसद के दोनों सदन में मुद्दे पर जवाब दें। उन्होंने कहा कि यह प्रश्न है कि इतनी सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच कैसे दो लोग अंदर आए और लोक सभा की दर्शक दीर्घा से सदन में कूद कर गैस स्प्रे तथा नारेबाजी करने लगे? हम उम्मीद करते हैं कि सरकार इस पूरे मुद्दे को गंभीरता से लेगी। हम पूरी घटना की गहन जांच की मांग करते हैं।

### संसद तब भी चली, अब भी चलेगी : स्पीकर



लोकसभा अध्यक्ष ने बुधवार को सदन के सदस्यों को सुरक्षा का आश्वासन देते हुए जानकारी दी कि सदन के अंदर दो लोगों द्वारा फैलाया गया धुआं खतरनाक नहीं था। उन्होंने सदस्यों को यह भी आश्वासन दिया कि वे सबसे अलग से बातचीत कर उनके सुझाव लेंगे कि कैसे सुरक्षा को और अधिक मजबूत किया जा सकता है। सांसदों की सुरक्षा चिंताओं पर अध्यक्ष बिरला ने उन्हें आश्वासन दिया और कहा कि यह सदन चलना चाहिए। संसद हमले के बाद भी यह सदन चला था। वे सभी सांसदों की सुरक्षा चिंताओं पर अलग से बातचीत करेंगे।

### मुझे लगा कोई आ रहा है : खगेन मुर्मू



लोकसभा सांसद खगेन मुर्मू ने बताया, 'मैं स्पीच दे रहा था। तभी दायीं तरफ से आवाज आई तो मुझे लगा कि कोई आ रहा है। सामने की तरफ से सांसद और सिक्योरिटी गार्ड पकड़ो-पकड़ो चिल्लाने लगे। वे हाथ में कुछ लिए थे, जिससे धुआं निकल रहा था। सदन धुएं से भर गया। युवक सीधे स्पीकर की तरफ जा रहे थे। तानाशाही नहीं चलेगी का नारा लगा रहे थे। उस वक्त स्पीकर की कुर्सी पर राजेंद्र अग्रवाल बैठे थे।'

**BRIEF NEWS**

### नरेंद्र सिंह होरा के हत्यारों को आजीवन कारावास

**RANCHI :** बहुचर्चित चावल कारोबारी नरेंद्र सिंह होरा हत्याकांड में अदालत ने चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट में जिन दोषियों आजीवन कारावास की सजा सुनाई है उनमें सदाम उर्फ बबन खान,मोहमद फैजल खान, सहबीब अंसारी और छोटू हुसैन शामिल है। कोर्ट में आरोपियों को सजा के अलावा 10- 30 हजार रुपए जुमार्ना लगाया है। वही दोषी बिरसा कच्छप को आर्म्स एक्ट में 2 साल की सजा सुनाई है। एक दोषी रासिद अंसारी अब तक फरार है। अपर न्यायुक्त दिनेश राय की अदालत ने यह सुनाया है।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 15 दिसंबर को

**RANCHI :** मंत्रिपरिषद की बैठक 15 दिसंबर को बुलाई गई है। बैठक झारखंड विधानसभा सत्र के तुरंत बाद शाम चार बजे आहूत होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होनेवाली बैठक में कई विधेयकों को स्वीकृति दी जाएगी। इन्हें विधानसभा पटल पर रखा जाएगा। बैठक में द्वितीय अनुपूरक बजट के अलावा झारखंड में 1932 आधारित खतियान को फिर से लागू करने की स्वीकृति दी जाएगी और उसे भी विधानसभा से पारित करने के लिए सदन में रखा जाएगा। झारखंड के राज्यपाल ने भी इसे अपने सुझाव के साथ विधानसभा को लौटा दिया है। सरकार इस पर विचार करते हुए फिर से खतियान आधारित नियोजन नीति को परिभाषित करने पर विचार कर रही है।

# जियो सर्विलांस सिस्टम के साथ फिर से जांच करने धीरज साहू के घर पहुंची आईटी टीम
## सांसद के ठिकानों की खुदाई की तैयारी, जमीन में खजाना छिपे होने का शक

**CRIME REPORTER RANCHI :** जियो सर्विलांस मशीनों के साथ एक बार फिर से आयकर विभाग (आईटी) को सांसद धीरज साहू के रेडियम रोड स्थित आवास पर पहुंची है। बुधवार को करीब 15 से अधिक वाहनों से पहुंची आईटी की टीम कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर जांच कर रही है। इससे पहले आईटी की टीम ने मंगलवार की रात भी जियो सर्विलांस सिस्टम से धीरज साहू के घर की जांच की थी। आईटी की टीम जिओ सर्विलांस सिस्टम मशीन के माध्यम से मिट्टी के अंदर भी छुपा कर रखे गए जेवरात सहित अन्य सामानों को खोजने में जुटी हुई है।



सांसद के रांची स्थित रेडियम रोड स्थित आवास पहुंची आईटी टीम।

### नौ ठिकानों से मिले 354 करोड़ रुपये

ओडिशा में 6 दिसंबर से जारी आयकर विभाग की रेड 11 दिसंबर को खत्म हो गई। यहां 9 ठिकानों से 354 करोड़ रुपए बरामद हुए हैं। हालांकि यह आधिकारिक आंकड़ा नहीं है। अब केवल झारखंड के रांची और लोहरदगा आवास पर जांच जारी है। धीरज साहू के ओडिशा के ठिकाने से कैश, जेवर के अलावा जमीन, होटल, हॉस्पिटल और व्यापार में निवेश के कागजात मिले हैं। इनका असेसमेंट किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि करोड़ों के इस निवेश की जांच अब ईडी कर सकती है।

### धनबाद : शराब फैक्ट्री में आयकर की धमक

**DHANBAD :** जिले के निरसा तेतुलिया स्थित अंकुर बायोकेम शराब कारखाने में धनबाद और पश्चिम बंगाल के इनकम टैक्स की टीम ने बुधवार को संयुक्त रूप से दबिश दी। जानकारी के अनुसकर आईटी की टीम वहां कागजातों को खंगाल रही है। पश्चिम बंगाल के कोलकता, आसनशोल और धनबाद की आयकर टीमों ने एक साथ दबिश दी है। निरसा के तेतूलिया स्थित शराब बनाने वाली कंपनी अंकुर बायोकेम में दस्तक दी। धनबाद और कोलकता के आयकर की विशेष टीम ने यहां एक साथ जांच शुरू किया है।

**सरकार आपके द्वार : मुख्यमंत्री बोले- गांव मजबूत होगा तो राज्य मजबूत बनेगा**
# हम हमेशा चुनौतियों के साथ आगे बढ़े : हेमंत

**PHOTON NEWS JAMTARA :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को जामताड़ा के नाला प्रखंड के नूतनडीह में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में कहा कि गांव-गांव, पंचायत-पंचायत में शिविर लग रहा है और इन शिविरों में पदाधिकारी मौजूद रहकर जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को मजबूत करना है तो गांव को मजबूत करना होगा। इस निमित्त ग्रामीण परिवेश के अनुरूप योजनाएं बननी शुरू हुई हैं। यह राज्य हमेशा चुनौतियों के साथ आगे बढ़ता रहा है। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान हर किसी की जरूरत है। राज्य सरकार ने राशन कार्डधारियों को अब अनाज के साथ एक किलो दाल भी देने का निर्णय लिया है।



सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हेमंत।

- सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जामताड़ा पहुंचे सीएम
- बोले- राशन कार्डधारियों को अब अनाज के साथ एक किलो दाल भी देंगे
- रोटी, कपड़ा और मकान हर किसी की जरूरत

### गरीब को 10 रुपये में दे रहे धोती-साड़ी-लुंगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने आठ लाख परिवारों को आवास का लाभ देने के लिए अबुआ आवास योजना शुरू की है ताकि जरूरतमंद परिवारों को आवास उपलब्ध हो सके। अबुआ आवास योजना का लाभ लेने के लिए जरूरतमंद लोग अवश्य शिविर में आवेदन दें। इसके तहत तीन कमरों का आवास राज्य सरकार देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर गरीब को 10 रुपये में धोती, साड़ी और लुंगी वर्ष में दो बार उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार हर समस्या के समाधान के लिए तत्परता के साथ कार्य कर रही है। राज्य अलग होने के बाद 20 वर्ष में मात्र 15 लाख लोगों को पेंशन मिलता था। विगत चार वर्ष में हम लोगों ने 36 लाख 30 हजार लोगों को पेंशन का लाभ देने का काम किया है। विगत चार वर्ष में हमारी सरकार ने 20 लाख से अधिक किसानों को केसीसी कार्ड से आच्छादित करने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम इस राज्य को मजबूत बनाने में लगे हैं ताकि आने वाले कुछ वर्षों के बाद झारखंड इतनी ताकत पैदा कर ले कि वह हर चुनौतियों का सामना कर पाये और पिछड़ापन का कलंक मिटाने में सक्षम हो पाये।

**प्रधानमंत्री की उपस्थिति में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ**
# डॉ. मोहन यादव बने मध्य प्रदेश के 19वें मुख्यमंत्री

**AGENCY BHOPAL :** डॉ. मोहन यादव मध्य प्रदेश के 19वें मुख्यमंत्री बन गए हैं। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राजधानी भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित समारोह में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही राज्यपाल पटेल ने जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन के साथ आरंभ हुए शपथ ग्रहण समारोह का संचालन मुख्य सचिव वीरा राणा ने किया। समारोह में देश के प्रमुख साधु-संत भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का समापन पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन के साथ हुआ।



एमपी में शपथ ग्रहण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, डॉ मोहन यादव व अन्य।



छत्तीसगढ़ में शपथ ग्रहण के बाद पीएम से हाथ मिले नए सीएम विष्णुदेव साय।

### उधर, विष्णुदेव साय ने ली छत्तीसगढ़ सीएम पद की शपथ

**RAIPUR :** छत्तीसगढ़ में प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में विष्णुदेव साय ने बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। इसी के साथ विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के चौथे मुख्यमंत्री बन गए हैं। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री के रूप में अरूण साव एवं विजय शर्मा को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास अठावले, राज्यसभा सांसद जेपी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा विशेष रूप से मौजूद थे।

### विकास के नए प्रतिमान गढ़ेगी : प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से कहा कि मुझे विश्वास है कि आपके नेतृत्व में राज्य में डबल इंजन सरकार दोगुने जोश के साथ काम कर विकास के नए प्रतिमान गढ़ेगी। मैं यह भरोसा देता हूं कि भाजपा सरकार आपके जीवन को आसान बनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी।

### फ्रीडम ऑफ स्पीच की सीमा तय : बॉम्बे HC

**MUMBAI :** बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक सुनवाई के दौरान फ्रीडम ऑफ स्पीच पर कमेंट करते हुए कहा- इसकी एक सीमा होती है। अगर कहीं कोई भड़काऊ बात सामने आती है तो उसे तुरंत खत्म करना चाहिए। हम आगे के परिणामों पर इंतजार नहीं कर सकते। जस्टिस मिलिंद जाधव की सिंगल बेंच ने मंगलवार को ऑटो पाट्र्स निमार्ता कंपनी हिताची एस्टेमो के एक कर्मचारी को नौकरी से बर्खास्त करने के आदेश को बरकरार रखते हुए यह टिप्पणी की। हिताची एस्टेमो के एक कर्मचारी ने कंपनी के खिलाफ फेसबुक पर दो पोस्ट किए थे। जिसके बाद कर्मचारी को नौकरी से हटा दिया गया था। जिसके बाद व्यक्ति लेबर कोर्ट चला गया जहां श्रम न्यायालय ने कर्मचारी की बर्खास्तगी के आदेश को पलट दिया। बाद में कंपनी ने लेबर कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाईकोर्ट में इस पूरे मामले पर सुनवाई हुई और कोर्ट ने कर्मचारी को दोषी पाया।

# लोयाबाद थाना का एएसआई ₹10 हजार घूस लेते गिरफ्तार
## केस डायरी मैनेज करने के नाम पर मांग रहा था पैसे

**CRIME REPORTER DHANBAD :** धानबाद जिला में लोयाबाद थाना के एएसआई मनोज मिश्रा घूस लेते पकड़े गए। एसीबी की टीम ने उन्हें 10 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा है। धनबाद एसीबी की टीम ने एएसआई मनोज मिश्रा को एकड़ा पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद एसीबी टीम रिश्वतखोर एएसआई को एसीबी कार्यालय ले गई। जानकारी के मुताबिक, एक मारपीट मामले के केस डायरी मैनेज करने के नाम पर एएसआई ने शिकायतकर्ता से 30 हजार रुपये की मांग की थी। जिसकी शिकायत शकील एसीबी से की थी। बुधवार को कार्रवाई करते हुए टीम ने एएसआई को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है।



### क्या है पूरा मामला

लोयाबाद थाना क्षेत्र के के पांच नंबर में रहने वाले मोहम्मद शकील की पड़ोसियों के साथ मारपीट हुई थी। यह मामला महीने पहले का है। इसी मामले के केस डायरी को मैनेज करने के नाम पर एएसआई ने रिश्वत मांगी थी। मोहम्मद शकील ने इसकी शिकायत एसीबी की टीम से किया था, इसी आधार पर एसीबी की टीम ने 13 दिसंबर की सुबह करीब 11बजे कार्रवाई की। दरअसल, शिकायतकर्ता ने पैसा देने के लिए एएसआई को एकड़ा पुल पर बुलाया था। इससे पहले एसीबी के टीम वहां पहुंची हुई थी।

## तिलमा पंचायत में योजना आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

# आमजनों की समस्याओं का समाधान करना अधिकारियों की प्राथमिकता : पर्यटन सचिव

**PHOTON NEWS KHUNTI :** खूंटी प्रखंड की तिलमा पंचायत में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का निरीक्षण सचिव पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मनोज कुमार ने किया।

मौके पर उपायुक्त लोकेश मिश्रा, उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। आयोजित कार्यक्रम के दौरान सचिव ने ग्रामीणों से मिलकर उन्हें सरकार द्वारा चलाई



ग्रामीणों के बीच परिसंपतियों का वितरण करते पर्यटन सचिव व डीसी। ● फोटोन न्यूज

जा रही कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि जो भी योग्य लाभुक अब तक सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाये हैं, वे शिविर में आकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। सचिव ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण करते हुए प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली और उनके त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि आमजनों की सम्स्याओं का समाधान अधिकारियों की प्राथमिकता है।

उन्होंने निर्देशित किया कि सभी प्राप्त आवेदनों का ससमय निष्पादन किया जाय। साथ ही आवेदकों को आवेदन की प्रक्रियाओं के संबंध में फॉलो अप भी दिया जाय। उन्होंनी पेंशन योजना के लाभुकों का ऑन द स्पॉट स्वीकृति देने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को लेकर आमजनों के बीच फलदार पौधे का वितरण किया गया, ताकि पर्यावरण संरक्षण के प्रति हम सभी सजग बनते हुए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं।

कार्यक्रम के दौरान अबुआ आवास योजना, कल्याण विभाग, बिरसा सिंचाई कूप, साइकिल वितरण योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, आपूर्ति, पंचायती राज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन,कृषि सहकारिता पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, राजस्व, ऊर्जा, स्वास्थ्य, जेएसएलपीएस विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आमजनों को योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना व गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के आवेदन प्राप्त किये गये।

# 14 से शुरू होगा सेंट्रल रीजन चार्टर्ड एकाउंटेंट्स क्रिकेट का खिताबी जंग

**PHOTON NEWS RANCHI :** चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की रांची शाखा द्वारा कोल इंडिया सेंट्रल इंडिया रीजनल कोसिल क्रिकेट टूर्नामेंट 14 दिसंबर से रांची में आयोजित किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए 7 राज्यों से 16 टीम रांची आ चुकी है। इन टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप में लखनऊ, इंदौर, आगरा, जमशेदपुर, ग्रुप में उदयपुर, रांची, कानपूर, पटना ग्रुप में किशनगढ़, जयपुर, मेरठ, रायपुर तथा ग्रुप में भोपाल, अलवर, गाज़ियाबाद, तथा बरेली की टीमें है। 14 दिसंबर को कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सी सी एल के चीफ फाइनेंसियल अफसर सी ए सुनील




मीडिया को जानकारी देते आयोजन समिति के लोग। ● फोटोन न्यूज

मेहता एवं डायरेक्टर पर्मोनल श्री विनय रजन जी उपस्थित होंगे। 15 दिसंबर को ट्रॉफी अनावरण मुख्य अतिथि झारखण्ड के पर्यटन मंत्री श्री हाफिजूल हसन अंसारी जी के द्वारा किया जायेगा। समापन समारोह में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के डी जी एम श्री देवेश मित्तल जी उपस्थित रहेंगे जो की 17 दिसंबर को टोरियन स्कूल के मैदान में होगा।

कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक कोल इंडिया, है तथा सहायक प्रायोजकों में झारखण्ड टूरिज्म, रेडिशन ब्लू, तिम्का स्पोर्टज, वाओ डिटेलिंग, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, औरोरविस्ता टेक्नोलॉजीज, अग्रवाल स्टुडिओज, मोंगिया स्टील्स, हेल्थ पॉइंट, नास्ता, मारिनो, झारक्राफ्ट, वोर्क्सिस्ट एवं प्रिंट इंडिया है।

## BRIEF NEWS

### रेल पटरी पर महिला का हाथ बंधा शव बरामद शिनाख्त में जुटी पुलिस

**DUMKA :** जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के लौड़ीपहाड़ी गांव के नजदीक रेल पटरी पर बुधवार को एक अज्ञात महिला (35) का शव बरामद हुआ। महिला के दोनों हाथ बंधे हुए हैं। शव के टुकड़े-टुकड़े हो गए हैं। मामला दुमका - रामपुरहाट रेलखंड का है। ग्रामीणों ने जब महिला के शव को देखा तो उन्होंने शिकारीपाड़ा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंचकर शव की शिनाख्त में जुटी है।

### दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे ग्रामीण डाक सेवक डाकघरों में पसरा सन्नाटा

**PALAMU :** अपनी नौ सूत्री लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे ग्रामीण डाक सेवक बुधवार दूसने दिन भी आंदोलन करते नजर आए। इस कारण ग्रामीण क्षेत्र के डाकघरों में जहां ताले लटके पाये गए, वहीं आस पास सन्नाटा पसरा रहा। डाकघर के कार्य से आए लोग निराश होकर लौटे। रुपए के लेनदेन, चिट्ठी, आधार कार्ड, वोटर पहचान पत्र, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक समेत अन्य डाक कार्य प्रभावित हो गए हैं। अध्यक्षता गजेन्द्र नाथ दुबे ने की, जबकि संचालन विनोद कुमार पांडे ने किया।

### पलामू में आए 9587 आवेदन ऑन स्पॉट 5390 का निष्पादन

**PALAMU :** जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीण के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी शिविर लगाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जिले की 13 पंचायतों व मेदिनीनगर नगर निगम दो वार्डों में शिविर लगाया गया। इन शिविरों में कुल 9034 आवेदन आये। सबसे अधिक अबुआ आवास योजना के तहत 5259 आवेदन आये, 350 से अधिक लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। 209 लाभुकों के बीच धोती-साड़ी लूंगी का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 526 आवेदन प्राप्त किये गये, 156 बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया गया, वहीं सर्वजन पेंशन के तहत 320 आवेदन प्राप्त किए गए।

# रांची एयरपोर्ट से 46 लोगों का जत्था उमराह के लिए रवाना




उमराह के लिए जाते लोग। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** मदीना टूर एंड ट्रेवल्स ग्रुप गिरिडीह पिछले 13 साल से उमराह करा रही है। आज 46 जायरीन उमराह के लिए रांची से जद्दा फ्लाइट से रवाना हुए। मौके पर बोलते हुए मदीना टूर एंड ट्रेवल्स ग्रुप के मौलाना इलियास मजाहिरी ने कहा कि 46 लोगों का जत्था रांची से जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी जायरीन चतरा, हजारीबाग, गिरिडीह और कोडरमा के हैं। मक्का में 600 मीटर की दूरी पर और मदीना में 700 मीटर की दूरी पर ठहराया जाएगा। और सभी जायरीन को मक्का और मदीना की सभी जगह की जियारत कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सभी जायरीन को बस की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी।भारतीय भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। मदीना टूर एंड ट्रेवल्स ग्रुप का रांची की जिम्मेदारी आदिल रशीद पत्रकार को एक नई जिम्मेदारी दी गई है। इस मौके पर बोलते हुए मौलाना मोहम्मद जौहर मजाहिरी ने कहा कि 6 जनवरी को रांची से फ्लाइट के द्वारा 90 जायरीन का जत्था जाएगा। इस जत्थे में झारखंड के बड़े-बड़े उलेमा उमराह पर जा रहे हैं। 65 हजार में दिल्ली टू दिल्ली और 72 हजार में रांची टू रांची है। आज के जत्थे को फखरे झारखंड शैखुल हदीस हजरत मुफ्ती नजरे तौहीद चतरा की दुआ के बाद रवाना हुआ। इस मौके पर फातिमा गर्ल्स अकेडमी इटकी के निदेशक मौलाना नसीम अनवर नदवी, फातिमा गर्ल्स अकेडमी के प्रिंसिपल तबस्सुम फातिमा, जामिया राशिदुल उलूम चतरा के शैखूल हदीस मुफ्ती शोएब कासमी, आदि उपस्थित थे।

## मुस्लिम लॉ में उत्तराधिकारी व पारिवारिक विवाह पर सेमिनार संपन्न

# आई सैल्यीयुट इस्लामिक लॉ : न्यायाधीश डॉ एसएन पाठक

- सेमिनार की अध्यक्षता आलम हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर मजीद आलम ने की
- झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉक्टर एसएन पाठक थे मुख्य अतिथि

**PHOTON NEWS RANCHI :** आई सैल्यीयुट इस्लामिक लॉ। मुस्लिम लॉ 1937 में बना। लेकिन एक-एक चीज का इस लॉ में ख्याल रखा गया है। कुरान ने कहा अपना मसला बैठकर सुलझाओ। कोर्ट ने कहा पहले अपना मामला मध्यछता से सुलझाओं। कोई भी धर्म गलत करने नहीं सिखाता। ये बातें झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश डॉक्टर एसएन पाठक ने कहीं। वे गुरुवार को गोस्सनर कॉलेज थियोलॉजिकल हॉल में आयोजित ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के एक सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज हम जिस समाज जिस देश में हैं वहा रह रहे एक दूसरे के बारे में जानने की। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड 40




सेमिनार में उपस्थित समुदाय के लोग। ● फोटोन न्यूज

### लॉ की जानकारी साझा करना सेमिनार का उदेश्य : मुमताज अहमद

वहीं अधिवक्ता मुमताज अहमद खान ने अपने संबोधन में कहा कि इस सेमिनार का उद्देशय है मुस्लिम लॉ के बारे जानकारी साझा करना। मुस्लिम लॉ में महिलाओं का ज्यादा हक दिया है और मां के पैरो के नीचे जन्नत कहा है।

वर्ष से ज्यादा काम कर रही है। बोर्ड मुस्लिम समाज को यूनाइटेड करता है। शरीयत ने विरासत यानी बटवारा के बारे में छोटी छोटी जानकारी दी। अल्लाह के नजदीक सबसे ना पसंद अमल है तलाक। तलाक से बचने को कुरान व हदीस ने कहा। शरीयत ने महिलाओं को खर्च करने की जिम्मेदारी नहीं दी। सिर्फ मर्दों को यह जिम्मेदारी दी। इस के बारे में जानने की जरूरत है।

बता दें कि गुरुवार को ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के तत्वाधान में गोस्सनर कॉलेज थियोलॉजिकल हॉल में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता आलम हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर मजीद आलम ने की। कार्यक्रम का संचालन मौलाना रिजवान दानिश ने किया। सेमिनार का विषय है मुस्लिम लॉ में उत्तराधिकारी व परिवारिक विवाह। इस सेमिनार के मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉक्टर एसएन पाठक थे। विशिष्ट अतिथि मुफ्ती उमर आबिदीन, अधिवक्ता ए अल्लाम, मुफ्ती नजरे तौहीद, बिपिन कुमार पानी थे। कार्यक्रम में आए अतिथियों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। रियाज शरीफ ने स्वागत संबोधन दिया। वहीं लखनऊ से आए हजरत मौलाना उमर आबिदीन ने शरियत लॉ की पूरी जानकारी दी।

**ये थे उपस्थित :** इस मौके पर अधिवक्ता अजहर खान, अधिवक्ता हाफीजुद्दीन अंसारी, अधिवक्ता मजहरूल हक, अधिवक्ता अब्दुल रऊफ अंसारी, अधिवक्ता गुफरान खान, अधिवक्ता हिमायू रशीद, अधिवक्ता सलीम इब्राहिम खान, अधिवक्ता नसर इमाम, अधिवक्ता सुल्तान खान, अधिवक्ता शीश आलम, अधिवक्ता अजहर खान, अधिवक्ता हैदर अली, अधिवक्ता विजल रहमान, अधिवक्ता मोहम्मद तबरेज, अधिवक्ता महफूज आलम, अधिवक्ता परवेज आलम, अधिवक्ता रजाउल्लाह, कर्नल खालिद खान, मुंशी राम, मुदब्बिर हुसैन, मुख्तार खान, हैदर इमाम, सरफराज खान, हाजी मुख्तार, पीके भट्टा चार्य, बेलाल अहमद खान, समेत कई लोग थे।

### हर मजहब हर समाज में पर्सनल लॉ : मुफ्ती नजरे तौहीद

वहीं मुफ्ती नजरे तौहीद ने अपने संबोधन में कहा कि हर मजहब हर समाज में पर्सनल लॉ है। 1937 में अंग्रेजो ने मुस्लिम लॉ बनाया। महिला से ज्यादा मर्दों की जिम्मेदारी खर्च की है। अगर वो पिता है तो बेटा बेटी की जिम्मेदारी, पति है तो पत्नी की जिम्मेदारी, भाई है तो बहन की जिम्मेदारी, दादा है तो पोता पोती की जिम्मेदारी होती है। वहीं महिलाओं को खर्च की जिम्मेदारी नहीं है। अगर मुसलमान कुरान हदीस पर अमल करे तो कोई दिक्कत नही होगी। वहीं बिपिन कुमार पानी ने अपने संबोधन में कहा कि कोई भी लॉ जोड़ने के लिए होता है तोड़ने के लिए नही। तलाक शब्द परिवार को तोड़ता है, जोड़ता नहीं।

### मुस्लिम लॉ बहुत इंट्रेस्टिंग है : डॉक्टर संगीता लाहा

वहीं डॉक्टर संगीता लाहा ने कहा की मुस्लिम लॉ बहुत इंट्रेस्टिंग है। इस लॉ में सभी का ख्याल रखा गया है। वहीं एके रशीदी ने अपने संबोधन में कहा कि मुस्लिम लॉ के बारे में ज्यादा जानकारी एक दूसरे को बताना है। आज जरूरत है अपना मामला बैठकर हल करने का। वहीं अधिवक्ता ए अल्लाम ने अपने संबोधन में मुस्लिम लॉ के बारे में जानकारी दी। वहीं मुफ्ती इम्तियाज ने मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी का पैगाम पढ़ा। धन्यवाद ज्ञापन अधिवक्ता हामिद रजा खान ने की।

# सरना धर्म कॉलम और मुंडारी भाषा को सवैधानिक मान्यता देने की मांग

**PHOTON NEWS KHUNTI :** सरना धर्म कॉलम और मुंडारी भाषा को संवैधानिक मान्यता देने की मांग को लेकर सुमित गुड़िया के नेतृत्व में नौ राज्यों के आदवासी युवाओं ने बुधवार को केंद्रीय जनजातीय और कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा से कृषी भवन में मिलकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड ,उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, जम्मू कश्मीर, कर्नाटक, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, बिहार और नगालैंड के आदिवासी युवा शामिल थे।

प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि भारत के जनगणना प्रपत्र में प्राकृतिक पूजक आदिवासियों के लिए अलग से सरना धर्म कॉलम अनुच्छेद 25 के तहत धार्मिक एवं मुंडारी भाषा को



बैठक में शामिल लोग। ● फोटोन न्यूज

संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल कर संवैधानिक मान्यता 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले सरकार प्रदान करे। ज्ञापन में कहा गया कि हम भारत के प्राकृतिक पूजक आदिवासियो ने सदियों से अपनी भाषा, संस्कृति, परंपराओं को मानते आ रहे हैं, जो प्रकृति पर आधारित है।

आदिवासी जल, जंगल, जमीन, पहाड़-पर्वत जीव-जंतु की पूजा करते हैं। कहा गया कि आजादी के पूर्व ब्रिटिश इंडिया में भी अंग्रेजों ने आदिवासियों के लिए अलग से जनगणना प्रपत्र में धार्मिक पहचान की व्यवस्था की थी, लेकिन आजाद भारत की प्रथम जनगणना में आदिवासियों की धार्मिक पहचान जनगणना प्रपत्र से सड़यंत्र के तहत 1961 में इसे हटा दिया गया।

# स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस रद्द होने के 10 दिन बाद रीस्टोर, 14 दिसंबर से पुनः परिचालन

**PHOTON NEWS PALAMU :** सात वर्ष बाद भारतीय रेलवे ने अपने निर्णय को बदला है। पिछले छह सात वर्ष से शरद ऋतु में कोहरा छाए रहने का हवाला देकर झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को रद्द कर दिया जा रहा था, लेकिन इस वर्ष पुरानी परिपाटी के अनुसार झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को रद्द करने के 10 दिन बाद अपने निर्णय में संशोधन करते हुए रेल मंत्रालय ने झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को पुनः परिचालन का निर्णय लिया है।

हटिया से भाया डालटनगंज होकर नयी दिल्ली तक सफर के लिए गुने चुने ट्रेन ही हैं। मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस से सफर करना आसान होता




है। किराया जहां कम लगता है, वहीं बर्थ मिलने की संभावना बनी रहती है। बावजूद रेलवे हर वर्ष कोहरे का हवाला देकर झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को रद्द कर देता था। लेकिन मामले में पलामू के सांसद वीडी राम सहित अन्य के मुखर होने से रेलवे को अपने निर्णय में बदलाव लाना पड़ा।

दिल्ली जाने और वहां से डालटनगंज सहित झारखंड पहुंचने वाले यात्रियों के लिए गुड न्यूज है। हटिया से आनंद विहार (नयी दिल्ली) तक चलने वाली 12873-12874 झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को रिस्टोर करने का निर्णय लिया गया है। कुहासे के कारण रेल बोर्ड की ओर से अप में चार दिसंबर से एवं डाउन में पांच दिसम्बर से इस ट्रेन को कैंसिल कर दिया गया था। अप में 29 फरवरी 2024 तक एवं डाउन में एक मार्च 2024 तक ट्रेन को कैंसिल किया गया था।

इस बीच 13 दिसंबर को साउथ ईस्टर्न रेलवे की ओर से जारी किए गए पत्र के अनुसार अप में 14 दिसंबर से, जबकि डाउन में 15 दिसंबर से झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को रिस्टोर करते हुए चलाने का निर्णय लिया है। यहां यह भी बता दें कि पिछले लंबे समय से शरद ऋतु में फॉग (कोहरे) के कारण रेलवे इस ट्रेन को रद्द करते आया है। रद्द करने के बाद अचानक से पुनः परिचालन का निर्णय, जहां यात्रियों को चौक कर रख दिया है वहीं हर्ष का माहौल भी बना दिया है।

## बड़े-बड़े अधिकारी से लेकर व्यवसायी तक मडुवा, बाजरा, जौ, ज्वार आदि का करने लगे उपयोग

# मांग बढ़ने से मोटे अनाज की कीमतों में इजाफा, किसान गदगद

**PHOTON NEWS KHUNTI :** एक समय था जब मडुवा, ज्वार बाजरा जैसे अनाज को गरीबों का भोजन कहा जाता था। एक तो यह पूरे झारखंड खासकर दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र में आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं और इसकी फसल भी खूब होती है। साथ ही इसकी कीमत भी गेहूं जैसे अनाज से काफी कम होती थी, लेकिन जब से मोट अनाज की फायदे के बारे में लोगों को जानकारी मिली, मोटे अनाज की मांग काफी बढ़ गई है और इसकी कीमत में काफी उछाल आया है।

स्थिति ऐसी हो गई है कि गरीब तो क्या बड़े-बड़े अधिकारी से लेकर व्यवसायी तक मडुवा, बाजरा, जौ, ज्वार आदि का उपयोग करने लगे हैं। यही कारण है कि आज बाजार में गेहूं के आटे की कीमत से अधिक मूल्य मडुवा के आटे का है।

तोरपा के प्रसिद्ध व्यवसायी कहते हैं कि पिछले 50-60 वर्षों से वह अनाज का कारोबार करते आ रहे हैं, लेकिन मडुवा, बाजरा जैसे मोटे अनाज की कीमत में इतना वृद्धि कभी नहीं देखी। उन्होंने कहा कि जब से 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया गया है, तब से



### अन्तर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष में आठ मोटे अनाज शामिल

कृषि विज्ञान केंद्र खूंटी के मौसम कृषि वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष में आठ मोटे अनाज को शामिल किया गया है। इनमें मडुवा (कोदो) बाजरा, कुटकी, संवा, ज्वार, कंगनी, चना और छोटा रागी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 72 देशों के समर्थन के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ ने साल 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष घोषित किया है।

मडुवा जैसे मोटे अनाज की मांग की काफी बढ़ गई है। गरीबों का निवाला कहे जाने वाले मडुवा की रोटी तो अफसरों की थाली का अंग बन चुकी है। सतीश चौधरी ने कहा कि वर्तमान में गेहूं के आटे की कीमत लगभग 40 रुपये प्रति किलो है, वहीं मडुवा आटा की कीमत 50 से 60 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। बाजार मड़वा की कीमत बढ़ने से किसान भी काफी खुश हैं।

कर्रा प्रखंड के बिकुवादाग गांव के प्रगतिशील किसान और पूर्व जमींदार परिवार से ताल्लुक रखने दिलीप शर्मा कहते हैं कि पहले सिर्फ गरीब लोग ही मडुवा या ज्वार बाजरा की रोटी का उपयोग करते थे। मांग कम होनेके कारण किसानों कों उनकी उपज का सही प्रतिफल नहीं मिल पाता था, लेकिन अब मोटे अनाज का उपयोग सभी घरों में होने लगा है। इसके कारण बाजार में इसकी मांग काफी बढ़ गई है। दिलीप शर्मा कहते हैं कि अब तो झारखंड सरकार ने मडुव जैसे अनाज को विद्यालयों में दिये जाने वाले मध्याह्न भोजन में भी शामिल कर लिया है। स्कूलों में बच्चों को मडुवा से बना हलुआ भी दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि झारखंड खासकर खूंटी, गुमला, लोहरदग, सिमडेगा, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां जैसे जिलों में मडुवा की काफी उपज होती है। डॉ चौधरी ने कहा कि मडुवा की खेती में न अधिक मेहनत लगती है और न ही अधिक लागत आती है। यही कारण है कि इस क्षेत्र के गरीब और सीमांत किसान इसकी भरपूर खेती करते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार भी मोटे अनाज की खेती के लिए किसनों को बढ़ावा दे रही है।

डॉ चौधरी ने बताया कि सभी आठ प्रकार के पोषक अनाज को लोगों की थाली तक पहुंचाना चुनौतीपूर्ण काम है। इस चुनौती को आसान बनाने के लिए मिलेट के पोसेस्ड फूड या प्रसंस्कृगत खाद्य उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है। ये फूड प्रोडक्ट आठ मोटे अनाज से बनाये जायेंगे।

डॉ चौधरी ने कहा कि मडुवा, ज्वार, बाजरा आदि मोटे अनाज को किसी भी भी मिट्टी में उगाया जा सकता है। कम वर्ष वाले क्षेत्रों के लिए तो ये अनाज किसी वरदान से कम नहीं हैं। उन्होंने बताया कि मोटे अनाज के दानों को अलग करने के बाद मवेशियों के चारे के रूप में इसका उपयोग किसान करते हैं। डॉ राजन चौधरी ने कहा कि मोटे अनाज प्रोटीन, फाइबर, अमीनो एसिड, कैल्शियम, आयरन समेत कई न्यूट्रिएंट्स से भरपूर होते है। अब तो इन मोटे अनाज से ब्रेड, कुकीज, दलिया आदि भी बनाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज का उपयोग डायबिटीज, ब्लड प्रेशर आदि में काफी लाभदायक होता है।

# सुब्रमण्यम भारती के जन्मदिन पर भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन



अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते स्कूल के अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS HAZARIBAGH :** ओएसिस स्कूल में बुधवार को भारतीय भाषा उत्सव मनाया गया। ओएसिस स्कूल में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा निर्देश के आलोक में महाकवि सुब्रमण्यम भारती के जन्म दिवस को भारतीय भाषा उत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल सभागार में हिंदी, उर्दू, खोरठा, नागपुरी और बांग्ला भाषा पर सेमिनार आयोजित किये गये। भाषा उत्सव में स्कूल के छात्र छात्राओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया। हिंदी, उर्दू, बांग्ला, खोरठा और नागपुरी भाषाओं में गायन वादन के साथ आकर्षक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गयी। विद्यार्थियों ने अलग-अलग समूह में शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मनमोह लिया।

मौके पर हजारीबाग सीबीएसई के सिटी को-ऑर्डिनेटर सह स्कूल के प्राचार्य डॉ एहसान उल हक ने कहा कि भारतवर्ष प्राचीन काल से ही विश्व सभ्यता को कला, संगीत, उच्च विचार, एकता और खुशहाली से सिंचित करता आ रहा है। हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों की क्षेत्रीय भाषा हमारी विशेष पहचान है। अतः हम सभी का परम कर्तव्य है कि हम अपने क्षेत्रीय भाषाओं पर गर्व करें और इसके प्रति जागरूकता फैलायें। वहीं स्कूल के अध्यक्ष शब्बीर अहमद ने कहा कि ओएसिस स्कूल हमेशा ही सीबीएसई के दिशा निर्देशों को पूरी तरह पालन करता रहा है। इससे ओएसिस परिवार राष्ट्र की समृद्धि में सहभागी बना रहता है।

Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Thursday, 14 December 2023

# पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता राजा पीटर को मिली जमानत

## साढ़े छह साल बाद जेल से निकलेंगे, कस्टडी पीरियड देखते हुए हाईकोर्ट ने दी जमानत


हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता गोपाल सिंह पातर उर्फ राजा पीटर।

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** पूर्व मंत्री सह तमाड़ के तत्कालीन विधायक रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड मामले में मुख्य साजिशकर्ता गोपाल सिंह पातर उर्फ राजा पीटर को हाईकोर्ट से जमानत मिली है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राजा पीटर के कस्टडी पीरियड एवं ट्रायल में गवाहों की अधिकता को देखते हुए कुछ शर्तों के साथ जमानत प्रदान की। इससे पहले झारखंड हाई कोर्ट से दो बार राजा पीटर की जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। वहीं सुप्रीम कोर्ट से भी उनकी जमानत याचिका मेरिट के आधार पर खारिज हो चुकी थी। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राजा पीटर साढे 6.5 साल से जेल में हैं एवं इस मामले में गवाहों की संख्या भी काफी अधिक है, ऐसे में उन्हें जमानत प्रदान की जाए। दरअसल इस मामले में राजा पीटर को मुख्य साजिशकर्ता मानते हुए एनआईए ने उन्हें 9 अक्टूबर 2017 को गिरफ्तार किया था, तब से वह जेल में है। इस मामले में एनआईए की ने करीब 5 प्रोटेक्टेड गवाह की गवाही भी कराई है। एनआईए ने 28 जून 2017 को मामले को टेकओवर किया है। ज्ञात हो कि 9 जुलाई 2008 को बुंडू के एसएस हाई स्कूल में एक समारोह के दौरान रमेश सिंह मुंडा सहित चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। रांची पुलिस के अलावा सीआईडी भी इस हत्याकांड की जांच कर चुकी है लेकिन ये हत्यारे तक नहीं पहुंच सके थे। इसके बाद घटना के 9 साल बाद एनआईए ने मामले को टेकओवर किया था। इसी मामले में राजा पीटर के अंगरक्षक शेषनाथ सिंह खरवार को 7 अक्टूबर 2017 को गिरफ्तार किया गया था। इसी मामले में संलिप्त रहे नक्सली कुंदन पहन ने राज्य पुलिस के सामने 27 मई 2017 को आत्मसमर्पण किया था, उक्त मामले में एक दर्जन आरोपी जेल में है।

# सिविल जज जूनियर डिवीजन की परीक्षा में उम्र सीमा पार कर चुके प्रार्थियों की याचिका मंजूर, आयु सीमा में छूट की कोर्ट ने दी अनुमति

**RANCHI :** सिविल जज जूनियर डिवीजन के एग्जाम में निर्धारित 35 वर्ष की उम्र पर कर जाने की वजह से परीक्षा में शामिल नहीं होने वाले अभिषेक कुमार, अवनीश शेखर, दीपक कुमार एवं अन्य को बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने प्रार्थियों की याचिका को स्वीकृत कर लिया। कोर्ट ने प्रार्थियों की उम्र सीमा की छूट( 35 वर्ष से अधिक ) संबंधी याचिका को मंजूरी प्रदान की। इससे इससे पहले कोर्ट ने प्रार्थियों को सिविल जज, जूनियर डिवीजन की परीक्षा फॉर्म भरने की अनुमति दी थी, लेकिन मामले में अंतिम आदेश पारित नहीं किया था। आज कोर्ट ने मामले में अंतिम आदेश पारित करते हुए प्रार्थियों को 35 वर्ष से अधिक उम्र के प्रार्थियों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति प्रदान की। प्रार्थियों की उम्र सीमा छूट संबंधी याचिका को कोर्ट ने स्वीकृत कर लिया। पूर्व में कोर्ट ने अंतरिम आदेश पारित करते हुए सिविल जज, जूनियर डिवीजन के एग्जाम में प्रार्थियों को 21 सितंबर तक ऑफलाइन फार्म जमा करने का निर्देश दिया था दरअसल, प्रार्थी अभिषेक प्रसाद, दीपक कुमार एवं अन्य की ओर से याचिका दायर कर कहा गया था वह सिविल जज, जूनियर डिवीजन एग्जाम की तैयारी कई वर्षों से कर रहे हैं। लेकिन पिछले 5 साल से सरकार ने कोई एग्जाम नहीं लिया था। इस वजह से उनकी उम्र सीमा निर्धारित 35 वर्ष से ऊपर हो चुकी है। राज्य सरकार ने पिछले 5 साल से यह एग्जाम नहीं लिया इसलिए हमें निर्धारित उच्च उम्र सीमा में छूट देते हुए एग्जाम देने की अनुमति दी जाए। उनका कहना था कि सरकार को हर साल एग्जाम लेना चाहिए था लेकिन पिछले 5 वर्षों से एग्जाम नहीं लिया गया है, जिस उम्र सीमा के कारण हम परीक्षा देने से वंचित हो जाएंगे। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सौरभ अरुण, श्रेष्ठ गौतम, अमित कुमार सिन्हा, राजेश कुमार ने पैरवी की।

# रांची के कांके में तापमान गिरकर 6.9 डिग्री पहुंचा

## आने वाले कुछ दिनों में और गिरेगा पारा, सुबह-शाम समाएगी ठंड, दोपहर में लोगों को धूप से मिलेगी राहत

**PHOTON NEWS RANCHI :** बढ़ती ठंड और हवाओं का असर राज्य में देखा जा रहा है। इस सप्ताह के शुरूआत से तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। जहां पिछले 24 घंटे में राजधानी रांची के कांके का तापमान 6.9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, वहीं हिनू के पास तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राज्य भर की बात करें तो पिछले 24 घंटे में चतरा, लोहरदगा, खूंटी और गुमला का तापमान 8.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, गढ़वा, हजारीबाग, लातेहार, पलामू, रामगढ़ और पश्चिमी सिंहभूम का तापमान 9.5 डिग्री रहा। देवघर, गोड्डा, पाकुड़, साहेबगंज और सिमडेगा का


शहर में जलावन जलाकर आग तापते दिखे लोग।

तापमान 10 डिग्री रहा। साथ ही बोकारो, गिरिडीह का तापमान तापमान 11 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक ठंडा कांके क्षेत्र रहा। वहीं, आनेवाले दिनों में राज्य में तापमान में और गिरावट दर्ज करने की बात कही गयी। विभाग की मानें तो 17 दिसंबर के बाद तापमान में अधिक गिरावट दर्ज की जा सकती है। वहीं, आने वाले तीन दिनों के दौरान तापमान में दो डिग्री तक की गिरावट महसूस की जायेगी। ऐसे में लोगों को अधिक ठंड का एहसास होगा। वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आने वाले कुछ दिनों तक तापमान गिरेगा। वहीं, सुबह और शाम के वक्त कोहरा का असर राज्य में देखा जायेगा। अधिक कोहरा के कारण लोगों को ठंड का एहसास अधिक होगा। जबकि दोपहर के समय धूप के कारण लोगों को राहत मिलेगी। राजधानी रांची की बात करें तो 14 दिसंबर से औसतन न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रहने की संभावना है। लगातार बढ़ती ठंड के कारण मौसम विज्ञान केंद्र ने लोगों को सर्तक रहने की सलाह दी है। इसमें विशेषकर बुजुर्गों और बच्चों को। जहां ठंड के कारण सर्दी खांसी और बुखार हो सकता है। वहीं, सर दर्द और स्ट्रोक जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

# आग तापने के दौरान डेली मार्केट फल मंडी में लगी थी भीषण आग

## करीब 100 फल और सब्जी की दुकानें जली, एफएसएल की टीम ने लिया सैंपल

**PHOTON NEWS RANCHI :** मेन रोड स्थित डेली मार्केट के फल मंडी में मंगलवार की रात भीषण आग लग गई थी। इस घटना में करीब 100 फल और सब्जी की दुकानें जल गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आग तापने के दौरान उठी चिंगारी से पहले एक दुकान में आग लगी। जिसके बाद आग ने एक के बाद एक कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। वहीं दूसरी ओर पुलिस कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में मामले की जांच करी जा रही है। बुधवार को एफएसएल की टीम


जांच करती एफएसएल की टीम।

भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल से सैंपल एकत्र किया। बोरे और टाट से बनी झोपड़ी धू-धूकर जलने लगी। देखते ही देखते आग दूसरी झोपड़ी और तीसरी करते हुए पूरी सब्जी मंडी में फैल गयी। उस लाइन में करीब 100 से अधिक छोटी-छोटी दुकानें थीं। रात साढ़े दस बजे तक पूरी दुकानें जलकर राख हो गयीं। इससे पूरे मार्केट और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गयी।

# चाचा की हत्या करने वाले भतीजे को पुलिस ने दबोचा

**CRIME REPORTER RANCHI :** तुपुदाना की पुलिस ने भैयाराम मिंज की हत्या करने के आरोप में महेश मिंज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी महेश मिंज मृतक भैयाराम मिंज का भतीजा है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता का कहना है कि एक दिसंबर को भैयाराम की हत्या हुई थी। इस मामले में भैयाराम की बेटी के बयान पर सुलेमान तिर्की और अमित तिर्की के खिलाफ केस हुआ था। लेकिन पुलिस ने दोनों से पूछताछ की तो दोनों आरोपियों की संलिप्ता सामने नहीं आई। इसके बाद पुलिस ने महेश मिंज को हिरासत में लिया और उससे पूछताछ की गई तो उसने हत्या करने की बात स्वीकार कर ली।



आरोपी ने पुलिस को बताया कि मृतक आए दिन उसके साथ मारपीट करता था। इसी बात से वह गुस्से में रहता था। घटना के दिन आरोपित ने शराब का सेवन किया और पत्थर से कुचकर भैयाराम की हत्या कर दी। घटना के वक्त भैयाराम ने आरोपी का गर्दन पकड़ लिया था। इस वजह से उसके गर्दन पर खरोच आ गई थी। इसका खुलासा आरोपी ने खुद पुलिस के सामने किया।

# पीएम पोषण योजना : रांची जिला के लिए 41 करोड़ 64 लाख का अनुमोदन

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची डीसी-सह-रांची जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी के अध्यक्ष राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर बुधवार को समाहरणालय में पीएम पोषण योजना के तहत जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष-2024-25 के लिए मध्याह्न भोजन का बजट सह कार्य योजना का प्रस्ताव रखा गया। जिसपर कमेटी द्वारा वित्तीय वर्ष-2024-25 के लिए रांची जिला के लिए लगभग 41 करोड़ 64 लाख 86 हजार रुपये का अनुमोदन किया गया। मिली जानकारी के अनुसार जिला के विद्यालयों में नवंबर 2023 माह में छात्रों की उपस्थिति 75.12 प्रतिशत रही। 1 लाख 68


जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में मौजूद अधिकारी।

हजार 810 बच्चे माह नवंबर 2023 में मध्याह्न भोजन से लाभान्वित हुए। मध्याह्न भोजन योजना अंतर्गत जिले में कुल-2128 विद्यालयों में मध्याह्न भोजन संचालित है। इसके अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय-2190 एवं मध्य विद्यालय-791, उच्च विद्यालय-47 एवं मॉडल विद्यालय-08 शामिल है। बैठक में उपस्थित अवर विद्यालय निरीक्षक रांची-02 के द्वारा रांची नगर निगम के सहायक प्रशासक से कहा कि उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय आनंद नगर हरमू के बाहर गाय आदि पशु को बांध दिया जाता है। जिससे परिसर के बाहर गंदगी का अंबार लगा रहता है। जिससे विद्यालय के छात्र-छात्राओं को परेशानी होती है। जिसपर सहायक प्रशासक रांची नगर निगम द्वारा यथोचित कार्रवाई करने का भरोसा दिया गया।

# जेएसएससी सीजीएल परीक्षा अब 21 और 28 जनवरी को

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (सीजीएल) -2023 की नए तारीखों की घोषणा भी कर दी है। परीक्षा स्थगित किए जाने के अगले दिन ही नई तिथि की घोषणा की गयी है। अब परीक्षा नए साल के पहले महीने जनवरी में ही 21 और 28 जनवरी को ली जाएगी। जेएसएससी ने परीक्षा तिथि को लेकर आधिकारिक वेबसाइट पर अधिसूचना जारी कर इसकी जानकारी दी है। राज्यभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा ली जाएगी। मालूम हो कि पूर्व में एजेंसी द्वारा परीक्षा लेने में असमर्थता जताने के कारण 16-17 दिसंबर को होने वाली परीक्षा स्थगित कर दी गई थी। झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) को 2000 पदों पर नियुक्ति के लिए झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (सीजीएल) - 2023 लेनी है। लेकिन इन पदों के लिए 2015 से अबतक चार बार आवेदन लिया जा चुका है और 7 बार परीक्षा स्थगित करनी पड़ी है। यह स्थिति केवल एक प्रतियोगिता परीक्षा की है। विभिन्न कारणों से आयोग द्वारा विज्ञापन रद्द किया जाता रहा और अंत में इस साल 20 जून से 3 अगस्त तक आवेदन भरे गए, जिसमें पूर्व में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को उम्र सीमा और परीक्षा शुल्क में छूट भी दी गई थी। उम्मीद की जा रही थी कि इस बार परीक्षा आयोजित करने में आयोग सफल हो जाएगा।

## BRIEF NEWS

### दशरथ चंद्र दास बने प्रमंडलीय प्रभारी आयुक्त

**RANCHI :** राज्य सरकार ने बुधवार को दशरथ चंद्र दास को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल का प्रमंडलीय प्रभारी आयुक्त बनाया है। दास को राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के विशेष सचिव के पद से स्थानांतरित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राज भाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अलावा दास को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त पलामू, मेदिनीनगर का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### भाजपा विधायक दल की बैठक आज

**RANCHI :** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर से शुरू हो रहा है। इसे लेकर भाजपा ने हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में गुरुवार शाम 7 बजे से विधायक दल की बैठक बुलायी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में विधायक दल की बैठक होगी। बैठक में विधायक दल के नेता अमर बाउरी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, मुख्य सचेतक बिरंची नारायण, सचेतक जेपी पटेल और पार्टी के विधायक शामिल होंगे। बैठक में राज्य के ज्वलंत मुद्दों, भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था समेत तमाम मामलों पर सरकार को सदन में घेरने की रणनीति तैयार होगी। वहीं इंडिया गठबंधन की बैठक गुरुवार को सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सीएम आवास में होगी।

### संसद में हुई चूक गंभीर मामला : राजेश ठाकुर

**RANCHI :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने संसद में हुई भारी चुक पर कहा कि यह गंभीर मामला है। इस गंभीर मामले पर भी गृहमंत्री का बयान देने से इंकार करना इस बात को बताता है कि राष्ट्रवाद का ढोंग रचने वाली भाजपा राष्ट्र की सुरक्षा पर कितनी गंभीर है। ठाकुर ने बुधवार को कहा कि आज ही के दिन 22 वर्ष पूर्व संसद में हमला हुआ था और हमारे कई सुरक्षा कर्मी उस हमले में शहीद हुए और पुन 22 वर्ष बाद इस घटना का पुनरावृत्ति होना यह बिलकुल दुखद है। ठाकुर ने कहा कि देश के गृहमंत्री लगातार देश संभालने में असफल साबित हो रहे हैं। वो अविलंब इस्तीफा दें। इसके साथ ही भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा को तत्काल गिरफ्तार किया जाए क्योंकि उन्हीं के अनुशंसा पर युवकों को संसद दीर्घा के लिए पास निर्गत किया गया था।

### इंटर के लिए फॉर्म भरने की तारीख बढ़ी

**RANCHI :** झारखंड बोर्ड के मैट्रिक और इंटर की परीक्षा अब नजदीक आ गई है। छात्र एग्जाम फॉर्म भर रहे हैं। मैट्रिक परीक्षा के लिए फॉर्म ले लिए गए हैं। वहीं इंटर के लिए अभी भी परीक्षा फॉर्म भरे जा रहे हैं। 12वीं के छात्रों के लिए बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 12 दिसंबर थी। अब इंटर के छात्र 15 दिसंबर 2023 तक बगैर विलंब शुल्क के ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# सुदेश महतो फिर बने आजसू के अध्यक्ष

## सीपी चौधरी वरीय उपाध्यक्ष, लंबोदर महतो व सुनीता चौधरी जनरल सेक्रेट्री

**PHOTON NEWS RANCHI :** सुदेश कुमार महतो को एक बार फिर से आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष के तौर पर चुना गया है। इसके अलावा सांसद सीपी चौधरी सीनियर वाइस प्रेसिडेंट होंगे। पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देव शरण भगत ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इसी वर्ष 29-30 सितम्बर एवं एक अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित आजसू पार्टी के केंद्रीय महाधिवेशन में फैसला लिया गया था कि केंद्रीय कमेटी और केंद्रीय पदाधिकारियों का चयन होगा। इसी आधार पर सुदेश महतो केंद्रीय अध्यक्ष चुने गये हैं। इसके अलावा सांसद सीपी चौधरी सीनियर वाइस प्रेसिडेंट होंगे। उमाकांत रजक (पूर्व विधायक), अकील अख्तर (पूर्व विधायक) सहित हसन अंसारी


सुदेश कुमार महतो

और सुप्रीति मुर्मु को वाइस प्रेसिडेंट चुना गया है। पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस हेड जनरल सेक्रेट्री होंगे। इसके अलावा विधायक सुनीता चौधरी और डॉ. लंबोदर महतो सहित राजेंद्र मेहता, रोशन लाल चौधरी, यशोदा देवी सहित करीब तीन दर्जन जेनरल सेक्रेट्री चुने गये हैं। संगठन सचिव के तौर पर एस अली और जयपाल सिंह को मौका दिया गया है। 136 सचिव (तीन कार्यालय सचिव सहित), एक मुख्य प्रवक्ता सहित चार प्रवक्ता, दो ट्रेजरर, दो ट्रेनर और अनुशासन समिति के प्रमुख के तौर पर सुबोध प्रसाद को चुना गया है।

**वर्तमान सरकार के कुशासन से जनता को स्वशासन की ओर ले जायेंगे**

देव शरण भगत ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी केंद्रीय सदस्यों और पार्टी कार्यकताओं के साथ मिलकर इस राज्य को वर्तमान सरकार के कुशासन से जनता को स्वशासन की ओर ले जायेंगे। केंद्रीय पदाधिकारियों के चयन में राज्य के हर जाति, धर्म, क्षेत्र का प्रतिनिधित्व हो, यह सुनिश्चित किया गया है।जल्द ही केंद्रीय कमिटी की बैठक होगी, जिसमें सभी नये पदाधिकारी शपथ लेंगे और पार्टी के भावी कार्यक्रमों की घोषणा की जायेगी।

## महिला स्वयं सहायता समूहों को उपलब्ध कराया जायेगा ड्रोन, मिलेगी ट्रेनिंग

# झारखंड में अब कृषि कार्यों में होगा ड्रोन का उपयोग

**PHOTON NEWS RANCHI :** भारत सरकार देशभर के हजारों महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान करने जा रही है। कृषि कार्यों के लिए ड्रोन उपलब्ध कराये जायेंगे। पहले चरण में 15 हजार महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन होगा, जिन्हें ड्रोन संचालन के लिए प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। केंद्र की इस पहल के बाद झारखंड के कृषि विभाग व ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जेएसएलपीएस के साथ कन्वरजेंस से ड्रोन सेवाएं प्रारंभ की जायेंगी। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में अभी 2.83 लाख महिला स्वयं सहायता समूह कार्यरत हैं। इनमें से कुछ का चयन ड्रोन उपलब्ध कराने के लिए होगा इसके अलावा कृषि विभाग अंतर्गत स्वयं सेवा



समूहों व महिला किसानों को भी ड्रोन दिया जायेगा। बता दें कि, हाल में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के खूंटी जिले से बिरसा मुंडा जयंती 15 नवंबर व जनजातीय गौरव दिवस के दिन महिला किसानों को ड्रोन उपलब्ध कराने की घोषणा की थी, जिसके बाद अब इसके क्रियान्वयन पर जोर दिया जा रहा है। भारत सरकार ने झारखंड सहित सभी राज्यों को इसके लिए पत्र भी लिखा है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस के शुभ अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाई) का उद्घाटन किया था। केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर शुरू की गई, जो कृषि और संबद्ध गतिविधियों में ड्रोन प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी शक्ति को प्रदर्शित कर रहा है। वीबीएसवाई, 2.60 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों और 4,600+ शहरी स्थानीय निकायों को कवर करने वाला एक विशाल आउटरीच कार्यक्रम है।

### ड्रोन से कृषि क्षेत्रों में हो रहा लाभ

देश के सभी कोनों में ड्रोन प्रदर्शनों को कृषक समुदाय, विशेष कर महिला किसानों द्वारा काफी सराहा जा रहा है। केरल से हिमाचल प्रदेश, गुजरात से त्रिपुरा तक ड्रोन प्रदर्शनों के माध्यम से स्पष्ट सन्देश दिया गया कि ड्रोन कृषि में सकारात्मक बदलाव के लिए अत्यंत आवश्यक है। अधिकारियों ने बताया कि लाइव प्रदर्शन में उर्वरकों के संतुलित उपयोग को दशार्या गया, जिसमें अतिरिक्त रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल नहीं करने पर जोर दिया गया। ड्रोन ने नैनो यूरिया, नैनो डीएपी (डाई-अमोनियम फॉस्फेट) और अन्य सूक्ष्म पोषक उर्वरकों का छिड़काव किया, जो प्रौद्योगिकी द्वारा कृषि क्षेत्र में लाये गये सटीक महत्वपूर्ण परिवर्तनों को दशार्ता है। यही नहीं, ड्रोन द्वारा कीटनाशक छिड़काव के लाइव प्रदर्शन ने प्रभावी कीट प्रबंधन में इस तकनीक के सकारात्मक प्रभावों से जनता को अवगत करवाया। साथ ही तरल उर्वरकों और कीटनाशकों के हवाई छिड़काव के लाइव प्रदर्शन ने एक ऐसी कृषि पद्धति को दशार्या जो कि सीमित समय में अत्यधिक उर्वरकों के उपयोग को नियंत्रित करती है।

BRIEF NEWS

### अग्निपीड़ित को युवा नेता प्रकाश ने की मदद



**ROURKELA :** शहर के स्थानीय रेलवे कॉलोनी में सोमवार शाम आग लगने से बांके बिहारी साहू का घर पूरी तरह जलकर राख हो गया और सारा फर्नीचर जल गया। यह खबर मिलने के बाद युवा नेता प्रकाश पासवान, सम्राट धल (पिंटू), टूटू पात्र, जोनो नाइक ने प्रमुख स्थानों का दौरा किया और प्रभावित परिवारों को प्लास्टिक, कंबल और खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने और सरकारी स्तर पर आवश्यक सहायता प्रदान करने का वादा किया।

### बीजू बाबू की फोटो चित्र एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में हुई दर्ज



**ROURKELA :** राउरकेला बीजू छात्र जनता दल के प्रदेश सचिव बाबू खान और उनके सहयोगी द्वारा 150 से अधिक कार्यकर्ताओं की मदद से 60 हजार से अधिक रंगीन दीयों की मदद से महान बीजू बाबू के श्राद्ध दिवस पर 60 फीट का फोटो चित्र बनाया गया था। यह तस्वीर एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गई है। इस खबर की जानकारी मिलने से बीजू छात्र दल के सभी कार्यकताओं का दिल खुशी से झूम उठे है। इस अवसर पर छेंड के पूर्व पार्षद जॉर्ज आनंद, युवा नेता सोमेन रॉय, मनु पाढ़ी, तापस राउत ने उपस्थित होकर छात्र नेताओं को बधाई दी और उनका हौसला बढ़ाया।

### एसएसपी ने क्राइम मीटिंग कर अपराध नियंत्रण को लेकर दिए दिशा-निर्देश

**JAMSHEDPUR :** जिला पुलिस मुख्यालय के सभागार में एसएसपी किशोर कौशल ने बुधवार को क्राइम मीटिंग की। इस क्राइम मीटिंग में सभी थानों के थाना प्रभारी के अलावा डीएसपी और अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे। बैठक में लंबित वारंट, कुर्की, लंबित कांड, जेओएफएस, सीसीटीएनएस, यातायात, विधि- व्यवस्था आदि से संबंधित कार्यो की समीक्षा की गई। साथ ही उपस्थित सभी थाना प्रभारियों को जिले के पेशेवर अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से कॉलेज की सचिव श्रीप्रिया धर्मराजन, सह-सचिव तमिलसेल्वी बालाकृष्णन, उषा रामानाथन, कॉलेज की प्राचार्य डॉ जूही समर्पिता एवं उप प्राचार्य डॉ मोनिका उप्पल भी इस दौड़ में शामिल हुईं।

## झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग का विद्युत वितरण दर निर्धारण को लेकर जन सुनवाई का आयोजन

# जमीनी हकीकत जानने के बाद ही होगी विद्युत टैरिफ वृद्धि : आयोग

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के तत्वावधान में बुधवार को पिल्लई हॉल में विद्युत वितरण दर निर्धारण को लेकर जन सुनवाई का आयोजन किया गया. जन सुनवाई में उपभोक्ताओं ने शिकायतों की अंबार लगा दी. एक स्वर में पहले सुविधा देने और उसके बाद ही टैरिफ बढ़ाने की मांग की. कहा कि टैरिफ ऐसे ही बढ़ता रहा तो माध्यम और न्यूनतम वर्ग के उद्योग दूसरे राज्यों में पलायन कर जाएंगे। जबकि दूसरी ओर आयोग ने जन सुनवाई के माध्यम से काफी कुछ जमीनी हकीकत जानने के बाद ही विद्युत टैरिफ वृद्धि को बढ़ाने की बात कही. आयोग के चेयरमैन अमिताभ कुमार गुप्ता ने कहा कि आयोग का प्रयास है कि सभी उपभोक्ताओं को प्रतिदिन सुविधानुसार प्रर्याप्त मात्रा में बिजली मिले. और कंपनी भी उपभोक्तओं के साथ मित्रतापूर्वक काम करें। हालांकि पहले और अब के मुकाबले में वितरण व्यवस्था में काफी सुधार आया है. कंपनी की ओर से अभी भी उपभोक्ताओं को प्रर्याप्त मात्रा में बिजली देने के लिए कई स्तर पर प्रयास हो रहे हैं. जो भी होगा कंपनी और उपभोक्तओं के संतुलन में सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही होगा। किसी के कहने या मांगने पर टैरिफ नहीं बढ़ती। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता अपनी शिकायत को आयोग के वेबसाईट पर भी अपलोड कर सकते हैं।




जनसुनवाई के दौरान आयोग के प्रतिनिधि। • फोटोन न्यूज

आयोग अध्यक्ष ने यह भी कहा कि जन सुनवाई के माध्यम से काफी कुछ जमीनी हकीकत जानने का मौका मिलता है. प्रयास भी किया जाता है कि उपभोक्ताओं के शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई हो. जन सुनवाई में मिले सम्मिलित विचारों को सरकार के पास रखा जायेगा. आयोग ने कहा कि राज्य स्तर पर विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए कई चरणों में काम किया जा रहा है. इसका सकारात्मक परिणाम भी कई स्तर पर दिख रहा है. आने वाले कुछ समय में उपभोक्ताओं को किसी शिकायत का मौका नहीं मिलेगा. उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को अपने स्तर बैठक कर शिकायतों का निपटारा करने का निर्देश दिया.

**बेवजह किसी उपभोक्ताओं को परेशान या उनके ऊपर केस की जाती है तो उपभोक्ता भी कंपनी के खिलाफ केस दर्ज करायें : महेंद्र प्रसाद**

आयोग के सदस्य महेंद्र प्रसाद ने कहा कि टैरिफ निर्धारण मनमानी नहीं होती है। कंपनी और उपभोक्ताओं को दी जा रही सारी बिंदुओं पर तुलनात्मक विचारों के बाद ही टैरिफ बढ़ायी जाती है। उन्होंने कहा कि कंपनी द्वारा बेवजह किसी उपभोक्ताओं पर केस दर्ज की जाने की शिकायतें अक्सर सुनने को मिलती है। यदि कंपनी द्वारा बेवजह किसी उपभोक्ताओं को परेशान या उनके ऊपर केस की जाती है तो उपभोक्ता भी कंपनी के पदाधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज करायें। स्थानीय पुलिस पदाधिकारी को भी चाहिए कि उस मामले में सही रूप से अनुसंधान करें। उपभोक्ता को हमेशा सर्तक और जागरूक रहने की जरूरत है।

इसके पहले झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक मनतोष ने कंपनी के उपलब्धियों को आयोग के समक्ष रखा। इसके बाद आयोग की ओर से उपभोक्ताओं की राय व शिकायत सुनी गई। इस दौरान उपभोक्ताओं ने अपनी-अपनी बात रखी। जन सुनवाई में जेवीएनएल कार्यपालक निदेशक अरविंद कुमार ने कहा कि पहले की अपेक्षा बिजली में काफी सुधार हुआ है। भविष्य में इसका बेहतर परिणाम देखने का मिलेगा। मौके पर जीएम समेत विद्युत विभाग व उपभोक्ता शामिल थे।

# बोरवेल से निकाली गई बच्ची इलाज के लिए भेजा अस्पताल

**PHOTON NEWS SAMBALPUR :** जिला के रेंगाली में क्रूरता और बर्बरता की सारी हदें पार कर दी गईं। एक नवजात बच्ची को किसी ने मारने के लिए जंगल के एक सुनसान गहरे बोरवेल में फेंक दिया था। खिरकार अग्निशमन विभाग और ओड्राफ की टीम ने साढ़े छह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची को जिंदा बचा लिया। संबलपुर जिला मुख्यालय से करीब 30 किमी दूर रेंगाली ब्लॉक के लारीपाली गांव के श्रीरामबुचा जंगल में हुई यह घटना आज पूरे राज्य में चर्चा का विषय बन गई है।

रेस्क्यू के बाद पहले से तैयार मेडिकल टीम तुरंत उसे उचित इलाज के लिए एम्बुलेंस से बुर्ला विमसर ले गई। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि एक प्लास्टिक की बोतल ने बच्चे की जान बचा ली। ट्यूबवेल के अंदर गिरी बोतल में बच्चा फंस गया। बोतल के वजह से बोरवेल के अंदर टूटा हुआ शीशा के सम्पर्क में बच्चा नहीं आया। जब पता चला कि बच्चा करीब 15 फीट नीचे है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर विक्टिम लोकेशन कैमरा को विमान से लाया गया और इस्तेमाल किया गया। रात साढ़े आठ बजे आरीपत्ती से लोहे की पाइप काटने का काम शुरू हुआ। इसके टूटने के बाद इलेक्ट्रॉनिक मशीन की मदद से बच्चे को बचाया गया। इस ऑपरेशन में आखिरी वक्त तक एनडीआरएफ की टीम भी शामिल थी।



बोलवेल से बच्ची को निकालने के बाद एनडीआरएफ की टीम व अन्य। • फोटोन न्यूज

संबलपुर के रेंगाली में एक परित्यक्त बोरवेल से एक नवजात शिशु को बचाए जाने के बाद मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने खुशी व्यक्त की है। उन्होंने बच्चे के लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने बचाव दल, अग्निशमन दल, जिला पुलिस, चिकित्सा दल को बधाई दी और उनके समन्वित प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पूरा सरकारी तंत्र 'हर जीवन कीमती है' के सिद्धांत पर काम कर रहा है। मुख्यमंत्री शुरू से ही घटना पर नजर रखे हुए थे। मुख्यमंत्री कार्यालय ने जानकारी दी है कि बचाव अभियान में इस्तेमाल होने वाले उपकरण उनके आदेश पर विशेष विमान से भेजे गये हैं।

### ओडिशा में 20 फरवरी से होगा मैट्रिक परीक्षा, 5.51 लाख विद्यार्थी होंगे शामिल

**BHUBANESHWAR :** ओडिशा में मैट्रिक परीक्षा के तिथि घोषित कर दी गई है। राज्य भर के 5,51,611 विद्यार्थी 20 फरवरी से 4 मार्च तक राज्य भर के 2991 केंद्रों पर वार्षिक परीक्षा देंगे। यह जानकारी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (बीएसई) ने दी है। बोर्ड ने कहा है कि परीक्षा आगामी 20 फरवरी (मंगलवार) से शुरू होगी और 4 मार्च (सोमवार) तक चलेगी। मैट्रिक परीक्षा के पहले दिन 20 फरवरी को साहित्य और 23 फरवरी (शुक्रवार) को अंग्रेजी की परीक्षा होगी। इसी तरह 26 फरवरी (सोमवार) को गणित, 28 फरवरी (बुधवार) को संस्कृत/ हिंदी, 2 मार्च (शनिवार) को सामान्य विज्ञान और अंतिम दिन यानी 4 मार्च को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा होगी। इस साल कुल 5 लाख 51 हजार 611 परीक्षार्थी मैट्रिक की परीक्षा देंगे। मैट्रिक परीक्षा के लिए कुल 2991 परीक्षा केंद्र हैं। सभी परीक्षण एक ही बैठक में आयोजित किए जाएंगे। गणित की परीक्षा के लिए अतिरिक्त 15 मिनट का समय दिया जाएगा। बोर्ड ने कहा है कि परीक्षा खत्म होने के बाद 15 मार्च से कॉपियों की जांच होगी।

## पंप हाउस में लगे नए मोटर का विधायक ने किया उद्घाटन



उद्घाटन के अवसर पर मौजूद लोग। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी जलापूर्ति योजना के अंतर्गत बिष्टुपुर स्थित फिल्टर पंप हाउस में 75 एचपी का नया मोटर, पंप सेट, स्टार्टर लग गया है। बुधवार को पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार ने इसका विधिवत पूजा-अर्चना कर उद्घाटन किया। विधायक संजीव सरदार ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मैकेनिकल कार्यपालक अभियंता सुनीता कुमारी सामंत, कार्यपालक अभियंता सुमित कुमार, एसडीओ जितेंद्र कुमार, जेई किशन कुमार किस्कू सहित पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। विधायक ने फीता काट कर एवं बटन दबाकर नए पंप सेट से पानी सप्लाई का शुभारंभ किया। नया मोटर लग जाने से बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी के 1140 घरों में रहने वाले लगभग 15 से 20 हजार लोग लाभान्वित होंगे।

उद्घाटन के बाद उपस्थित लोगों के बीच मिठाइयां बांटी गई एवं खुशी का इजहार भी किया गया। इस मौके पर विभाग के पदाधिकारीगण, पंचायत प्रतिनिधि सहित स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# अनाबादी जमीन बेची या खरीद की तो होगी कार्रवाई : आरआइ सरोजनी बेहरा

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला टांगरपाली के समरा बस्ती में आनाबपादी जमीन बेचने के ममाला प्रकाश में आने के बाद बुधवार को आरआइ सरोजनी बेहरा घटनास्थल पहुंची थी। उन्होंने क्षेत्र का निरीक्षण किया। अनाबादी जमीन पर दावा ठोकने वालों को उन्होंने गुरुवार को दस्तावेज के साथ आरआइ कार्यालय बुलवाया है।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भी बात की। कहा कि अनाबादी जमीन पर लोग खेती कर सकते है। लेकिन अगर किसी ने इस जमीन प्लॉट कर बेचने, इससे खरीदने, इस पर घर बनाने की कोशिश की तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। उसके खिलाफ थाने में मामला दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर फिर से अनाबादी जमीन बेचने के प्रयास हुए तो यहां पर धारा 144 लागू किया जाएगा। इस बीच जिन लोगों ने भी दलालों से यहां पर अनाबादी जमीन खरीदी है, उन्हें जमीन का दस्तावेज दिखाने को कहा गया है। अन्यथा अनाबादी जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जाएगी। एक शिकायत कर्ता ने कहा के पट्टा जमीन के सामने वाले अनाबादी जमीन को प्लॉट कर बेच रही दलालों में हडकंप मच गया है।



घटनास्थल पर सरोजनी बेहरा व अन्य।

# छह माह के में जुगसलाई फुट ओवरब्रिज का आश्वासन, बर्मामाइंस में भी बनेगा नया पुल

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने चक्रधपुर रेल मंडल के डीआरएम अरुण जे राठौर से भेंट की। इस मौके पर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस एवं जम्मू तवी एक्सप्रेस को रोज चलाने की मांग पर सकारात्मक बात हुई। प्रतिनिधिमंडल ने जमशेदपुर से जुड़ी विभिन्न जन समस्याओं को भी उनके समक्ष रखा। इस दौरान जुगसलाई नए ओवर ब्रिज बनाए जाने के लिए उन्हें अंग वस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सरदार शैलेंद्र सिंह ने जुगसलाई फाटक पर लोगों के पैदल आने जाने के लिए नया फुट ओवर ब्रिज बनाने, बमार्माइंस ओवरब्रिज हमेशा जाम रहने के कारण समानांतर एक और ओवरब्रिज बनाने का अनुरोध किया। साथ ही बमार्माइंस ओवर ब्रिज की सड़क जर्जर होने पर रेलवे द्वारा बनाए जाने और टाटा पिगमेंट गेट के नजदीक अंडरब्रिज से लेकर प्रदीप मिश्रा चौक तक डबल सड़क बनाने से संबंधित वार्ता की गई।



डीआरएम से भेंट करते सीजीपीसी के पदाधिकारी। • फोटोन न्यूज

**तीसरी लाइन बन जाने के बाद बनेगी डबल लेन सड़क :** डीआरएम अरुण जे राठौर ने आश्वासन दिया कि जुगसलाई फाटक ओवर ब्रिज पर लोगों के पैदल आने जाने के लिए फुट ओवर ब्रिज छह माह के भीतर बनकर तैयार हो जाएगा। ब्रिज बनाने की सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं एवं संबंधित ठेकेदार को पुल बनाने का टेंडर भी दे दिया गया है। उन्होंने बर्मामाइंस ओवर ब्रिज के समानांतर एक और पुल बनाए जाने की मांग पर अपनी सहमति जताई। कहा कि जल्द ही इसका प्रस्ताव बनाकर संबंधित विभाग को भेजा जाएगा। हर वर्ष बमार्माईंस ओवर ब्रिज की सड़क टूटने पर रेलवे द्वारा बनाए जाने की बात उन्होंने कही। डीआरएम ने टाटा पिगमेंट गेट रेलवे अंडर ब्रिज में पानी जमा होने का रास्ता निकालने एवं इस ब्रिज की सड़क को कंक्रीट करने और अंडर ब्रिज से लेकर प्रदीप मिश्रा चौक तक डबल सड़क बनाने के संबंध में तीसरी लाइन बन जाने के बाद इस पर सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने इन उठाए गए सभी मुद्दों को जायज ठहराया।

**समस्याओं का निराकरण होने तक जारी रहेगा संघर्ष :** सरदार शैलेंद्र सिंह ने बताया कि सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी जहां धार्मिक स्तर पर अपने कार्यों का निर्वाह करती आ रही है। वही जमशेदपुर से संबंधित सामाजिक समस्याओं के निराकरण का कार्य भी कर रही है। उन्होंने कहा कि सेंट्रल गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान भगवान सिंह के नेतृत्व में भविष्य में भी इन समस्याओं का निराकरण होने तक संघर्ष जारी रखा जाएगा। इस मौके पर इन समस्याओं से संबंधित रेलवे पदाधिकारी एवं सरदार शैलेंद्र सिंह के अलावा चंचल सिंह, सुखदेव सिंह बिट्ठू, ज्ञानी कुलदीप सिंह आदि कई लोग मौजूद थे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** चुनाव आयोग के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके मद्देनजर बुधवार को जिला के सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। बिष्टुपुर स्थित माईकल जॉन ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इसमें जिला पंचायत राज पदाधिकारी डॉ रंजनीकान्त मिश्रा, जमशेदपुर बीडीओ सच्चिदानन्द महतो, धालभूमगढ़ बीडीओ बबली कुमारी, डीएसपी अनिमेष कुमार गुप्ता के साथ सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी मौजूद थे। सभी ने पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से धालभूम एसडीओ और उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह मौजूद थीं। एसडीओ ने बताया कि सभी को चुनाव के पूर्व एवं बाद में क्या-क्या करना है और चुनाव ड्यूटी कैसी करनी है इसकी जानकारी दी गई।



## पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित एस. आर. रूंगटा ए-डिवीजन क्रिकेट लीग

# लारसन क्लब ने टाउन क्लब को 88 रनों से हराया

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में चल रहे एस आर रूंगटा ए-डिवीजन लीग के अंतर्गत बुधवार को खेले गए मैच में लारसन क्लब चाईबासा ने टॉउन क्लब चाईबासा को 88 रनों से पराजित कर अपना जीत का खाता खोला। इससे पहले खेले गए अपने दोनों मैच लारसन क्लब हार चुकी है।

बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए इस मैच में टॉस टास टॉउन क्लब चाईबासा के कप्तान ने जीता तथा पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी लारसन क्लब की टीम ने अच्छी बल्लेबाजी का परिचय देते हुए निर्धारित 35 ओवर में 7 विकेट खोकर 271 रनों का स्कोर खड़ा किया। जयप्रकाश गुप्ता ने छः चौकों एवं एक छक्का की मदद से सर्वाधिक 64 रन बनाए। अन्य बल्लेबाजों में आनंद श्रीवास्तव ने 40 रन, हिमांशु पांडेय ने 39 रन, जन्मजय सिंह यादव ने 36 रन, देवांश शुक्ला ने 23 रन तथा आकर्ष गुप्ता ने 22 रन बनाए। टॉउन क्लब चाईबासा की ओर से भारत भूषण ने 67 रन देकर तीन विकेट तथा सुमित शर्मा ने 60 रन देकर दो विकेट हासिल किए। अभिजित बर्मन एवं प्रणय कुमार को एक-एक विकेट मिला।

जीत के लिए निर्धारित 35 ओवर में 272 रनों का पीछा करने उतरी टाउन क्लब चाईबासा की टीम 32 ओवर में 183 रन बनाकर आल आउट हो गई। इस टीम की ओर से महेश मोहन महंता ने तीन चौकों एवं तीन छक्कों की सहायता से 40 रन, चित्रा साहु ने तीन चौकों की मदद से 25 रन, सुमित शर्मा एवं प्रणय कुमार ने 21-21 रन, शुभम यादव एवं राहुल लकड़ा ने 18-18 रन तथा संजीत कुमार ने 16 रन बनाए।

लारसन क्लब चाईबासा की ओर से शिवम यादव ने 32 रन देकर चार खिलाड़ियों को आउट किया। आनंद श्रीवास्तव ने 37 रन देकर तीन विकेट तथा फैजानुल रहमान ने 17 रन देकर दो विकेट अपने नाम किए।



लारसन क्लब की टीम। • फोटोन न्यूज

## भोजपुरिया क्रिकेट टूर्नामेंट 19 दिसंबर से, एंट्री 15 दिसंबर तक

**JAMSHEDPUR :** भोजपुरिया क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के पांचवें सीजन का उद्घाटन 19 दिसंबर को होगा। सभी मैच गोलमुरी अंतर्गत केबुल क्रिकेट ग्राउंड में खेले जायेंगे। सभी नॉक आउट मुकाबले दिन की रोशनी में खेले जायेंगे। टूर्नामेंट की विजेता टीम को ट्रॉफी समेत एक लाख रुपये ईनामी राशि और रनर-अप को 50 हजार रुपये समेत ट्रॉफी दी जायेगी। मैन ऑफ द टूर्नामेंट को स्पोर्ट्स साइकिल भेंट की जायेगी। फाइनल मुकाबले के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को स्पोर्ट्स जूता और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज व गेंदबाज को भी प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। भोजपुरिया क्रिकेट लीग के आयोजक और भोजपुरी नवचेतना मंच के प्रांतीय अध्यक्ष अप्पू तिवारी ने उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट का उद्देश्य स्थानीय क्रिकेट प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान कराने के साथ ही प्रतियोगिता के माध्यम से उनमें प्रतिस्पर्धा विकसित करना है। 15 दिसंबर तक इच्छुक टीमें अपना नामांकन करा सकती हैं। प्रत्येक टीम के लिए प्रवेश शुल्क 5001 रुपये निर्धारित है। अप्पू तिवारी ने बताया कि भोजपुरी साहित्य के पितामह स्व भिखारी ठाकुर की जयंती को समर्पित यह टूर्नामेंट 19 दिसंबर से प्रारम्भ होगा। टूर्नामेंट के सभी मैचों का यू-ट्यूब चैनल पर लाईव प्रसारण होगा।

### हादसे में मृत युवक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग

**JAMSHEDPUR :** जुगसलाई थाना अंतर्गत टाटा पिगमेंट गेट के पास मंगलवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बागबेड़ा गाड़ाबासा हनुमान मंदिर के पास रहने विकास कुमार की मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित बस्तीवासी परिजनों के साथ बुधवार सुबह थाना पहुंचे और मुआवजे की मांग की। परिजनों ने घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी की जांच कर आरोपी वाहन चालक को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की भी मांग पुलिस से की। परिजनों का कहना था कि मुआवजा मिलने के बाद ही शव का पोस्टमार्टम किया जायेगा। हालांकि पुलिस के समझाने पर सभी पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए। मृतक के साथी गोविन्द पाण्डेय ने बताया कि विकास का परिवार काफी गरीब है और उनके पास अंतिम संस्कार के भी पैसे नहीं है। विकास घर का एकलौता संतान था और काम कर अपने माता-पिता का भरण पोषण करता था।

## न्यूनतम मजदूरी नहीं मिलने पर मजदूरों ने किया विरोध



विरोध-प्रदर्शन में शामिल ग्रामीण। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** श्रम विभाग की उदासीनता के कारण रिलायबल स्पंज प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारी बुधवार को सड़क पर उतर गए है। बबलंदा स्थित रिलायबल स्पंज प्राइवेट लिमिटेड में 300 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। इस फैक्ट्री में श्रम कानूनों का पूरी तरह से उल्लंघन किया जा रहा है। न्यूनतम वेतन, ईएसआई, ईपीएफ का लाभ कर्मचारियों को नहीं मिल रहा है। पुरुष श्रमिकों को प्रतिदिन 280 रुपये जबकि महिला श्रमिकों को 260 रुपये प्रति दिन मिलते हैं। श्रम विभाग की उदासीनता के कारण इस फैक्ट्री के श्रमिकों को कोई कानूनी अधिकार नहीं मिलता है।

रिलायबल स्पंज प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारी हड़ताल पर चले गए। सीटू के राज्य उपाध्यक्ष जहांगीर अल्ली सिमू, संपादक तजमुन नेहर, संपादक जेजाति केशरी साहू, अजीत एक्का, संबित स्वाई मुख्य धरनास्थल पर पहुंचे और मजदूरों के सभी अधिकारों की जानकारी दी। प्रबंधन से कहा गया सभी श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन के साथ ईएसआई, ईपीएफ की सभी सुरक्षा योजनाओं को सख्ती से लागू किया जाए। प्रबंधन और श्रम विभाग से संपर्क किया गया। प्रबंधन और श्रम विभाग दोनों ने कहा कि वे 14 तारीख को यूनियन से चर्चा करेंगे और हड़ताल स्थगित को कर दी गई।

# अब नहीं बच सकेंगे शातिर

## कोई भी करा देगा गिरफ्तार, इस नंबर पर कॉल करके अपराधियों के बारे में दे सकते हैं जानकारी



**भागलपुर।** भागलपुर पुलिस मुख्यालय ने गंभीर अपराध एवं अपराधियों के बारे में जानकारी देने के लिए फोन नंबर 14432 जारी कर बड़ी हलचल पैदा कर दी है। इस नंबर पर अब कोई भी व्यक्ति, देश के किसी भी हिस्से से फोन कर बिहार पुलिस को किसी फरार अपराधी को देखते ही सूचना दे उन्हें गिरफ्तार करा सकता है।सूचना देने वाले का मोबाइल नंबर, उसकी पहचान पुलिस मुख्यालय गुप्त तो रखेगी ही, फरार अपराधियों पर घोषित ईनाम की राशि भी उन्हें गुपचुप मिल जाएगी। किसी को कानो-कान पता भी नहीं होगा। अगर सूचना देने वाले की सूचना से पुलिस को बड़ी सफलता मिलती है तो उस सफलता से गदगद पुलिस टीम की नजर में सूचना दाता की कद्र भी बढ़ जाएगी। कार्रवाई इनाम के दायरे में है, तो सूचना देने वाले व्यक्ति को इनाम भी गोपनीय तरीके से पहुंचा दिया जाएगा। यह नंबर 11 दिसंबर, 2023 से क्रियाशील भी हो गया है जो 24 घंटे क्रियाशील रहेगा। जिले के सभी थानों में विधि-व्यवस्था की बेहतरी चाहने वालों के काल अब खूब आ रहे हैं।

किसी चौराहे पर नशे में धुत व्यक्ति यदि हंगामा कर रहा हो, गाली-गलौज कर रहा हो तो उसे देख अब लोग तत्काल गोपनीय तरीके से सूचना दे दे रहे हैं। पुलिस की नजर में फरार रहते हुए भी गली-मोहल्ले या नुक्कड़ों पर अचानक प्रकट हो सिगरेट का कश लगाने वाले दागियों के लिए पुलिस मुख्यालय की इस पहल से उनकी निगरानी बढ़ जाएगी। फरार अपराधी चौक-चौराहे या गली के नुक्कड़ों पर मंडराने की हिमाकत नहीं कर सकेंगे। अब उन्हें इस बात का खतरा हमेशा बना रहेगा कि क्या पता कौन उसकी मोबाइल पर वीडियो या फोटो बना 14432 नंबर पर गुपचुप जानकारी दे उसे गिरफ्तार करा देगा। पुलिस की विशेष टीम 50 हजार के ईनामी राणा मियां, मोहना ठाकुर के भाई संजय ठाकुर, 25 हजार रुपये के ईनामी इम्तियाज मियां समेत सात शातिर पर पैनी नजर रख रही है। 14432 नंबर के जारी होने पर इनकी गिरफ्तारी आसान होने के आसार बनने लगे हैं। भागलपुर पुलिस बीते छह माह में आतंक के पर्याय मोहना ठाकुर, टिंकू मियां समेत टॉप टेन के सात कुख्यात अपराधियों को सलाखों के पीछे भेज बेहतर उपलब्धि हासिल करने में कामयाब रही है।

## नशेड़ी युवक ने बांस से पीट-पीटकर अपनी ही चाची की कर दी हत्या



**तेतरिया (पूर्वी चंपारण)।** पूर्वी चंपारण के राजेपुर थाना क्षेत्र में बहुआरा गोपी सिंह पंचायत अंतर्गत मनियारपुर गांव में नशेड़ी युवक ने बांस से पीटकर चाची की हत्या कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मोतिहारी भेज दिया है। बताया जाता है कि वार्ड नंबर चार निवासी पारस ठाकुर का भतीजा दिनेश ठाकुर मंगलवार को अपनी चाची राधिका देवी (60) से उलझ गया। इसी क्रम में बांस बल्ले से जमकर पिटाई कर दी। आननफानन में गंभीर हालत में स्वजनों ने उसे मुजफ्फरपुर श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक के इलाज के बाद लोग घर वापस आ गए, जहां बुधवार को उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे राजेपुर थाना के दारोगा और अशोक पांडेय ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। मृतका के बेटे रमन कुमार ने स्थानीय थाने में चचेरे भाई मिठू सहित गांव के तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में मृतका के बेटे ने अपनी मां की मारपीट कर हत्या का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। आरोपी फरार है। आरोपी को पकड़ने के लिए छापेमारी की जारी है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक गरीब परिवार से थी। उसके पति पारस ठाकुर शिवहर जिले के लक्ष्मिनिया गांव के शिक्षक से रंगदारी मांगने के मामले में शिवहर जेल में बंद हैं। उसके दो पुत्र रमन और मिठू खेती कर गुजर-बसर करते हैं। वृद्ध मां घर की देखभाल करती थीं।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट शुरू

## बांग्लादेश के उद्योगपति बोले- यहां फैक्ट्री खोलेंगे



पटना। बिहार में बिजनेस कनेक्ट 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ हो चुका है। दो दिवसीय यानी 13 और 14 दिसंबर को पटन के ज्ञान भवन में आयोगजन इस मेगा इंवेंट के जरिए महागठबंधन की सरकार देश-विदेश से आए उद्यामियों को लुभाने की कोशिश में जुट गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कार्याक्रम का शुभारंभ किया। उनकी मौजूदगी में कई एमओयू पर भी करार होगें। देशभर से आए 600 उद्यमी और 16 देश के प्रतिनिधि को बिहार उनके बिजनेस के लिए बेहतर विकल्प लग रहा है। बिहार में बिजनेस कनेक्ट 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ हो चुका है। दो दिवसीय यानी 13 और 14 दिसंबर को पटन के ज्ञान भवन में आयोगजन इस मेगा इंवेंट के जरिए महागठबंधन की सरकार देश-विदेश से आए उद्यामियों को लुभाने की कोशिश में जुट गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कार्याक्रम का शुभारंभ किया। उनकी मौजूदगी में कई एमओयू पर भी करार होगें। देशभर से आए 600 उद्यमी और 16 देश के प्रतिनिधि को बिहार उनके बिजनेस के लिए बेहतर विकल्प लग रहा है।

# बिहार में बेखौफ बदमाश



**नरकटियागंज (पश्चिम चंपारण)।** नरकटियागंज के पीपरा गांव में बीती रात कुछ अपराधियों ने पुलिस की 112 टीम पर हमला कर उनका टैब तोड़ दिया। यही नहीं, अपराधियों ने पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई और गाली-गलौज भी किया। घटना की सूचना मिलने पर शिकारपुर थाना पुलिस ने घटना में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार पीपरा गांव के हरिराज राम और अजय राम बताए गए हैं।

इस संबंध में गांव के बुनीलाल राम ने बताया कि वह शिकारपुर थाने में चौकीदार के पद पर कार्यरत हैं। मंगलवार रात उसका पुत्र साहेब राम घर आ रहा था। इसी बीच पुरानी दुश्मनी में हरिराज राम, अजय राम और 20-25 लोग उसे घेरकर मारपीट करने लगे। वह किसी तरह भागकर घर पहुंचा। उसके बाद सभी लोग-लाठी के साथ घर पर पहुंचकर मारपीट करने लगे। छुड़ाने के दौरान उसे भी चोटें आई है। इसके बाद उसने 112 नंबर पर डायल कर यह शिकायत की। सूचना पर 112 टीम पहुंची थी। मामले में टीम के एएसआई भुपेंद्र कुमार ने शिकारपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि सूचना पर जब पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची, तो अपराधी चौकीदार और उसके बेटे की पिटाई कर रहे थे। पुलिस वाहन को देखते ही हमालवर पुलिस टीम पर भी हमला कर दिया। पुलिस के साथ हाथापाई करने लगे। टैब को लाठी से मारकर तोड़ दिया। सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने का भी आरोप लगा है। थानाध्यक्ष रामाश्रय यादव ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## संक्षिप्त डायरी

### घोर कलियुग, भांजा ने ही मामा की गला दबाकर कर दी हत्या, पुलिस ने ऐसे किया खुलासा



**दानापुर।** भांजा ने ही पारिवारिक विवाद के कारण मामा मंगल राय की गला घोट कर हत्या कर दी थी। इसका पदार्फाश मंगलवार को दानापुर पुलिस ने आरोपित की गिरफ्तारी के बाद की। पुलिस ने मंगल राय हत्या मामले में पुलिस ने उसके भांजा जानीपुर के बगहाटोला निवासी सतीश कुमार एवं उसके मित्र राहुल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) राजेश कुमार व प्रभारी डीएसपी अभिजीत कुमार ने बताया कि मंगल राय और उसके भगीना सतीश कुमार के बीच पारिवारिक विवाद था। मंगल राय अपनी मां की संपति हड़पने के लिए घर से निकाल दिया था व बडे भाई के साथ भी झगडा कर भगा दिया था। अपनी बहन के साथ भी मां को रखने के कारण मारपीट की थी। इस दौरान पिछले वर्ष नौबतपुर के एक सड़क दुघर्टना में आरोपित भगना सतीश के पिता राजदेव सिंह मौत हो गई थी। नानी बडे मामा एवं मां के साथ की गयी हरकत से सतीश मंगल से नाराज था। सतीश के पिता की मृत्यु में भी उसको मामा मंगल पर शक था। इन सारी घटना क्रम से गुस्साये सतीश ने साजिश रच कर अपने दोस्त राहुल कुमार को साथ लेकर गजाधरचक स्थित मामा मंगल राय के घर पहुंचा और गला दबाकर हत्या कर दी। घटना के बाद मृतक के भाई कृष्णा राय ने अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने टीम बनाकर कार्रवाई करते हुए घटना की गुत्थी सुलझाते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया। 25 नवंबर की रात थाना क्षेत्र के गजाधर चक निवासी मंगल राय की घर में सुप्तावस्था में गला दबाकर हत्या कर दी गई थी।

### प्रोन्नति के मौसम में केके पाठक के शिक्षा विभाग से यह अधिकारी निलंबित, संपत्ति देख सब चौंक गए थे



**पटना।** बिहार सरकार इस वक्त लगातार अलग-अलग पद पर वैकेंसी निकाल रही है। लगातार अधिकारी और पदाधिकारियों को प्रोन्नति दे रही है। इसी बीच सीवान के जिला शिक्षा पदाधिकारी पर बड़ी कार्रवाई कर दी गई है। शिक्षा विभाग ने जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिलेश कुमार को निलंबित कर दिया है। उनपर भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। निगरानी विभाग की कार्रवाई में मिथिलेश कुमार के ठिकाने से कुछ 16 लाख कैश, पटना से नोएडा तक जमीन और फ्लैट के कागजात मिले थे। इसके बाद शिक्षा विभाग की ओर से यह कार्रवाई की गई। निगरानी की ओर से कहा गया है जिला शिक्षा पदाधिकारी, सीवान के विरूद्ध लगभग 87,08,054 रुपया का प्रत्यानुपातिक धनार्जन का कांड दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। अनुसंधान के कम में न्यायालय से प्राप्त सर्च वारंट के आलोक में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना के तलाशी दल द्वारा 8 दिसंबर को कांड के प्राथमिकी अभियुक्त मिथिलेश कुमार के पटना स्थित दो परिसर एवं सिवान स्थित आवास कार्यालय की तलाशी ली गई। इस दौरान कार्यालय से कुल 2,22,500 रुपये बरामद किए गए। सीवान स्थित आवास की तलाशी के क्रम में कुल 11,85,000 बरामद किए गए। यानी कुल 14 लाख कैश बरामद हुए। वही पटना स्थित आवास की तलाशी के क्रम में दो लाख कैश बराद हुए। निगररानी की ओर से कहा गया है कि जांच के क्रम में पता चला कि जिला शिक्षा पदाधिकारी ने पटना से नोएडा तक पांच फ्लैट और सात जगह जमीन खरीदी है। उन्होंने ग्रेटर नोएडा में चार फ्लैट, पटना में एक फ्लैट, औरंगाबाद में पांच जगह जमीन और पटना दो जगह जमीन की भी खरीदारी की। इनका मूल्य करीब 2 करोड़ रुपए अनुमानित है। साथ ही सात बैंक खातों में 28,88,214 रुपये भी जमा मिले। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है।


### औरंगाबाद में हादसा, दो लोगों की मौत, लकड़ी लोड ट्रैक्टर खाई में पलटा, दबने से दोनों की जान गई

**औरंगाबाद** । सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। घटना देव प्रखंड में ढिबरा थाना क्षेत्र के वन मझौली गांव के बिहारी चौक के पास की है। गुरुवार को लकड़ी लदे ट्रैक्टर के नहर में पलटने से वाहन पर सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वाले में एक की पहचान नहीं हो पाई है। दूसरे की पहचान ढ़िबरा थाना के तेंदुई टोले आजाद बिगहा निवासी स्व. भदई राम के पुत्र राजेश्वर राम (30) के रूप में की गई है। इधर, घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची ढ़िबरा थाना की पुलिस ने दोनो शवों को कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेजा है। बताया जाता है कि ट्रैक्टर वन मंझौली के पास से थेथर की लकड़ी लेकर चली थी कि रास्ते में बिहारी चौक के पास वाहन अनियंत्रित होकर नहर में जा पलटा। वाहन को पलटते देख आसपास के ग्रामीण दौड़ पड़े और उन्होने पलटे हुए ट्रैक्टर के नीचे दबे दोनों लोगों को बाहर निकाला। हालांकि बाहर निकाले जाने तक दोनों की मौत हो चुकी थी। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना ढिबरा थाना की पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेजा। ढ़िबरा थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि मृतकों में एक की पहचान हो गई।

# बालू तस्करों की सूचना देने पर मिलेगा 3 लाख का कैश इनाम

## नीतीश सरकार ने बनाया प्लान, अब बस एक्शन का इंतजार!





भागलपुर। बिगड़ती कानूनी-व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए राज्य सरकार ने उग्रवादियों, बालू और शराब तस्करों के विरुद्ध सूचना देने वाले को अब पुरस्कार देने की घोषणा की है। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। पुरस्कार की राशि तीन सौ से लेकर तीन लाख रुपये तक की होगी। अलग-अलग रैंक के पुलिस पदाधिकारी अलग-अलग राशि पुरस्कार स्वरूप दे सकेंगे। पुलिस मुख्यालय ने पूर्व में ही हर जिले से उग्रवादियों, अवैध बालू कारोबारियों और जघन्य अपराध में शामिल अपराधियों की सूची मंगवाई थी। अब इस पर कार्रवाई शुरू हो गई है। राज्य सरकार के उपसचिव सुधांशु कुमार चौबे द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि बालू और शराब कारोबारियों के कारण कानून-व्यवस्था की समस्या लगातार उत्पन्न हो रही है। अब इस धंधे में संगठित माफिया भी शामिल हो गए हैं।

ऐसे लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। इस तरह की गतिविधियों में अंतरराज्यीय अपराधियों का भी हाथ रहता है। इसी कारण इनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए पुरस्कार की घोषणा की गई है। उन्होंने पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया है कि राज्य में नक्सली घटनाओं में कमी आई है। अपराधी नक्सलियों के नाम पर अपराध करते है और दूसरे राज्यों में शरण ले लेते हैं। ऐसी स्थिति में अपराधियों तक पहुंचने में पुलिस को परेशानी होती है। इन्हें पकड़ने के लिए पुरस्कार की घोषणा जरूरी है। उन्होंने अपने आदेश में यह भी कहा है कि गुमशुदा बच्चों की भी समस्या पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती का विषय है। ऐसी स्थिति में गुमशुदा बच्चों की सूचना देने पर संबंधित व्यक्ति को तीन सौ रुपये का ईनाम दिया जाएगा। अपराध की विभिन्न श्रेणियों के लिए अलग-अलग धनराशि की घोषणा की गई है। पुरस्कार के पात्र वहीं लोग होंगे, जिनकी अनुशंसा पुलिस पदाधिकारी के स्तर से होगी। एक लाख रुपये का पुरस्कार अपर पुलिस महानिदेशक (विधि-व्यवस्था) की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा तय किए गए व्यक्ति को दी जाएगी। इस समिति में पुलिस अपर महानिदेशक अभियान और सीआईडी के एडीजी को भी रखा जाएगा। तीन लाख रुपये का पुरस्कार पुलिस महानिदेशक देंगे। इसके लिए प्रधान सचिव व अपर मुख्य सचिव गृह से अनुमोदन लेना होगा। पचास हजार तक की पुरस्कार राशि देने का अधिकार डीआईजी और आईजी को दिया गया है। 25 हजार रुपये के ईनाम की राशि एसपी भी दे सकते हैं। इसके लिए डीआइजी से पूर्व अनुमति लेनी होगी। इस दिशा-निर्देश को तत्काल प्रभाव से लागू करने का निर्देश सरकार के उपसचिव द्वारा दिया गया है। मालूम हो कि पूर्व बिहार, सीमांचल और कोसी के इलाके से 300 से ज्यादा बच्चे लापता हैं। अब ऐसे बच्चों को ढूंढने में आसानी होगी। पूर्व बिहार का इलाका बालू और शराब तस्करी के लिए भी मशहूर रहा है। जमुई, लखीसराय और बांका में नक्सली गतिविधियां भी होती रही हैं। अब ऐसी स्थिति में पुरस्कार की घोषणा से अपराधियों को पकड़ने में पुलिस को आसानी होगी

## उप मुख्यमंत्री के क्षेत्र में जमकर गरजी बंदूकें, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल



**वैशाली।** बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के क्षेत्र में जमकर फायरिंग हुई है। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के संबंध में पुलिस का कहना है कि जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष जमीन पर पहुंचकर अचानक फायरिंग करने लगा, जिससे कुछ देर तक वहां अफरातफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामला को शांत कराया। घटना रुस्तमपुर थाना क्षेत्र के राघोपुर की है। अब उस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि गौरी शंकर राय और मुनि लाल राय के बीच एक कट्ठा जमीन का विवाद था। दरअसल मुनिलाल अपनी पुश्तैनी जमीन पर खेती करता था जबकि गौरी शंकर राय सरकारी जमीन पर कब्जा कर उसपर खेती करता था। इसी क्रम में गौरी शंकर राय ने मुनि राय की जमीन को जोत लिया। जब मुनि राय ने इसका विरोध किया तब गौरी शंकर राय अपने सहयोगियों के साथ आकर राइफल और देसी कट्टा से ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगा। फायरिंग होते ही वहां अफरातफरी का माहौल हो गया। जमीन कब्जा करने को लेकर जब फायरिंग होने लगी उसी समय किसी ने गोलियां चलाते हुए वीडियो रिकॉर्ड कर लिया और फिर उसे वायरल कर दिया। अब यह वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दिख रहा है कि कई लोग ताबड़तोड़ फायरिंग कर रहे हैं।

# अग्निवीर जवान की संदिग्ध हालत में मौत



**सीवान।** सीवान निवासी अग्निवीर जवान प्रदीप कुमार यादव (नंबर ए3452888वाई) की संदिग्ध मौत हो गई। वह जम्मू कश्मीन के अखनूर के टांडा क्षेत्र में 10 आर्टिलरी ब्रिगेड के 24 फील्ड रेजिमेंट की सेंट्री पोस्ट पर तैनात था। मंगलवार रात को अचानक गोली चलने की आवाज आई। आसपास के जवान गए तो देखा कि अग्निवीर जवान जमीन पर गिरा हुआ था। उसे गोली लगी हुई थी। घटना के बाद जवान को एमएचए अखनूर लाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृत जवान की पहचान सीवन के दरौली थाना क्षेत्र के दोन गांव के रहने वाले शंभू यादव के पुत्र प्रदीप कुमार यादव (21) के रूप में हुई। इधर, मामले की मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और पड़ताल शुरू की। वहीं, सेना ने क्षेत्र में आसपास के गांवों में और अखनूर-पुंछ राष्ट्रीय राजमार्ग पर देर रात तक तलाशी अभियान भी चलाया। मामले में अभी तक सेना या पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पुलिस के अनुसार, मृत जवान का पोस्टमार्टम किया जाएगा। उसके बाद जांच में ही स्थिति स्पष्ट होगी। पुलिस अधिकारी के अनुसार, मामले में आतंकी हमले जैसा कुछ नहीं लग रहा। फिर भी सभी पहलुओं से जांच जारी है। इधर, आर्मी हेड क्वार्टर ने मृतक प्रदीप के परिजनों को उसके मौत की सूचना दी तो इलाके में हड़कंप मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। लोगों का कहना है कि प्रदीप 21 जनवरी 2022 को पहली बार जब सेना ज्वाइन करने पहुंचा था तब वह काफी खुश था। प्रदीप कुमार यादव के बड़े भाई ने बताया कि मंगलवार को दिन में पारिवारिक कुछ बातें हुई थी। इसके बाद अचानक रात्रि में यह खबर आई कमांडेंट ने फोन कर बताया कि प्रदीप को गोली लगने से वह शहीद हो गए हैं। फिलहाल अग्निवीर प्रदीप के दरवाजे पर ग्रामीणों की भीड़ जुटी हुई है और लोग परिवार को सांत्वना देने में लगे हुए हैं।

# पाकिस्तान को 370 पर क्यों लगी सबसे ज्यादा मिर्ची?

बात भारत की है। भारत के आंतरिक मामले की है। मगर सबसे ज्यादा मिर्ची पाकिस्तान को लगी है। साफ है अच्छे पड़ोसी का धर्म पाकिस्तान कभी निभा नहीं सकता। अनुच्छेद 370 पर भारत के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर आतंकवाद को पालने-पोसने वाले पाकिस्तान ने जहर उगला है। उसकी बौखलाहट से साबित होता है कि उसकी नजर जम्मू-कश्मीर पर लगी हुई है। मगर उसे अब यह ध्यान रखना होगा यह नेहरू, इंदिरा, राजीव और मनमोहन सिंह वाला भारत नहीं है। यह नया भारत है। यह नया भारत राष्ट्रवादी नेता नरेन्द्र मोदी का है। यह भारत आंख तरेरने वाले के शरीर को मरोड़ने की ताकत रखता है। आखिर कौन होता है पाकिस्तान, जो यह कहे कि भारत के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का कोई कानूनी महत्व नहीं है। उसे यह कहने का कतई हक नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय कानून भारत की 5 अगस्त, 2019 की एकतरफा और अवैध कार्रवाइयों को मान्यता नहीं देता है। बोलने की सबको आजादी है। सो पाकिस्तान को जो बोलना हो बोले। उसे दुनिया गंभीरता से नहीं लेती है। डंके की चोट पर भारत के सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को रद्द करने के केंद्र सरकार के अगस्त 2019 के फैसले को बरकरार रखा है, जिसने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा दिया था। यह फैसला आते ही पाकिस्तान का कार्यवाहक विदेशमंत्री जलील अब्बास जिलानी प्रेस कॉन्फ्रेंस करता है। वह कहता है, 'कश्मीरियों को संयुक्त राष्ट्र के प्रासंगिक प्रस्तावों के अनुसार आत्मनिर्णय का अधिकार है। भारत को कश्मीरी लोगों और पाकिस्तान की इच्छा के खिलाफ इस विवादित क्षेत्र की स्थिति पर एकतरफा निर्णय लेने का कोई अधिकार नहीं है।' जिलानी ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर को लेकर विवाद सात दशकों से अधिक समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एजेंडे में बना हुआ है। पाकिस्तान की इस टिप्पणी का कोई मायने नहीं है। वह जम्मू-कश्मीर का राग अलापता ही रहता है। जिलानी कान खोल कर सुन लो, जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। वह भारत का है। भारत का रहेगा। तुम देखते जाओ, आगे होता है और क्या-क्या। जिलानी ने इस संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल पर कहा कि पाकिस्तान इस फैसले के बाद भी नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर शांति कायम रखना चाहेगा। जिलानी याद रखो, तुम्हारी इस बात पर कोई भरोसा नहीं कर सकता। न ही किया जाना चाहिए। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ ने अपनी शराफत दिखा दी है। कहा है कि भारत की शीर्ष अदालत ने पक्षपातपूर्ण निर्णय सुनाया है। इन टिप्पणियों से लगता कि इस फैसले से समूचा पाकिस्तान बिलबिला गया है। पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि एक बार फिर यह साबित हो गया है कि भारत अंतरराष्ट्रीय कानूनों और संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का पालन नहीं करता है। भारत के आंतरिक मामलों पर बेसिरपैर की बात करना पाकिस्तान के नेताओं के लिए नई बात नहीं है। मुल्क को आतंकवाद और आर्थिक संकट की भट्ठी पर झोंकने वाले यह नेता भूल रहे हैं कि झूठी तकरीरों से जनता का पेट नहीं भरता। उसके लिए ईमानदार शासन चाहिए होता है। यह दुनिया जानती है कि पाकिस्तान में सच्चा लोकतंत्र कभी नहीं रहा। वह फौजी हुकूमत का आदी है। बकवास कर रहे पाकिस्तान के हुक्मरानों अब हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दहाड़ सुन लो। उन्होंने कहा है कि भारत के सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक है। यह सिर्फ कानूनी फैसला नहीं है। यह उम्मीद की किरण और एक मजबूत एवं अधिक एकजुट भारत के निर्माण के सामूहिक संकल्प का प्रमाण है। यह फैसला जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के लिए आशा, प्रगति और एकता की शानदार घोषणा का प्रतीक है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने अपने और जस्टिस बीआर गवई एवं जस्टिस सूर्यकांत की ओर से फैसला सुनाते हुए कहा कि संविधान का अनुच्छेद 370 एक अस्थायी प्रावधान था। राष्ट्रपति के पास इसे रद्द करने की शक्ति है। शीर्ष अदालत ने 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को अलग करने के फैसले की वैधता को भी बरकरार रखा है। केंद्र सरकार ने इसी दिन अनुच्छेद 370 को निरस्त किया था। इस फैसले पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सही कहा है कि सरकार के 5 अगस्त, 2019 के फैसले को बरकरार रखने का उच्चतम न्यायालय का फैसला देश के इतिहास में दर्ज किया जाएगा। मेहता ने कहा कि 5 अगस्त, 2019 से पहले अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने की प्रक्रिया में इकलौते वकील के रूप में शामिल और उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ के समक्ष दलीलें रखने के कारण यह उनके लिए भी ऐतिहासिक पल है। पाकिस्तान के नेताओं यह भी सुन लो उन्होंने यह भी कहा है कि यह केवल हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति और हमारे गृहमंत्री अमित शाह का दृढ़ संकल्प और शानदार रणनीति है जिसने इस ऐतिहासिक फैसले को संभव बनाया। देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा। तुषार मेहता ने कहा है कि मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि सरदार वल्लभभाई पटेल की आत्मा को आज संतुष्टि मिली होगी, क्योंकि जिस प्रावधान को वह भारत के संविधान में शामिल किए जाने से रोक नहीं सके थे, वह आखिरकार हटा दिया गया है। वह नरेन्द्र मोदी और अमित शाह को आशीर्वाद दे रहे होंगे। पाकिस्तान की सत्ता के सौदागरों बार-बार पढ़ लो भारत के प्रधानमंत्री मोदी और तुषार मेहता की टिप्पणी को।

# मप्र में भाजपा शिव से मोहन तक परिषद की

ANALYSIS

डॉ मयंक चतुर्वेदी

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उनका पूरा व्यक्तित्व और कृतित्व विद्यार्थी जीवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के साथ कार्य करते हुए गढ़ा है और उसी के आधार पर वे आगे बढ़ते चले गए। वे ऐसे आगे बढ़े कि प्रदेश में 18 साल तक मुख्यमंत्री रहने का कीर्तिमान स्थापित करने वाले शिवराज सिंह चौहान भारतीय जनता पार्टी के इस राज्य में पहले कार्यकर्ता हैं। अब ऐसे में उनके बाद उनकी परंपरा को आगे निर्वाह करने का दायित्व यदि सौंपा गया तो फिर एक बार पुनः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपने को संघर्ष की आंच में तपाकर राजनीतिक जीवन में आए डॉ मोहन यादव हैं। वस्तुतः छात्र जीवन से लेकर आजीवन संपूर्ण जीवन अपने राष्ट्र के लिए समर्पित रहना चाहिए, यह संदेश विद्यार्थी परिषद का सदा से रहता आया है। ज्ञान हो, शील हो और एकता भी हो, यह तीन गुण निश्चित तौर पर केवल छात्र जीवन में ही नहीं, समाज के हर वर्ग के विकास के लिए आवश्यक हैं। कहना होगा कि पार्टी स्तर पर अपनी सरकार के लिए विधायक दल के नेता चुनते वक्त यही एकता का मंत्र एक बार फिर से मध्यप्रदेश भाजपा में देखने को मिला है। जो बड़े-बड़े नाम पिछले कई दिनों से मीडिया की सुर्खियों में बने हुए थे, भाजपा की संगठन शक्ति और सामूहिक निर्णय ने एक झटके में सबको पीछे छोड़ दिया और एक ऐसे नाम को आगे बढ़ा दिया जिसके बारे में कोई अभी तक कल्पना भी नहीं कर सका था। जब वे साल 2013 में पहली बार बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन की दक्षिण सीट से विधायक बने थे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र संगठन के देश की राजधानी में राष्ट्रीय अधिवेशन को अभी पूरा हुए 24 घंटे भी नहीं बीते हैं कि एक बार फिर से भारतीय राजनीति में देश के हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश में एक ऐसे व्यक्ति को राजनेता के रूप में राज्य के मुख्यमंत्री बनाकर स्थापित किया है, जिसने सामाजिक जीवन एवं राजनीति की पाठशाला का पहला पाठ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में रहकर सीखा है। यह राज्य में दूसरे लगातार वाले मुख्यमंत्री बने हैं जिन्होंने कि विद्यार्थी परिषद से छात्र राजनीति करते हुए अपना जीवन आरंभ किया है। इसके पहले हम सभी जानते हैं कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उनका पूरा व्यक्तित्व और कृतित्व विद्यार्थी जीवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के साथ कार्य करते हुए गढ़ा है और उसी के आधार पर वे आगे बढ़ते चले गए। वे ऐसे आगे बढ़े कि प्रदेश में 18 साल तक मुख्यमंत्री रहने का कीर्तिमान स्थापित करने वाले शिवराज सिंह चौहान भारतीय जनता पार्टी के इस राज्य में पहले कार्यकर्ता हैं। अब ऐसे में उनके बाद उनकी परंपरा को आगे निर्वाह करने का दायित्व यदि सौंपा गया तो फिर एक बार पुनः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपने को संघर्ष की आंच में तपाकर राजनीतिक जीवन में आए डॉ मोहन यादव हैं। वस्तुतः छात्र जीवन से लेकर आजीवन संपूर्ण जीवन अपने राष्ट्र के लिए समर्पित रहना चाहिए, यह संदेश विद्यार्थी परिषद का सदा से रहता आया है। ज्ञान हो, शील हो और एकता भी हो, यह तीन गुण निश्चित तौर पर केवल छात्र जीवन में ही नहीं, समाज के हर वर्ग के विकास के लिए आवश्यक हैं। कहना होगा कि पार्टी स्तर पर अपनी सरकार



के लिए विधायक दल के नेता चुनते वक्त यही एकता का मंत्र एक बार फिर से मध्यप्रदेश भाजपा में देखने को मिला है। जो बड़े-बड़े नाम पिछले कई दिनों से मीडिया की सुर्खियों में बने हुए थे, भाजपा की संगठन शक्ति और सामूहिक निर्णय ने एक झटके में सबको पीछे छोड़ दिया और एक ऐसे नाम को आगे बढ़ा दिया जिसके बारे में कोई अभी तक कल्पना भी नहीं कर सका था। जब वे साल 2013 में पहली बार बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन की दक्षिण सीट से विधायक बने थे। तब उन्होंने भी नहीं सोचा होगा कि संगठन उन पर इतना मेहरबान हो जाएगा कि 10 सालों की राजनीति में ही वे प्रदेश के सीएम पद के लिए चुन लिए जाएंगे। किंतु जिन्हें उनके ये दस साल राजनीतिक जीवन के मुख्यमंत्री पद के लिए कम दिखाई देते हों, उन्हें अवश्य ही इससे पूर्व उनकी सामाजिक और राज्य की नीति के लिए की गई तपस्या देखनी चाहिए। वस्तुतः डॉ मोहन यादव साल 1982 में वह माधव विज्ञान महाविद्यालय के छात्रसंघ के सह-सचिव रहे। इसके बाद 1984 में वह इसके अध्यक्ष बने। साल 1984 में वह एबीवीपी उज्जैन के नगर मंत्री और 1986 में विभाग प्रमुख चुने गए। 1988 में वह मध्यप्रदेश अभाविप के प्रदेश सहमंत्री और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य बनाए गए थे। 1989-90 में वह एबीवीपी के प्रदेश इकाई के प्रदेश मंत्री और 1991-92 परिषद के राष्ट्रीय मंत्री तक वे रहे। विद्यार्थी परिषद के साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक रहते हुए राष्ट्रजीवन के लिए अपने जीवन को समर्पित कर देने का पाठ भी वे सदैव सीखते रहे। यही वह कारण भी रहा जोकि विद्यार्थी परिषद के सीधे काम से मुक्त होते ही इन्हें 1993-95 में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, उज्जैन नगर के सह खण्ड कार्यवाह, सायं भाग नगर कार्यवाह एवं 1996 में खण्ड कार्यवाह और नगर कार्यवाह बना दिया गया था। इसके बाद 1997 में इनकी इंट्री भाजपा में भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति के सदस्य के रूप में होती है और साल 2000-2003 तक उज्जैन की विक्रम यूनिवर्सिटी की कार्य परिषद के सदस्य, बीजेपी के नगर जिला महामंत्री, साल 2004 में वह बीजेपी की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य, 2004-2010 तक वह उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष, साल 2011-2013 में मप्र पर्यटन विकास निगमअध्यक्ष, बीजेपी के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य रहते हुए अपनी राजनीतिक सफर को मोहन जी सतत आगे बढ़ाते हुए दिखाई देते हैं। एक तरह से देखें तो यह 2013 का यही वर्ष मोहन यादव जी के राजनीतिक जीवन को शीर्ष पर ले जाने वाला सिद्ध हुआ। यहीं से एक नया सफर विधानसभा का उज्जैन दक्षिण से विधायक चुनने के साथ शुरू हुआ। इसके बाद लगातार यहां से मोहन जी जीत रहे हैं। मोहन जी, 2020 में शिवराज सिंह सरकार में कैबिनेट मंत्री बने और उनको उच्च शिक्षा मंत्री का कार्यभार सौंपा गया। उच्चशिक्षा में मध्यप्रदेश के कई विश्वविद्यालयों ने नई शिक्षा नीति 2020 को आपने प्रमुखता से लागू करवाने के साथ अनेक ऐसे नवाचार किए हैं, जिन्होंने मध्यप्रदेश को उच्चशिक्षा क्षेत्र में आज देश की मुख्यधारा में अंग्रिम पंक्ति में लाकर खड़ा कर दिया है। यही कारण है कि अपने कार्य एवं संगठन शक्ति के सामर्थ्य के बल पर आज वे 2023 में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री बन गए हैं। अंत में कहना यही होगा कि डॉ मोहन यादव की चर्चा मुख्यमंत्री के पद के लिए मीडिया में और संगठन के स्तर पर अब तक कहीं से दूर-दूर तक भी नहीं थी और अचानक से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उनके नाम का प्रस्ताव करके संगठन की एकता के प्रति अपना विश्वास तो दिखाया ही है। साथ ही यह भी बता दिया कि संगठन स्तर पर भाजपा में ही इस प्रकार के निर्णय होना संभव है, यह अप्रत्याशित है। अभी एक नारा पूरे देश में गूंजता है, "मोदी है तो मुमकिन है", लेकिन अब मध्यप्रदेश की धरती से यह एक नया नारा इस निर्णय के साथ सामने आया है, "भाजपा है तो कुछ भी संभव है।" भाजपा है तो ही यह करिश्मा है कि एक ऐसे आदमी को राजनीति के माध्यम से राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था के सर्वोच्च शिखर पर बैठाया जा सकता है, जिसके बारे में कोई कल्पना में भी नहीं सोच सका था। एक आम आदमी को मुख्य धारा में लाकर कैसे बड़ा बनाकर खास बनाया जा सकता है निश्चित तौर पर यह राजनीति में स्तर पर आज अन्य पार्टियों के लिए भी सीखने के लिए भाजपा का एक पाठ है।

# मायावती के लिए आत्मचिंतन का समय

हाल ही के राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम विधानसभा के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी का ग्राफ तेजी से गिरा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ जैसे हिंदी पट्टी वाले प्रदेशों में बहुजन समाज पार्टी एक तीसरे विकल्प के रूप में अपनी ताकत का एहसास कराती आई थी। मगर इस बार के विधानसभा चुनाव में बसपा का पूरी तरह सूपड़ा ही साफ हो गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में राजस्थान में बसपा को 4 प्रतिशत वोट व 6 सीटों पर जीत मिली थी। मगर इस बार यहां बसपा 1.82 प्रतिशत वोटों के साथ मात्र दो सीटों पर ही सिमट गई है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में बसपा को मात्र 721037 वोट मिले हैं। मध्य प्रदेश में पिछली बार बसपा को दो सीट व 5.01 प्रतिशत वोट मिले थे। इस बार के बसपा को 3.40 प्रतिशत यानी 14,77,202 वोट तो मिल गए मगर सीट एक भी नहीं मिली। इसी तरह छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पिछली बार बसपा को दो सीटों के साथ 552313 यानी 3.9 प्रतिशत वोट मिले थे। मगर इस चुनाव में वहां बसपा को सीट तो एक भी नहीं मिली उसके साथ ही वोटों में भी गिरावट दर्ज हुई है। वहां बसपा को 319903 यानी 2.05 प्रतिशत वोट ही मिले हैं। तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला। वहां पार्टी को 321074 यानी 1.37 प्रतिशत वोट मिले मिजोरम में तो वैसे ही बसपा का कोई नाम लेवा नहीं है। 2022 में हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में बसपा 53 सीटों पर चुनाव लड़ी मगर एक भी प्रत्याशी नहीं जीत पाया था। वहां पार्टी को 14613 यानी 0.35 प्रतिशत मत मिले थे। पिछले गुजरात विधानसभा के पिछले चुनाव में वहां बसपा ने 101 सीटों पर चुनाव लड़ा। जिसमें 100 सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के जमानत जब्त हो गई थी। वहां पार्टी को मात्र 158123 यानी 0.5 प्रतिशत मत मिले थे। उत्तराखंड में बसपा के दो व पंजाब में एक विधाायक हैं। उत्तर प्रदेश की स्थिति देखें जहां से बसपा का जन्म हुआ था, वहां 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी महज एक सीट ही जीत सकी थी। वहां बसपा को सिर्फ 12.88 प्रतिशत मत मिले थे। वहीं 2017 के विधानसभा चुनाव में 19 सीट व 22.31 प्रतिशत वोट मिले थे। 2012 के विधानसभा चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 80 सीटों के साथ 25.91 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने 30.43 प्रतिशत वोटो के साथ 206 सीट जीतकर अपने दम पर सरकार बनाई थी। 2002 के चुनाव में बसपा को 98 सीट व 23.6 प्रतिशत वोट मिले थे। 1996 के चुनाव में 67 सीट व 19.64 प्रतिशत वोट मिले थे। 1993 के चुनाव में 67 सीट व 11.12 प्रतिशत वोट, 1991 के चुनाव में 12 सीट व 9.44 प्रतिशत वोट मिले थे। 1989 के चुनाव में पहली बार बसपा ने उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़कर 13 सीट तथा 9.41 प्रतिशत वोट पाए थे। इन आंकड़ों का विश्लेषण करें तो पता चलता है कि बहुजन समाज पार्टी का जनाधार लगातार कमजोर पड़ता जा रहा है। लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को देख तो 2019 के चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 10 सीटें व 3.67 प्रतिशत वोट मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला था। हालांकि पार्टी को 4.19 प्रतिशत वोट मिले थे। 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में 20 व मध्य प्रदेश में एक कुल 21 सीट व 6.56 प्रतिशत वोट पाए थे। 2004 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 19 सीट जीतकर 5.33 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 1999 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 14 सीट जीती थी तथा 4.16 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 1998 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में चार व हरियाणा में एक कुल पांच सीट जीती थी तथा 4.67 प्रतिशत वोट पाए थे। 1996 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 6 पंजाब से तीन व मध्य प्रदेश से दो यानि कुल 11 सीट जीती थी तथा 4.02 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1991 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने मध्य प्रदेश में एक पंजाब में एक व उत्तर प्रदेश में एक कुल तीन सीट जीती थी वहीं 1.61 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1989 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा था और पार्टी ने उत्तर प्रदेश में तीन व पंजाब में एक कुल चार सीटे जीत कर 2.07 प्रतिशत वोट पाये थे। पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी से समझौता होने के चलते 10 सीटों पर जीत जरूर हासिल कर ली थी। मगर उसके बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने समाजवादी पार्टी से अपना चुनावी गठबंधन समाप्त कर दिया था और एकला चलों की नीति पर ही 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा का चुनाव लड़ा था। जिसमें पार्टी का प्रदर्शन सबसे कमजोर रहा था। 2022 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां से बसपा एक ताकत बनकर उभरी थी और चार बार सरकार बना चुकी है। वहां मात्र एक सीट पर सिमट जाना पार्टी के नेताओं के लिए बड़े शर्म की बात है। कांशीराम के जमाने में बसपा का पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे कई प्रदेशों में बड़ा प्रभाव रहता था। लेकिन अब धीरे-धीरे बसपा सिमटने लगी है। बसपा से जीते हुए बहुत से सांसद, विधायक दल बदल कर दूसरे दलों में शामिल हो जाते हैं। जिससे बसपा दिनों-दिन कमजोर होने लगी है। राजस्थान विधानसभा के 2008 व 2018 के चुनाव में बसपा से 6-6 विधायक चुनाव जीते थे। मगर दोनों ही बार सभी विधायकों ने कांग्रेस में विलय कर गहलोत सरकार में मंत्री व अन्य लाभकारी पदों पर बैठ गए थे। कभी बसपा में कैडर पार्टी का मुख्य आधार होता था।


## Social Media Corner

सच के हक में...



देश के हृदयस्थल मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर डॉ. मोहन यादव जी और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा जी एवं राजेंद्र शुक्ला जी को हार्दिक बधाई! मुझे विश्वास है कि आपके नेतृत्व में राज्य में डबल इंजन सरकार दोगुने जोश के साथ काम करेगी और विकास के नए प्रतिमान गढ़ेगी। इस अवसर पर यहां के अपने सभी परिवारजनों को भी मैं ये भरोसा देता हूं कि भाजपा सरकार आपके जीवन को आसान बनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



कांग्रेस पार्टी की मोहब्बत की दुकान का रास्ता भ्रष्टाचार से होकर गुजरता है। भ्रष्टाचार में लिप्त रही कांग्रेस पार्टी और उनके विधायकों के लिए धीरज साहू गार्जियन हैं। और जब घर का मुखिया ही चोर हो तो वो अपने परिवार को चोरी के अलावा क्या संस्कार देगा। कांग्रेस पार्टी ने अपने उत्तराधिकारी के रूप में हमेशा भ्रष्टाचार को ही चुना,फिर पाला पोषा और बड़ा किया। भ्रष्टाचार करना और करवाना अपना राजधर्म समझने वाले कह रहे हैं कि धीरज साहू आज से नहीं बल्कि 1947 से ही राजा हैं। कांग्रेसी शासन में धीरज साहू रहे होंगे राजा, पर माननीय इरफान जी ये लोकतंत्र है आपके कांग्रेसी परिवार का राजतंत्र नहीं ,यहां राजा और मोहब्बत की झूठी दुकान चलाने वाले भ्रष्टाचारियों की जरूरत नहीं है, बल्कि जनसेवा एवं राष्ट्रसेवा को अपना धर्म समझने वाले जन प्रतिनिधि की जरूरत है।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# जूनियर महमूद: छोटी उम्र का बड़ा सितारा

भारतीय सिनेमा के इतिहास में कई शानदार बाल कलाकार हुए हैं, लेकिन इनमें एक कलाकार ने नया इतिहास लिख दिया था। वह बाल कलाकार था जूनियर महमूद, जिन्हें सिनेमा का पहला चाइल्ड स्टार कहा जाता है। एक बाल कलाकार के रूप में जो दौलत और शोहरत जूनियर महमूद को मिली, वह किसी और को नहीं मिली। जब गत आठ दिसंबर को जूनियर महमूद के देहांत की खबर आयी, तो दुख हुआ कि सिनेमा में इतिहास रचने वाला अब नहीं रहा। दुख इसलिए और ज्यादा था कि जूनियर को अपने निधन के सिर्फ 18 दिन पहले पता लगा कि उन्हें पेट में कैंसर है। उनके दोस्त राजू श्रेष्ठा ने जब कैंसर के बारे में सोशल मीडिया पर लिखा, तो यह खबर आग की तरह फैल गयी। जॉनी लीवर कहते हैं, हम जूनियर को टाटा अस्पताल ले गये, तो वहां बताया गया कैंसर चौथे स्टेज में है। इसलिए उन्हें घर वापस ले आये। ऐसे में जूनियर ने अभिनेता जितेंद्र और अपने पुराने दोस्त सचिन से मिलने की अंतिम इच्छा व्यक्त की, तो ये दोनों उनसे मिलने उनके घर पहुंचे। अभिनेता यशपाल शर्मा बताते हैं, मैं जब उनसे मिलने गया, वो पहचान तो गये, लेकिन बोल नहीं पा रहे थे। जूनियर महमूद से पहले फिल्मों में जो बाल कलाकार सबसे ज्यादा मशहूर थीं, वह थीं डेजी ईरानी। साल 1955 से करीब 1965 तक डेजी बाल कलाकार के रूप में सभी की पहली पसंद होती थीं। बड़ी होने पर वे जब वयस्क भूमिकाएं करने लगीं, तो करीब तभी जूनियर महमूद का आगमन हुआ और देखते-देखते जूनियर फिल्मों में छोटी उम्र में बड़ा चमकता सितारा बन गया। मेरी जूनियर महमूद से पहली मुलाकात 1990 में मुंबई फिल्म सिटी में एक शूटिंग के दौरान तब हुई, जब वे 34 साल के हो गये थे। जूनियर तब स्टेज शो करने के साथ-साथ फिल्म निर्माण में उतर चुके थे। उन्होंने मुझसे कहा, मैंने एक फिल्म बनायी है। यदि आप मेरे घर आकर वह फिल्म देख, मुझे अपने सुझाव देंगे, तो मुझे खुशी होगी। तब मैंने उनके घर जाकर वह फिल्म देखी। कुछ बरस बाद वे दिल्ली आये, तो मेरे घर भी आये। अपने करियर के ढलान पर जूनियर महमूद ने हिम्मत दिखाते हुए अनेक फिल्में बनायीं। उन्होंने एक हास्य फिल्म बाप का बाप बनायी, तो उसमें जूनियर के लिए संजीव कुमार और विनोद खन्ना ने मुफ्त में काम किया। बाद में एक फिल्म किस्मत की बाजी भी बनायी। साथ ही, कुछ मराठी फिल्मों का निर्माण भी किया। लेकिन फिल्म निर्माण उनके लिए आर्थिक परेशानियों का सबब बनकर रह गया। जबकि बाल कलाकार के रूप में जूनियर के पास जहां फिल्मों की लाइन लगी थी और बांद्रा में उनका अपना घर था। उस दौर में इम्पाला जैसी महंगी कार में घूमते थे। मुंबई के वडाला में 15 नवंबर, 1956 को जन्मे जूनियर महमूद का असली नाम नईम सईद था। इनके पिता मसूद अहमद रेलवे में ड्राइवर थे। परिवार में चार भाइयों और दो बहनों में नईम भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। बड़े भाई अहमर फिल्मों में स्टिल फोटोग्राफी का काम करते थे। इधर नईम वडाला के निगम विद्यालय में पढ़ते हुए कलाकारों की मिमिक्री करने लगे। एक बार नईम भाई के साथ शूटिंग देखने गया, तो उसे बच्चों की भीड़ में रख लिया गया। जूनियर बताते थे, तब पहली बार मुझे इस काम के दो रुपये मिले, तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बाद में पांच रुपये मिलने लगे। एक बार महमूद साहब के साथ फिल्म सुहाग रात में उनके साले का रोल मिला, तो उन्हें मेरा काम और अंदाज बहुत पसंद आया। उन्होंने मुझे बाकायदा अपना शागिर्द बना मुझे जूनियर महमूद कहना शुरू कर दिया। जूनियर की किस्मत तब बदली, जब निमार्ता जीपी सिप्पी की फिल्म ब्रह्मचारी के निर्देशक भप्पी सोनी ने नईम से फिल्म गुमनाम में महमूद पर फिल्मांकित गीत काले हैं तो क्या हुआ है पर डांस करने को कहा।

# दो टूक जवाब

भारतीय विदेश मंत्रालय ने एक अमेरिकी मीडिया पोर्टल पर छपी उस खबर को सिरे से खारिज किया है, जिसमें कहा गया है कि भारत ने बीते अप्रैल में उत्तर अमेरिका स्थित अपने वाणिज्य दूतावासों को उन देशों में सक्रिय कुछ सिख संगठनों के विरुद्ध कार्रवाई का लिखित निर्देश दिया था। विदेश मंत्रालय ने इस रिपोर्ट को ह्यभारत के विरुद्ध दुष्प्रचारह्व बताया है। इस वर्ष जून में कनाडा में अलगाववादी हरदीप निज्जर की हत्या हुई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया था कि हत्या में भारतीय एजेंट शामिल थे। इस मसले पर दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव भी बढ़ा, लेकिन भारत के बार-बार कहने के बावजूद कनाडा ने अपने आरोप के पक्ष में कोई सबूत नहीं दिया है। कुछ दिन पहले अमेरिका के न्याय विभाग ने कहा कि उसके यहां रह रहे खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश रची गयी, जिसमें एक भारतीय अधिकारी की भूमिका है। भारत ने हमेशा कहा है कि विदेशों में रह रहे भारत विरोधी तत्वों से निपटने का ऐसा तरीका उसकी आधिकारिक नीतियों में शामिल नहीं है। यह अजीब बात है कि अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया आदि अनेक देश वहां रहकर भारत के विरुद्ध षड्यंत्र रचने और देश को अस्थिर करने का प्रयास करने वाले संगठनों और अलगाववादियों को नियंत्रित करने के लिए कुछ नहीं करते। इस प्रकरणों के बाद भी पन्नू ने अनेक बार खुलेआम भारतीय विमानों में विस्फोट करने की धमकी दी है। हाल के समय में पश्चिमी देशों में खालिस्तानी गिरोहों की सक्रियता बढ़ी है और उन्होंने भारतीय दूतावासों को भी नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया है। ये संगठन उन देशों में रह रहे भारतीय समुदाय के बीच फूट डालने में भी लगे हुए हैं। पश्चिम में बसे भारतीय मूल के लोग तथा वहां कार्यरत भारतीय उन देशों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहां उन्हें सम्मान के साथ देखा जाता है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# आईफोन निर्माता फॉक्सकॉन कर्नाटक में करेगी 139.11 अरब रुपयों का निवेश

**नई दिल्ली ।**

कर्नाटक में आईफोन निर्माता कंपनी फॉक्सकॉन 1.67 बिलियन डॉलर यानी करीब 139.11 अरब रुपयों का अतिरिक्त निवेश करने जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार फॉक्सकॉन द्वारा अप्रैल 2024 तक कर्नाटक में आईफोन का निर्माण शुरू करने की भी उम्मीद है। इसकी जोरशोर से तैयारियां चल रही हैं। राज्य सरकार की ओर से जरी` किए गए एक बयान में इस बात की जानकारी दी गई है। गौरतलब है कि ताइवान स्थित कंपनी करीब 70 फीसदी आईफोन असेंबल करती है। कंपनी ने दक्षिण भारत में विनिर्माण सुविधाओं में भारी निवेश करके पिछले वर्ष में भारत में अपनी उपस्थिति का तेजी से विस्तार किया है। कर्नाटक में ही कंपनी ने बीते अगस्त महीने में आईफोन के लिए केसिंग कंपोनेंट और चिप बनाने वाले इक्विटमेंट्स बनाने की दो परियोजनाओं में करीब 600 मिलियन डॉलर के निवेश की घोषणा की थी। बताया जा रहा है कि फॉक्सकॉन द्वारा अप्रैल 2024 तक कर्नाटक में आईफोन का निर्माण शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इस परियोजना से करीब 50,000 नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है।

हालांकि अभी सरकार ने फिलहाल कंपनी के कर्नाटक में अतिरिक्त निवेश की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी है। कर्नाटक में फॉक्सकॉन ने जिन दो बड़े प्रोजेक्ट को शुरु करने की घोषणा की थी, उसमें पहला प्लांट फोन इन्क्लोजर प्रोजेक्ट होगा। इससे 12 हजार लोगों को नौकरी मिलेगी। वहीं दूसरा




प्लांट सेमिकॉन इक्विपमेंट प्रोजेक्ट होगा, जिसमें कंपनी 2,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी और इससे करीब एक हजार लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। कोरोना वायरस संकट और चीन व अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव की वजह से भारत सरकार ने चीन की जगह मैन्युफैक्चरिंग का विकल्प देखने वाली कंपनियों को लुभाने के लिए आकर्षित किया है। सरकार की इसी पहल पर अब आईफोन को असेंबल करने वाली कंपनी फॉक्सकॉन कर्नाटक में भारी निवेश करने जा रही है।

# सब्जी, अनाज समेत खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से फिर बढ़ी महंगाई

**नई दिल्ली ।**

सब्जी, अनाज समेत खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से खुदरा महंगाई में एक बार फिर तेजी आई है। जिसके चलते खुदरा महंगाई नवंबर में बढ़कर तीन महीने के उच्चस्तर 5.55 प्रतिशत पर पहुंच गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मंगलवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई अक्टूबर में 4.87 प्रतिशत और पिछले साल यानी 2022 के इसी महीने में 5.88 प्रतिशत के स्तर पर थी। महंगाई दर अगस्त में 6.83 प्रतिशत थी। उस समय से इसमें गिरावट जारी थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर नवंबर महीने में बढ़कर 8.7 प्रतिशत रही जो अक्टूबर में 6.61 प्रतिशत और पिछले साल नवंबर में 4.67 प्रतिशत थी। बता दें कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में खाद्य वस्तुओं की हिस्सेदारी करीब 50 प्रतिशत है। मसालों की महंगाई में सालाना आधार पर 21.55 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा दाल और उसके उत्पादों में 20.23 प्रतिशत, सब्जियों में 17.7 प्रतिशत और फलों की महंगाई में 10.95 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इधर अनाज और उसके उत्पादों की महंगाई सालाना आधार पर 10.27 प्रतिशत रही। हालांकि, तेल और वसा के खुदरा दाम में 15 प्रतिशत की गिरावट आई। एनएसओ के आंकड़ों पर ध्यान दें तो ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई 5.85 प्रतिशत रही, जबकि शहरी केंद्रों में यह 5.26 प्रतिशत रही। इससे महंगाई का राष्ट्रीय औसत 5.55 प्रतिशत रहा। जानकारी के अनसार भारतीय रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति पर विचार करते समय मुख्य रूप से खुदरा महंगाई पर गौर करता है। उसे दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ इसे चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। आरबीआई ने पिछले सप्ताह मौद्रिक नीति समीक्षा में उपभोक्ता महंगाई के चालू वित्त वर्ष में 5.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया है। इस समय ओड़िशा में महंगाई सबसे ज्यादा 7.65 प्रतिशत रही। इसके अलावा, बिहार, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, पंजाब, तेलंगाना और राजस्थान में महंगाई छह प्रतिशत से अधिक रही। वहीं दिल्ली में महंगाई दर सबसे कम 3.1 प्रतिशत रही। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि सब्जियों की महंगाई में तेज वृद्धि से खाद्य वस्तुओं और पेय पदार्थों की महंगाई बढ़कर आठ प्रतिशत हो गयी। मुख्य (कोर) उपभोक्ता महंगाई नवंबर, 2023 में 4.2 प्रतिशत रही, जो अक्टूबर 2023 में 4.4 प्रतिशत थी। अे दिति नायर ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद यह मुख्य उपभोक्ता महंगाई का न्यूनतम स्तर है।

# पीएलसी को पीछे छोड़ आईटीसी बनी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी तंबाकू कंपनी

## -सिगरेट बेचने के अलावा कंपनी के पास और भी हैं कई काम

**नई दिल्ली ।**

पीएलसी को पीछे छोड़कर इंडियन टोबाको कंपनी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी तंबाकू कंपनी बन गई है। मिली जानकारी के अनुसार कंपनी ने लंदन आधारित ब्रिटेन अमेरिका टोबाको पीएलसी को पछाड़कर यह मुकाम हासिल किया है। दरअसल, बैट के शेयरों में पिछले कुछ दिनों में जबरदस्त बिकवाली देखने को मिली जिससे कंपनी का मार्केट कैप 65 अरब डॉलर रह गया है। दूसरी ओर आईटीसी का मार्केट कैप 67 अरब डॉलर यानी 5.6 लाख करोड़ रुपये है। इस तरह से अब आईटीसी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी तंबाकू कंपनी बन गई है। आईटीसी के सिगरेट ब्रांड्स में क्लासिक, गोल्ड फ्लैक, ब्रिस्टल, नेवी कट और प्लेयर्स शामिल हैं। जानकार बता रहे हैं कि अमेरिका में धुम्रपान को लेकर बढ़ती जागरूकता और स्वास्थ्य कानूनों का असर बैट के बिजनेस पर दिख रहा है। वहीं, वेप जैसे विकल्पों के आ जाने से पारंपरिक सिगरेट की सेल में भी गिरावट आई है। कंपनी का मानना है कि यूएस में पारंपरिक सिगरेट का मार्केट अब खत्म हो रहा है। कंपनी ने यूएस में अपने ब्रांड्स की वैल्यू को घटा दिया है जिससे उसे 31.5 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। जिसके कारण लंदन स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर 10 फीसदी से ज्यादा गिर गए।

वहीं भारतीय कंपनी आईटीसी के शेयरों में तेजी दिख रही है। इसका बड़ा कारण यह है` कि आईटीसी केवल सिगरेट के बिजनेस में नहीं है। आईटीसी अपने बिजनेस को होटल से लेकर फूड-बेवरेजेस तक डायवर्सिफाई में कर रही है। देश की सबसे बड़ी होटल चेन्स में आईटीसी होटल्स भी शामिल हैं। दिल्ली में ही आईटीसी मौर्या सबसे बड़े होटलों में से एक है। आईटीसी के शेयरों ने पिछले एक साल में 34 फीसदी से ज्यादा की चढ़ाई की है। वहीं, पिछले 3 साल में ये शेयर 125 फीसदी से अधिक बढ़े हैं। बता दें कि आईटीसी में भी बैट की हिस्सेदारी। गौरतलब है` कि आईटीसी की शुरुआत इंपीरियल टोबाको कंपनी के रूप में 1910 में हुई थी। इसकी ब्रिटिश पेरेंट कंपनी की सब्सिडियरी थी। यह पेरेंट कंपनी बैट ही थी। हालांकि अब बैट की हिस्सेदारी आईटीसी में केवल 29 फीसदी ही रह गई है। आईटीसी के 80 जगहों पर 115 होटल्स हैं। यह एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स भी बेचती है।

# नोएडा में पेट्रोल महंगा तो पटना में हुआ मामूली सस्ता

**नई दिल्ली ।**

ईंधन के दामों में प्रे तिदिन संशोधन के हिसाब से आज नोएडा में पेट्रोल कुछ महंगा हो गया जबे कि पटना में पेट्रोल के भाव में मामूली गिरावट आई है। उधर अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल में मजबूती नजर नहीं आ रही है। बुधवार सुबह 6 बजे के करीब डब्ल्यूटीआई क्रूड किसी तरह हरे निशान में रहते हुए 68.68 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। वहीं, ब्रेंट क्रूड करीब 3 डॉलर लुढ़कर 73.24 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। देश में तेल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के ताजा भाव जारी कर दिए हैं। आज अधिकांश राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बड़ा बदलाव नहीं दिख रहा है। हालांकि, महाराष्ट्र में पेट्रोल की कीमत में 27 पैसे और डीजल में 24 पैसे की तेजी नजर आ रही है। इसके अलावा राजस्थान में भी पेट्रोल 17 और डीजल 15 पैसे महंगा हो गया है। झारखंड में भी इनकी कीमतों में तेजी दिख रही है। हरियाणा, केरल, कर्नाटक और पंजाब में आज पेट्रोल-डीजल की कीमत में मामूली गिरावट हुई है।

आज दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 90.08 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर, पटना में पेट्रोल 107.24 रुपये और डीजल 94.05 रुपये प्रति लीटर हो गया है। चेन्नई में पेट्रोल 102.80 रुपये



और डीजल 94.40 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 97 रुपये और डीजल 90.14 रुपये प्रति लीटर हो गया है। इसी तरह गाजियाबाद में 96.58 रुपये और डीजल 89.75 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.47 रुपये और डीजल 89.66 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# लोस सत्र : वित्त मंत्री ने दी पूरक अनुदान मांग को मंजूरी

**नई दिल्ली ।**

लोकसभा में वित्त वर्ष 2024 की पहली पूरक अनुदान मांग पर जवाब देते हुए केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार ने लोक कल्याणकारी गतिविधियों पर व्यय से समझौता किए बगैर राजकोषीय सुदृढ़ता को अपनी शीर्ष प्राथमिकता पर रखा है। सीतारमण ने कहा` कि दूसरी तिमाही में हमारी जीडीपी वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही है, जो विश्व में सर्वाधिक है। वृहद आर्थिक अवधारणा की `` दिशा में हम विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। सीतारमण ने बताया` कि लोकसभा ने 1.29 लाख करोड़ रुपये अतिरिक्त सकल व्यय को मंजूरी दे दी, जिसे सीतारमण ने पहली पूरक अनुदान मांग के रूप में प्रस्तुत किया था,` जिसमें 58,378 करोड़ रुपये शुद्ध अतिरिक्त व्यय शामिल है।अतिरिक्त व्यय की मांग उर्वरक (13,351 करोड़ रुपये) और खाद्य सब्सिडी (10,396 करोड़ रुपये), गारंटी रिडेंप्शन फंड (9,014 करोड़ रुपये) और रक्षा व्यय (5,626 करोड़ रुपये) के लिए है। वित्त मंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना को 20,000 करोड़ रुपये अतिरिक्त दिए जाने के बाद मनरेगा का कुल बजट समर्थन दिसंबर 2023 तक बढ़कर 80,000 करोड़ रुपये हो गया है। सीतारमण ने कहा कि जरूरत पड़ने पर सरकार एक बार फिर दूसरी पूरक मांग पेश करेगी। पिछले 2-3 साल में सिर्फ 2 पूरक बजट पेश करने से पता चलता है कि सरकार ने बजट बनाने में कितनी कवायद की है। सरकार किसानों और ग्राहकों के हितों के बीच संतुलन बनाने से हित किसान की जरूरतों के मुताबिक पर्याप्त मूल्य मुहैया कराने को लेकर भी सचेत है। उन्होंने कहा, 'अक्सर जब हम ऐसा करते हैं तब ऐसी स्थिति होती है कि कीमत बढ़ती है। हमें आपूर्ति संबंधी व्यवधान दूर करने और सभी माल बाजार तक लाने की जरूरत है।'केंद्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं के लिए धन जारी किए जाने को लेकर राज्यों की शिकायत पर सीतारमण ने कहा कि कुछ राज्यों ने एकल नोडल एजेंसी खाते का धन खर्च नहीं किया है। सीतारमण ने कहा कि कुछ राज्यों ने ब्रांडिंग और नाम को लेकर दिशानिर्देशों का उल्लंघन किया है।

सीतारमण ने कहा, 'अगर रो शि बची रहेगी तो स्वाभाविक रूप से उसे खर्च किए बिना अगली किस्त नहीं मिलेगी। सालाना कार्ययोजना दाखिल न किए जाने से भी केंद्रीय योजनाएं लागू नहीं हो पाएंगी।'

# ब्लैकबेरी ने की नए सीईओ की नियुक्ति

**टोरंटो ।** ब्लैकबेरी ने जॉन जे जियामाटेओ को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी और निदेशक मंडल का सदस्य नियुक्त करने की घोषणा की है, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। रिचर्ड (डिक) लिंच, जिन्होंने 4 नवंबर से अंतरिम सीईओ के रूप में कार्य किया, बोर्ड अध्यक्ष के रूप में बने रहने वाले हैं। कंपनी ने घोषणा की कि वह आईओटी और साइबर सुरक्षा व्यवसायों को अलग कर देगी, और वे पूरी तरह से स्टैंडअलोन डिवीजनों के रूप में काम करने वाले है। ब्लैकबेरी ने कहा कि वह अब आईओटी व्यवसाय की सहायक आईपीओ को आगे नहीं बढ़ाएगा। ब्लैकबेरी बोर्ड की मुआवजा, नामांकन और गवर्नेंस समिति के अध्यक्ष माइक डेनियल ने कहा, जियामाटेओ के गहन उद्योग अनुभव और प्रेरक टीमों के उत्कृष्ट ट्रैक रिकॉर्ड और परिचालन उत्कृष्टता प्रदान करने का मतलब है कि वह ब्लैकबेरी के इस महत्वपूर्ण परिवर्तन को चलाने के लिए मजबूती से तैनात हैं। जियामाटेओ ने अक्टूबर 2021 से ब्लैकबेरी की साइबर सुरक्षा व्यवसाय इकाई के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। उनके पास वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ 30 वर्षों से अधिक का अनुभव है। जियामाटेओ ने कहा, मैं सीईओ के रूप में ब्लैकबेरी के विकास के अगले चरण का नेतृत्व करने के लिए उत्साहित हूं।





# ग्रीन एनर्जी के लिए 100 अरब डॉलर खर्च करेगा अडानी ग्रुप

**नई दिल्ली ।** ग्रीन एनर्जी के लिए अडानी ग्रुप 100 अरब डॉलर खर्च करेगा। गौरतलब है कि अडानी ग्रुप ग्रीन एनर्जी के लिए काफी निवेश कर रहा है। इसकी वजह यह है कि अडानी ग्रुप अपने कारोबारों में भी ग्रीन एनर्जी का उपयोग करना चाहता है। ग्रुप की 5 कंपनियों का लक्ष्य साल 2050 तक कार्बन उत्सर्जन मुक्त होना है। इसी दिशा में आगे बढ़ने के लिए अडानी ग्रुप अगले 10 साल में ग्रीन एनर्जी पर 100 अरब डॉलर का निवेश करेगा। अहमदाबाद बेस्ड इस ग्रुप का कारोबार पोर्ट्स, एनर्जी, सीमेंट और पावर आदि सेक्टर्स में फैला हुआ है। ग्रुप ने कहा है कि उसने साल 2030 तक 100 मिलियन (10 करोड़) पेड़ लगाने का भी संकल्प लिया है। अडानी ग्रीन एनर्जी, अडानी एनर्जी सोल्यूशंस, अडानी पोर्ट्स, एसीसी और अंबुजा सीमेंट का साल 2050 तक कार्बन मुक्त बनने का लक्ष्य है। कंपनी ने एक बयान जारी कर कहा कि अडानी के पोर्टफोलियो बिजनस एक्टिव रूप से रिन्यूएबल्स की सोर्सिंग कर रहे हैं। साथ ही ऑपरेशंस का विद्युतीकरण कर रहे हैं और बायोफ्यूल्स को अपना रहे हैं। इसके अलावा वे वेस्ट हीट रिकवरी और एनर्जी स्टोरेज टेक्नोलॉजीज को अपना रहे हैं। ग्रुप की कुछ योजनाओं में हाइड्रोजन फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक ट्रक का डेवलपमेंट और गुजरात में ग्रीन हाइड्रोजन इकोसिस्टम का विकास शामिल है। ग्रुप ने अपने बयान में कहा है` कि ग्रीन हाइड्रोजन एडोप्शन अडानी ग्रुप के लिए आसान होगा। बड़े पैमाने पर रिन्यूएबल्स और एंड-टू-एंड ईपीसी कैपेबिलिटी के साथ पूरी तरह से इंटिग्रेटेड मैन्यूफैक्चरिंग सभी एक सिंगल लोकेशन पर है। इससे लागत में कमी आएगी। लॉजिस्टिक्स और माइनिंग में ट्रांसपोर्टेशन के लिए हाइड्रोजन फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक ट्रक डेवलप करने को लेकर कंपनी ने अशोक लेलैंड और बैलार्ड पावर के साथ समझौता किया है। इसकी लॉचिंग इसी साल होने की उम्मीद है।

# सराफा बाजार में सोना हुआ सस्ता, चांदी में मामूली गिरावट

**नई दिल्ली ।** सराफा बाजार में सोने के वायदा भाव आज तेजी के साथ खुले जरूर लेकिन बाद में इनके भाव में कमी देखी गई। इसी तरह चांदी के वायदा भाव की शुरूआत गिरावट के साथ हुई। आज सोने के वायदा भाव 61,100 रुपये और चांदी के वायदा भाव 71,500 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरूआत तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में नरम पड़ गए। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रैक्ट आज 15 रुपये की तेजी के साथ 61,196 रुपये के भाव पर खुला। हालांकि खबर लिखे जाने के तक यह कॉन्ट्रैक्ट 76 रुपये की गिरावट के साथ 61,105 रुपये के भाव पर था। इस समय इसने 61,196 रुपये के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 61,085 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर पा लिया। बता दें कि पिछले सप्ताह सोने के वायदा भाव ने 64,063 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छुआ था। वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरूआत गिरावट के साथ हुई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क कॉन्ट्रैक्ट आज 117 रुपये की गिरावट के साथ 71,745 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने तक यह कॉन्ट्रैक्ट 287 रुपये की गिरावट के साथ 71,575 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। बता दें कि इस समय इसने 71,745 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 71,551 रुपये प्रति किलो के भाव पर दिन का निचला स्तर पा लिया। हालों कि पिछले सप्ताह चांदी के वायदा भाव 78,549 रुपये के भाव पर दिन के उच्च स्तर पर पहुंच गए थे। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार की बात करें तो सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरूआत वहां भी आज तेज रही। लेकिन बाद इनके भाव में कमी देखी गई। कोमेक्स पर सोना 1,995.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। हालांकि पिछला क्लोजिंग प्राइस 1,993.20 डॉलर था। खबर लिखे जाने तक यह 0.40 डॉलर की गिरावट के साथ 1,992.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर रहा था।



# वित्तीय स्थिति सुधारने इक्विटी रूट से स्पाइसजेट जुटाएगी 2,250 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली ।**

वित्तीय संकट में फंसी निजी विमानन कंपनी स्पाइसजेट बोर्ड ने इक्विटी वारंट जारी करके 2,250 करोड़ रुपए (लगभग 270 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से ज्यादा जुटाने की मंजूरी दे दी है। इससे एयरलाइन की वित्तीय ताकत को मजबूती मिलेगी और इसके विकास में तेजी लायेगी। एक बोर्ड की बैठक के बाद, कंपनी ने घोषणा की है कि वह निजी प्लेसमेंट के आधार पर इक्विटी शेयर/इक्विटी वारंट जारी करेगी, जो कि आवश्यकतानुसार शेयरधारक और विनियामक अनुमोदन के अधीन होगा। प्रस्तावित तरजीही इश्यू में एलारा इंडिया अपॉर्चुनिटीज फंड, एरीज अपॉर्चुनिटीज फंड, महापात्रा यूनिवर्सल लिमिटेड, नेक्सस ग्लोबल फंड, प्रभुदास लीलाधर और रेजोनेंस अपॉर्चुनिटीज फंड जैसे निवेशक होंगे। इस संबंध में स्पाइसजेट के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण धन उगाही है और इसे स्पाइसजेट की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने, परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने, बकाया मुद्दों को निपटाने और गतिशील विमानन क्षेत्र में निरंतर विकास के लिए एयरलाइन को फिर से स्थापित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एमडी अजय सिंह ने कहा कि पूंजी जुटाने से एयरलाइन को भारत में विश्व स्तरीय एयरलाइन बनाने का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। जुटाई गई पूंजी बेड़े में वृद्धि, रूट नेटवर्क विस्तार और तकनीकी प्रगति सहित परिचालन विस्तार पहल के वित्तपोषण में सहायक होगी। इस बीच, एयरलाइन ने अपने सितंबर तिमाही के नतीजे भी जारी किए जिसमें उसने 428 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा दर्ज किया, जबकि वित्त वर्ष की इसी तिमाही में उसे 835 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा हुआ था। सिंह ने कहा जुलाई-सितंबर तिमाही ऐतिहासिक रूप से विमानन उद्योग के लिए एक चुनौतीपूर्ण रहा। इस साल, ईंधन की ऊंची कीमतों से चुनौतियां और बढ़ गईं, जिससे परिचालन लागत पर भी भारी असर पड़ा।

# मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**मुंबई ।**

अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की बैठक के नतीजे से पहले भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को मामूली बढ़त दर्ज हुई। शुरूआती गिरावट से उबरकर सेंसेक्स 34 अंक की मजबूती के साथ बंद हुआ। फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों को लेकर नतीजे जारी करने से पहले निवेशकों के सतर्क रुख और शुरूआती कारोबार के दौरान आईटी स्टॉक्स में 2 प्रतिशत तक की गिरावट के चलते बाजार बुधवार को सपाट बंद हुआ।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 33.57 अंक चढ़कर 69,584.60 अंक पर बंद हुआ। शुरूआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स 400 से ज्यादा अंक तक लुढ़क गया था। हालांकि, बाद में गिरावट से उबरकर हरे निशान में बंद हुआ। इस तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 19.95 अंक की मामूली बढ़त के साथ 20,926.35 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी की 31 कंपनियों के शेयर हरे, जबकि 19 शेयर लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, पावर ग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, सन फार्मा, भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन और टाटा स्टील के शेयर प्रमुख लाभ में रहे। दूसरी तरफ, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फाइनेंस के शेयरों में गिरावट दर्ज




की गई। स्टॉक एक्सचेंज डेटा के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) खरीदार थे, क्योंकि उन्होंने 76.86 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी। बता दें कि घरेलू और अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों ने भविष्य में जल्द ब्याज दरों में कटौती की संभावना को कम कर दिया है। इससे निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा है। नवंबर में भारत की खुदरा मुद्रास्फीति तीन महीने में सबसे तेज वृद्धि के साथ 5.55 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो अक्टूबर में 4.87 प्रतिशत और सितंबर में 5.02 प्रतिशत थी।

# आयात में बढ़ोतरी व मांग में आई भारी कमी से इस्पात के दाम गिरे

**नई दिल्ली।**

आयात में बढ़ोतरी और त्योहार के बाद मांग में आई भारी कमी से इस्पात के दाम गिर गए हैं। यही वजह है कि हालात ने देश की इस्पात मिलों को दामों में कमी के लिए मजबूर किया है। जबकि वैश्विक स्तर पर स्पात के दाम बढ़ रहे हैं। बाजार के सूत्रों के मुताबिक इस्पात कंपनियों ने दिसंबर के लिए सुझाए खुदरा दामों (लिस्ट प्राइस) में दो से तीन प्रतिशत तक की कटौती की है ताकि दाम बाजार स्तर के अनुरूप हो सकें। एक प्रमुख स्पात उत्पादक ने कहा कि यह ऐसी कमी थी ताकि कारोबार अब तक हुए आयात के साथ प्रतिस्पर्धा कर सके। इस्पात उद्योग कुछ महीनों से बढ़ते आयात, खास तौर पर चीन से कम दाम वाली सामग्री के संबंध में चिंता जताता रहा है। उद्योग जगत ने इसे सरकार के समक्ष भी उठाया है। आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया के मुख्य विपणन अधिकारी रंजन धर ने कहा कि भारतीय इस्पात क्षेत्र वर्तमान में आयात-जनित बाधाओं से जूझ रहा है लेकिन दीर्घकालिक दृष्टिकोण सकारात्मक नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले एक-दो महीने से बाजार के दाम मिल के दामों से कम पर कारोबार कर रहे हैं। इस संबंध में जेएसडब्ल्यू स्टील के संयुक्त प्रबंध निदेशक और



मुख्य कार्याधिकारी जयंत आचार्य ने कहा कि बाहर के कमजोर माहौल की वजह से आयात की तीव्रता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि मजबूत घरेलू मांग के साथ भारत कम कीमतों पर वैश्विक व्यापार के लिए आकर्षक बाजार बन गया है। उन्होंने कहा कि आयात में चीन की सबसे ज्यादा हिस्सेदारी है और यह 52 प्रतिशत तक बढ़ चुकी है। एफटीए देशों से शून्य शुल्क स्तर वाला आयात भी बढ़ गया है। आचार्य ने कहा कि उनमें से कुछ ऋणात्मक मार्जिन पर काम कर रहे हैं और उस सामग्री को भारत में खपाने की भी कोशिश कर रहे हैं।

# टायर बेचने वाले रवि उप्पल ने खड़ा किया 6 हजार करोड़ का एम्पायर

**भिलाई।** महादेव ऐप के माध्यम से सट्टा कारोबार में फंसा ऐप का मालिक रवि उप्पल 6 हजार करोड़ का आसामी है। उसने देखते ही देखते इतना बड़ा एम्पायर खड़ा कर लिया है। इससे पहले रवि भिलाई में टायर बेचने का काम करता था। इसके अलावा जगह-जगह नलकूप खनन का काम करने वाले रवि के पिता भिलाई इस्पात संयंत्र में बड़े पद पर थे, जो रिटायर हो गए थे। इस दौरान उन्होंने काफी पैसे



एकत्र कर रखें थे।रवि उप्पल जगह-जगह होने वाले आयोजनों में जाकर पैसे दिया करता था और अपने नाम का प्रचार प्रसार करवाता था। अपने आपको बड़ा आदमी बताने में लगा रहता था। इसके द्वारा सेक्टर 6 स्थित एक मंदिर में नलकूप खनन करवा कर पैसे भी नहीं लिए गए थे। जहां पर भी खेलों का आयोजन होता था वहां पर यह पहुंचकर पैसे दिया करता था। रवि उप्पल नेहरू नगर में रहता था। इस घर को उसके पिताजी ने खरीदा था। सौरभ चंद्राकर के साथ यह भिलाई में सट्टा भी खेलता था। महादेव ऐप को लेकर रवि उप्पल सौरभ चंद्राकर के साथ दुबई चला गया था।

# बर्फबारी का मजा लूटना चाहते हैं तो, पटनीटॉप हैं आपके लिए पर्फेक्ट



पटनीटॉप-सनासर (जम्मू कश्मीर)। चारों ओर बिछी हुई बर्फ की सफेद चादर, देवदार तथा चीड़ के पेड़ों से गिरते बर्फ के टुकड़े सच में यहां आने वालों को नई दुनिया का आभास देते हैं। जिधर नजर दौड़ाएं, बस बर्फ ही बर्फ दिखती है और उस पर दिखते हैं बर्फ के खेलों का आनंद उठाते हुए लोग, जो देश के विभिन्न भागों से आए थे। यह है पटनीटॉप का प्रसिद्ध और मनमोहक पर्यटन स्थल जहां सिर्फ गर्मियां ही नहीं बल्कि सर्दियां भी मनोहारी होती हैं।

जम्मू से 108 किमी दूर पटनीटॉप का रमणीय और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर स्थल समुद्रतल से 6400 फुट की ऊंचाई पर है। लंबे लंबे चीड़ और देवदार के पेड़ हर उस शख्स को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं जो प्रकृतिप्रेमी हैं। साल भर इसकी खूबसूरत ढलानों पर जमी रहने वाली बर्फ भी पर्यटकों को अपनी ओर खींच लेने की शक्ति रखती है।

जम्मू पर्यटन विभाग पटनीटॉप में बर्फ के खेलों का मजा आने वाले पर्यटकों को देने के लिए अगले कुछ दिनों में 'स्कीइंग फैस्टिवल' आयोजित करने जा रहा है। जम्मू क्षेत्र में यह अपने किस्म का वार्षिक स्कीइंग फेस्टिवल होता है जिसमें पर्यटकों को स्कीइंग तो सिखाई ही जाती है और साथ ही पर्यटक बर्फ के खेलों का आनंद भी लूटते हैं।

जब कश्मीर में आतंकी घटनाओं ने देश-विदेश के पर्यटकों को गुलमर्ग के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल से मुख मोड़ने पर विवश किया तो उत्तर प्रदेश व हिमाचल प्रदेश के बर्फीले क्षेत्र बर्फ के खेलों के विकल्प के रूप में उभर कर सामने आए थे। अब जम्मू क्षेत्र के 'पहलगाम' के रूप में जाने जाना वाला पटनीटॉप नए और महत्वपूर्ण बर्फ के पर्यटन स्थल के रूप में पूरी तरह से उभर चुका है।


पहलगाम के उपरांत पटनीटॉप को स्कीइंग स्थल के रूप में ख्याति प्राप्त करवाने में पर्यटन विभाग के जम्मू विंग का अच्छा खासा सहयोग रहा है। विभाग की मेहनत ही है कि आज पटनीटॉप में स्कीइंग और पैराग्लाइडिंग करने वालों की भीड़ लगी रहती है। स्कीइंग के लिए तो पटनीटॉप की सबसे ऊंची पहाड़ी पर बनी छोटी और बड़ी स्लोपों के साथ ही पटनीटॉप के साथ लगते नथाटाप क्षेत्र को भी इस्तेमाल में लाया जा रहा है। जो आप ही खूबसूरती की एक मिसाल है। पर्यटन विभाग की ओर से अन्य स्लोपों की तलाश तथा उनका विकास किया जा रहा है ताकि स्कीइंग के लिए आने वालों की भीड़ से निपटा जा सके।

आने वाले सभी लोगों को बर्फ के खेलों का आनंद उठाने का अवसर उपलब्ध नहीं हो पाता क्योंकि स्कीइंग साल में सिर्फ सर्दियों के अढ़ाई महीनों में ही होती है। हिमाचल में यह सिर्फ दो महीने होती है पर पटनीटॉप व नत्थाटाप में यह कभी-कभी 3 महीनों तक होती रहती है क्योंकि बर्फ पिघलती नहीं है।

ऐसा भी नहीं है कि स्कीइंग न कर पाने वालों को पटनीटॉप आकर निराश होना पड़ता हो बल्कि कई बार लोग बर्फ पर फिसलने वाली लकड़ी की स्लेज का मजा लूटते हैं। कुछ लोग बर्फ के पुतले बना बर्फ के अन्य खेलों में लिप्त होते हैं। यह सब कुछ साल के सिर्फ अढ़ाई महीनों के दौरान ही इसलिए होता है क्योंकि बर्फ इसी दौरान रहती है और गर्मियों में पटनीटॉप आने वाले इन नजारों तथा अनुभवों से वंचित रहते हैं।

गर्मियों में आने वालों को निराशा होती हो ऐसा भी नहीं है क्योंकि गर्मियों में पटनीटॉप आने का अपना ही अलग लुत्फ है जो कश्मीर के मुकाबले का है। ऐसा इसलिए है क्योंकि समुद्रतल से जितनी ऊंचाई पर पटनीटॉप स्थित है उससे कम ऊंचाई पर श्रीनगर शहर है।

कश्मीर का मुकाबला करने वाले इस अनछुए पर्यटनस्थल पटनीटॉप में बर्फ के खेलों का एक रोचक पहलू यह है कि इसका आनंद उठाने वालों में अधिकतर वे लोग हैं जो पटनीटॉप से करीब अढ़ाई घंटों की यात्रा की दूरी पर स्थित प्रसिद्ध तीर्थस्थल माता वैष्णो देवी की गुफा के दर्शनार्थ आते हैं। आधिकारिक रिकार्ड के अनुसार पटनीटॉप आने वाले पर्यटकों में 80 प्रतिशत वैष्णो देवी के तीर्थयात्री ही हैं।



# सबसे आकर्षक और बेहद खूबसूरत होती हैं इन जगहों की शाम

सुबह और शाम दिन के दो ऐसे प्रहर होते हैं, जब हमें जिंदगी के प्रति एक अलग सा लगाव महसूस होता है। हम में से कई लोग अपनी शाम पहाड़ो के बीच तो कोई नदी किनारे बीताना पसंद करता हैं। हममें से ज्यादातर लोग इन पलों को सुकून से प्रकृति के बीच महसूस करना चाहते हैं। आइए, आज उन चुनिंदा जगहों के बारे में जानते हैं, जहां की शाम बेइंतहा खूबसूरत होती है। हैं कुछ ऐसी जगहों के बारे में जहां पर आप अपनी शाम बीता सकते हैं और वाकइ में इन जगहों की शाम का नाज़ारा काफी सुंदर और देखने लायक होता हैं। तो आई जानते हैं इन जगहों के बारे में –

**बनारस –** वाराणसी शहर में लोग आध्यात्मिक उपचार की तलाश में आते हैं और गंगा यहां सबसे सुंदर अनुभव प्रदान करती है। गंगा नदी के किनारे बैठे उगते सूरज का नजारा आपको गदगद कर देगा। अगर आप सुबह जल्दी उठ सकते हैं तो नाव की सवारी भी कर सकते हैं। वैसे वाराणसी को महाकाल की नगरी भी कहा जाता है। यहां विश्व प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर स्थित है।

**राधानगर बीच, अंडमान –** अंडमान में स्थित हैवलॉक द्वीप की शाम बहुत ही खूबसूरत होती है। यह सनसेट प्वाइंट प्राकृतिक सौंदर्य के कारण दुनियाभर में लोकप्रिय है। हैवलॉक द्वीप हनीमून के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन है। पूरे एशिया में सबसे बेस्ट सनसेट प्वाइंट माना जाता है। यहां पर जाने का सही समय अक्टूबर से अप्रेल के बीच का हैं।

**टाइगर हिल –** यह सूर्योदय देखने के लिए सबसे अच्छे स्थानों में से एक है। दार्जिलिंग आने वाले पर्यटकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण रहता है। टाइगर हिल राजसी माउंट कंचनजंगा, और प्रतिष्ठित माउंट एवरेस्ट के मनोहारी दृश्य भी दिखाती है। अपनी शाम को यादगार बनाने के लिए यहां से अच्छी जगह और कोई नहीं हैं। दार्जलिंग जाने वाले पर्यटकों के लिए यह एक बहुत बड़ा आकर्षण हैं।

**नंदी हिल्स –** यहां पर आप वादियों के बीच लाल रंग के आसमान का लुत्फ उठा सकते हैं। अगर आपको एकांत पसंद करने वाले व्यक्ति हैं तो यह जगह आपके लिए एकदम सही हैं। अगर आप यहां जाना चाहते हैं तो आप उसके लिए अक्टूबर से जून में जा सकते हैं।

**उमियम लेक –** भारत के उत्तर पूर्व में स्थित यह झील सबसे शानदार स्थानों में से एक है। यह शिलांग से लगभग 15 किमी दूर स्थित है। जैसे ही सूरज उगता है और पहली किरणें झील के पानी को छूती हैं, आपको एहसास होगा कि आप किसी और दुनिया में आ गए हों।



# नए साल पर इन जगहों पर घूमें, बजट भी नहीं बिगड़ेगा

नए साल का स्वागत करने के लिए अधिकतर लोग घूमने का प्लान बनाते हैं। लेकिन साथ ही उनके मन में यह भी होता है कि नए साल का स्वागत करने के चक्कर में कहीं उनका बजट ना बिगड़ जाए। कई बार तो लोग इस वजह से अपने घूमने का प्लान भी कैंसिल कर देते हैं। अगर आपको भी लगता है कि नए साल में घूमने पर आपका बजट बिगड़ जाएगा तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आज हम आपको ऐसी कुछ जगहों के बारे में बता रहे हैं, जहां आप बजट में रहते हुए नए साल का स्वागत कर सकते हैं...

**गोवा**


नए साल पर घूमने की बात हो और गोवा का नाम ना आए, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। वैसे तो आप गोवा कभी भी घूमने जा सकते हैं, लेकिन नए साल का जश्न गोवा में एक बेहद ही अलग तरह से मनाया जाता है। अगर आप यहां गए हैं तो बोहेमियन बीच पार्टी से लेकर नाइट क्लब इवेंट्स में जाएं। दिसंबर के आखिरी दिनों में गोवा में पार्टी का दौर चालू रहता है, ऐसे में आप यहां जमकर मस्ती कर सकते हैं। अगर आप गोवा में न्यू ईयर सेलिब्रेशन करने का मन बना रहे हैं, तो टीटो क्लब, मैम्बो कैफे व बोट क्रूज पार्टी को एन्जॉय करें। अगर आप पहले से ही पैकेज बुक करवाते हैं तो आपको हर व्यक्ति का लगभग पांच से सात हजार रूपए खर्च आएगा।

**ऊटी**

अगर आप शोर-शराबे से दूर एक शांत जगह पर रहकर नए साल का स्वागत करना चाहते हैं तो आपको ऊटी जाना चाहिए। आप यहां पर आकर टी फैक्टी और म्यूजियम, बोटिंग, बोटेनिकल गार्डन में जाएं। साथ ही नए साल की फील लेने के लिए आप सड़कों पर निकल जाएं। वहां पर आतिशबाजी का माहौल देखकर आपके मन को यकीनन काफी अच्छा लगेगा। अगर आप यहां जा रहे हैं तो आपका खर्च सात से आठ हजार रूपए प्रति व्यक्ति आएगा।

**पांडिचेरी**

समुद्र तटों पर बाइक चलाने से लेकर छत पर बने कैफे में घूमने तक पॉन्डिचेरी आपको नए साल में एक अलग ही अनुभव महसूस कराएगा। खासतौर से, अगर आपका बजट काफी कम है और आप किसी बेहतरीन जगह पर घूमना चाहते हैं तो पांडिचेरी यकीनन आपकी जरूरत को पूरा करेगा। अगर आप वहां जा रहे हैं तो श्री अरबिंदो आश्रम, प्रोमेनेड बीच, हेरिटेज वॉक, विइट फ्रेंच कॉलोनी जाएं। यहां पर आपका प्रति व्यक्ति खर्च लगभग चार से पांच हजार आएगा।



# आप भी हैं कैंपिंग के शौकीन तो जरूर जाएं इन बेहतरीन जगहों पर

क्या आपको हैं कैंपिंग करने का शौक और आप खोज रहे हैं कोई ऐसी जगह जगहां पर आप आराम से और शांत वातावरण में कैंपिंग कर पाएं तो आज हम आपके लिए लाएं है कुछ ऐसी जगहों के बारे में जहां पर आप आराम से और शांत वातावरण में कैंपिंग कर सकते हैं। नेश्नल पार्क से प्राइवेट ग्राउंड तक यह हैं कुछ बहुत ही बेहतर जगह कैंपिंग करने के लिए। तो आईए जानते हैं इन जगहों के बारे में –

अलास्का-यह सबसे मशहूर और सबसे बेहतरीन कैंपिंग ग्राउंड्स में से एक हैं। यह जगह अलास्का के कूपर लैंडिंग में स्थित हैं। यह तीन कैंपसाइट लूप प्रदान करता है, जिनमें से एक झील पर है। यह वन्यजीवों के अवलोकन के लिए एक आदर्श स्थल है, जिसमें लायनक्स, भालू, गिलहरी और लॉन शामिल हैं। यहां पर जाने का सही समय मई से सितंबर का हैं।

अरिज़ोना-ग्रैंड कैन्यन-यह एक ऐसी कैंपिंग साइट हैं जो कि यहां के पर्यटकों के बीच काफी मशहूर हैं। यहां पर हर साल कई पर्यटक कैंपिंग करने आते हैं। रात के समय यहां का नज़ारा देखने लायक होता हैं। अगर आप यहां पर कैंपिंग का लुत्फ उठाना चाहते हैं तो मार्च से मई और सितंबर से नवंबर आपके लिए एकदम सही समय हैं।

अर्कांसस-पेटिट जीन स्टेट पार्क-यह पार्क अर्कांसस का पहला स्टेट पार्क हैं। यह जगह अपने पर्यटकों के 125 कैंपिंग साइट्स प्रदान करती हैं। यह जगह परिवार के साथ जाने के लिए काफी अच्छी हैं। यहां पर आपको मछली पकड़ना, स्विमिंग पूल, प्लेगाउंड, टेनिस और बास्केटबॉल कोर्ट और वॉटर स्पोर्ट्स जैसी गतिविधियां उपलब्ध कराई जाती हैं। यहां पर और भी कई खूबसूरत जगह भी हैं। यहां पर जाने का सही समय अक्टूबर से नवंबर क बीच का हैं।

कैलिफोर्निया-योसेमाइट नेशनल पार्क-वैसे तो कैलिफोर्निया में घूमने के लिए कई सारे नेश्नल पार्क्सहैं लेकिन यह पार्क कैलिफोर्निया का सबसे मशहूर पीर्क हैं। बता दें कि इस पार्क को यूनेस्कों की सूची में भी शामिल किया गया हैं। यहां पर आपकोसिकोइया के पेड़ और झरनों क बीच अपना समय बीताने का मौका मिलेगा। आपको यहां पर कैंपिंग करने के लिए पहले से ही रिसर्वेशन करना हेगा। अगर आप यहां पर कैंपिंग करने जाना चाहते हैं तो आपको मई से अक्टूबर और नवंबर से दिसंबर क बीच जाना चाहिए।

मिनेसोटा-स्प्लिट रॉक लाइटहाउस स्टेट पार्क-यहां पर आपको काफी सारे पर्यटक मिल जाएंगे यह कैंपिंग करने वाले पर्यटकों के लिए एक बहुत ही पसंदीदा स्थल हैं। इसलिए अगर आप यहां पर कैंपिंग के लिए जाना चाहते हैं तो आप अपने लिए पहले से ही रिसर्वेशन कर लें। यहां कई पर्यटक कैंपिंग के साथ साथ हाइकिंग और फिशिंग भी करने आते हैं। यहां पर जाने का सही समय जून से अगस्त के बीच का हैं।



## जम्मू कश्मीर में चलेगी वंदे भारत ट्रेन, सिर्फ 3.5 घंटे में जम्मू से श्रीनगर का सफर

नई दिल्ली । जम्मू-कश्मीर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सबसे खूबसूरत और आधुनिक ट्रेनों में शुमार वंदे भारत की सौगात दी है। मोदी सरकार ने उधमपुर से श्रीनगर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का फैसला किया है। भारत की सेमी हाईस्पीड ट्रेन जल्द ही कश्मीर की खूबसूरत वादियों के बीच दौड़ती दिखेगी। ये देश की 49वीं वंदे भारत ट्रेन होने वाली है, जिसका संचालन उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेलवे लाइन के बीच होगा। मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर को खास तौहफा दिया है, जिसकी जानकारी उधमपुर से सांसद और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने साझा की है। उन्होंने बताया है कि वंदे भारत ट्रेन अब उधमपुर-श्रीनगर बारामुला रेल लिंक परियोजना पर भी दौड़ने को तैयार है। बता दें कि इस ट्रेन को चलाने के लिए जम्मू और बारामूला के बीच रेलवे लिंक का निर्माण भी किया जा रहा है। वंदे भारत ट्रेन को इस रूट पर दौड़ाया जाएगा। इस ट्रेन के शुरू होने के बाद बारामूला को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ा जाएगा। इस सेमी हाईस्पीड ट्रेन की शुरुआत होने को लेकर केंद्रीय मंत्री सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री का भी आभार जताया है। उन्होंने कहा कि ये ट्रेन आने वाले समय में पूरे इलाके के लिए गेम चेंजर सिद्ध होगी। बता दें कि उत्तर रेलवे ने बीते सप्ताह ही यूएसबीआरएल का ट्रायल रन किया था जो सफलता के साथ पूरा हुआ है। वंदे भारत ट्रेन को भी इस ट्रैक पर ही दौड़ाया जाएगा। इस वंदे भारत ट्रेन में आठ डिब्बे होंगे। माना जा रहा है कि इस ट्रेन की रफ्तार 160 किलोमीटरप्रतिघंटा तक होगी और इसमें यात्रियों की सुविधा के लिए हर सामान मौजूद है। वर्तमान में देश में कुल सात रूट पर वंदे भारत ट्रेन दौड़ रही है।

## लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पर लगी आग, यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया

मुंबई । मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन की कैंटीन में बुधवार को आग लग गई। जानकारी के मुताबिक, आग ने स्टेशन के बुकिंग और वेटिंग हॉल को भी अपनी चपेट में ले लिया। अधिकारियों ने कहा कि यात्रियों को स्टेशन से बाहर निकाला गया और आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। उन्होंने बताया कि घटना में किसी की मौत नहीं हुई या कोई घायल नहीं हुआ। मध्य रेलवे के एलटीटी स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर जन आहार कैंटीन में दोपहर 2.45 बजे आग लग गई। कथित आग की घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया, जिसमें रेलवे स्टेशन की छत से ऊपर उठता काला धुआं देखा जा सकता है। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शिवराज मानसपुरे ने जन आहार कैंटीन में आग लगने की पुष्टि की और कहा कि दोपहर करीब साढ़े तीन बजे आग पर काबू पा लिया गया।

## पीएम मोदी 25 दिसंबर को करेंगे अयोध्या एयरपोर्ट का उद्घाटन

नई दिल्ली । पीएम नरेंद्र मोदी आगामी 25 दिसंबर को अयोध्या एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। बता दें कि अयोध्या इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा रखा गया है। जिसका काम 15 दिसंबर तक पूरा करने का आदेश दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार एयरपोर्ट का काम लगभग पूरा हो चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिलहाल लाइसेंस की प्रक्रिया जारी है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने एयरपोर्ट को टिकटों की बुकिंग के लिए एवायजे कोड भी जारी कर दिया है। संभावना जताई जा रही है कि एयरपोर्ट से पहली उड़ान 10 जनवरी को शुरू हो सकती है और यह पहली उड़ान दिल्ली के लिए हो सकती है। मीडिया में आ रही रिपोर्ट के मुताबिक 2200 मीटर लंबे और 45 मीटर चौड़े रनवे का निर्माण पूरा हो गया है, जिसपर एयरबस-ए 320 उड़ान भर सकता है। वहीं सुल्तानपुर स्टेट हाइवे पर स्थित डाभासेमर के पास से एयरपोर्ट आने-जाने का नया फोरलेन मार्ग बन गया है। जानकारी के मुताबिक एयरपोर्ट में दो टैक्सी-वे और एक एप्रेन का निर्माण भी हो चुका है। इस एप्रेन में चार हवाई जहाज एक साथ खड़े हो सकेंगे। यहां पर एक आइसोलेशन एरिया भी बनाया गया है, जहां आपातस्थिति में जहाज को खड़ा किया जा सकेगा। एयरपोर्ट अथॉरिटी की दूसरे चरण में 3,125 मीटर और तीसरे चरण में 3,750 मीटर लंबा रन-वे बनाने की तैयारी है, जिस पर बड़े जहाज भी आसानी से उतर सकेंगे।

## हिमाचल-उत्तराखंड में हुई बर्फबारी के कारण शीतलहर की चपेट में आएंगे कई राज्य

नई दिल्ली। हिमाचल-उत्तराखंड जैसे कई पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी हुई है। इसका असर दूसरों राज्यों पर भी पड़ेगा। भारतीय मौसम विभाग का कहना है कि जिन इलाको में बर्फबारी हुई है वहां तापमान में काफी गिरावट आ गई है। मौसम के खुलते ही शीतलहर की संभावना बढ़ जाएगी। इसका प्रभाव जिन राज्यों पर आएगा वहां ठंड बढ़ेगी और तापमान में गिरावट आएगी। आईएमडी के मुताबिक हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान शून्य या इससे नीचे हैं। प्रसिद्ध तीर्थ स्थल केदारनाथ में शून्य से 7 डिग्री नीचे तापमान दर्ज किया गया। बदरीनाथ और गंगोत्री-यमुनोत्री में मंगलवार दोपहर बाद से ही बर्फबारी शुरू हो गई। इसी तरह, जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में माइनस 4.8 डिग्री सेल्सियस पारा रहा। इस बीच, मौसम विभाग ने बारिश का अनुमान भी व्यक्त किया है। पहाड़ों पर बर्फबारी का असर उत्तर भारत में नजर आएगा। मौसम विभाग के मुताबिक, अभी कुछ राज्यों में तापमान सामान्य से थोड़ा अधिक है, लेकिन जैसे ही पहाड़ों से चली सर्द हवाएं मैदानी राज्यों तक पहुंचेंगी, तापमान में गिरावट आएगी।

## एयर इंडिया केबिन क्रू और पायलट्स के लिए मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन की यूनिफॉर्म

मुंबई । प्रायवेट विमानन कंपनी एयर इंडिया के केबिन क्रू और पायलट्स के लिए मनीष मल्होत्रा ने यूनिफॉर्म डिजाइन की है। जिसे कंपनी ने मंगलवार को अपने चालक दल के सदस्यों (केबिन और कॉकपिट क्रू) के लिए पेश की। इसे फैशन डिजायनर मनीष मल्होत्रा ने तैयार किया है। इस संबंधन में कंपनी ने कहा कि नई पोशाक अगले कुछ महीनों में चरणवार तरीके से उपयोग में लाई जाएगी। इसे सबसे पहले देश के पहले एयरबस ए350 विमान के चालक दल सदस्यों को पहनने के लिए दिया जाएगा। वीडियो के अनुसार एयरलाइन की महिला केबिन क्रू सदस्य आधुनिक लुक के साथ ओम्ब्रे साड़ी पहनेंगी, जबकि पुरुष बंदगले का सूट पहनेंगे। कॉकपिट क्रू के लिए, प्रसिद्ध डिजाइनर मल्होत्रा ने क्लासिक ब्लैक सूट डिजाइन किए हैं। एयर इंडिया का नया यूनिफॉर्म अगले कुछ महीनों में चरणबद्ध तरीके से इस्तेमाल में लाया जाएगा। एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैम्पबेल विल्सन ने कहा कि एयर इंडिया की चालक दल की पोशाक विमानन इतिहास में दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित वर्दी में से एक है, और हमारा दृढ़ विश्वास है कि मनीष मल्होत्रा का अभिनव पहनावा एयर इंडिया के भविष्य की कहानी के लिए रोमांचक और नया अध्याय लिखेगा। मनीष मल्होत्रा ने इन डिजाइंस के बारे में कहा कि उनका उद्देश्य ऐसी वर्दी बनाना है जो भारत की विविध संस्कृति और परंपराओं के सार को कैप्चर करे और साथ ही एक आधुनिक और परिष्कृत रूप भी दे सके। उन्होंने कहा कि मैं इस काम के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि मुझे एयर इंडिया के लिए वर्दी डिजाइन करने का मौका मिला है।

## गुजरात में 'आप' को बड़ा झटका, विसावदर से विधायक ने दिया स्तीफा, भाजपा जॉइन करेंगे

अहमदाबाद । आम आदमी पार्टी (आप) को गुजरात में बड़ा झटका लगा है। जूनागढ़ से आप विधायक भूपत भायाणी ने इस्तीफा दे दिया है। भूपत भायाणी ने अपना इस्तीफा गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी को सौंप दिया। भूपत भायाणी ने आप छोड़ने के साथ ही भाजपा जॉइन करने का भी ऐलान कर दिया है। भूपत भायाणी के इस्तीफे से गुजरात आप में हड़कम्प मच गया है। भायाणी के इस्तीफे को लेकर गुजरात आप के पूर्व प्रमुख गोपाल इटालिया की आपत्तिजनक टिप्पणी भी चर्चा का विषय बन गई है। फिलहाल गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी ने भूपत भायाणी का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। भायाणी के इस्तीफे से गुजरात विधानसभा फिर एक बार खंडित हो गई है। भूपत भायाणी ने कहा कि उन्होंने अपने समर्थक और मतदाताओं से पूछकर इस्तीफा देने का फैसला किया है। बता दें कि 2022 में हुए गुजरात विधानसभ के चुनाव में भाजपा ने 156 सीटों पर रिकार्ड जीत दर्ज की थी। कांग्रेस को 17 और आप को 5 सीटों पर जीत मिली थी। 5 में से एक विधायक के इस्तीफे से गुजरात में आप के केवल 4 विधायक रह गए हैं। चर्चा है कि आप के एक और विधायक सुधीर वाघाणी जल्द ही इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

# पंजाब और हरियाणा से निकले खतरनाक अपराधी, विदेशों में बैठकर करा रहे हैं अपने इशारों पर अपराध

### भारत की गिरफ्त से दूर है क्यों ?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कनाडा स्थित गैंगस्टर अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श दल्ला, जिसने जनवरी में उत्तर-पश्चिमी दिल्ली में एक व्यक्ति की हत्या की साजिश रची थी, और यूके स्थित कपिल सांगवान, जिसने अप्रैल में दिल्ली भाजपा के पदाधिकारी सुरेंद्र मटियाला को टक्कर मारी थी, मोस्ट वांटेड की सूची में शामिल हैं। ये लोग दिल्ली पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के रडार पर हैं। दिलचस्प बात यह है कि अधिकांश सूचीबद्ध गैंगस्टर विपरीत विदेशों से काम कर रहे हैं। यह सभी कई अन्य राज्यों से चीजों का प्रबंधन कर रहे है और अपने मुकाम में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। जांचकर्ताओं ने कहा कि अपराधी 2024 में पुलिस के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनने जा रहे हैं क्योंकि उनकी मुंबई अंडरवर्ल्ड जैसी कार्यप्रणाली है जिसमें वे विदेश में रहते हुए अपने गुर्गों के माध्यम से हत्याएं और जबरन वसूली करते हैं।




खालिस्तान टाइगर फोर्स के प्रमुख और मारे गए आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर के करीबी सहयोगी दल्ला उत्तर पश्चिमी दिल्ली में एक व्यक्ति की नृशंस हत्या में शामिल थे। दिसंबर-जनवरी में, उसने दिल्ली में एक हिंदू व्यक्ति की तलाश करने और उसे मारने के लिए दो हमलावरों को काम पर रखा था। हत्यारों - नौशाद और जग्गा - ने त्रिशूल टैटू वाले एक व्यक्ति को निशाना बनाया और उसका सिर काट दिया। दोनों ने इस कृत्य को रिकॉर्ड किया और वीडियो को एक चैट ऐप पर दल्ला को भेजा। जनवरी में, दल्ला को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा नामित आतंकवादी घोषित किया गया था।

समझा जाता है कि पुर्तगाल में रहने वाला हिमांशु भाऊ भी पुलिस के लिए एक चुनौती बन गया है क्योंकि वह वहां से बेशर्मी से जबरन वसूली रैकेट चलाता है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उसकी उम्र 21-22 साल है और वह करीब दो दर्जन जघन्य मामलों में वांछित है।

हाल ही में राजस्थान में करणी सेना प्रमुख सुखदेव गोगामेड़ी की हत्या के बाद रोहित गोदारा भी इस सूची में हैं। कुछ समय पहले फर्जी पासपोर्ट पर पुर्तगाल और अजरबैजान के बीच यात्रा करने का संदेह था, गोदारा को आखिरी बार 'गधा मार्ग' का पालन करते हुए जाना गया था, जो अन्य देशों में कई स्टॉप के माध्यम से अमेरिका और कनाडा में अनधिकृत प्रवेश के लिए एक अवैध आव्रजन विधि है।

लॉरेंस बिश्नोई का सबसे करीबी सहयोगी गोल्डी बरार विभिन्न राज्यों की पुलिस को वांछित है। सिद्धू मूस वाला की हत्या के बाद से राष्ट्रीय जांच एजेंसी भी उसके पीछे लगी हुई है। दिल्ली के कई कारोबारियों, बिल्डरों और सट्टेबाजों से उनसे रंगदारी की मांग की गई है। शुरुआत में कनाडा में रहने के बाद, जब उनके प्रतिद्वंद्वियों ने वहां अपना आधार मजबूत कर लिया, तो कथित तौर पर वह अमेरिका भाग गए। बंबीहा सिंडिकेट के शीर्ष गुर्गे गौरव उर्फ लकी पटियाल ने मूस वाला की हत्या के बाद बिश्नोई को खत्म करने की कसम खाकर पुलिस का ध्यान आकर्षित किया। वह हाल ही में तब सुर्खियों में आया जब अगस्त में अजरबैजान से प्रत्यर्पित किए गए गैंगस्टर सचिन बिश्नोई ने आर्मेनिया में घुसने और पटियाल को खत्म करने की अपनी योजना का खुलासा किया।

गैंगस्टर से आतंकवादी बना लखबीर सिंह उर्फ लांडा हरिके दिल्ली पुलिस की निगरानी में है क्योंकि उसका नाम मोहाली में आरपीजी हमले के मामले और एक शिव सेना नेता की हत्या के अलावा दिल्ली और पंजाब में व्यापारियों को कई जबरन वसूली कॉल में आया है।

## सच्चे सामाजिक न्याय का प्रतीक है 3 राज्यों में मुख्यमंत्रियों का चयन : सुशील मोदी

पटना । बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि तीन राज्यों में मुख्यमंत्रियों का चयन सच्चे सामाजिक न्याय का प्रतीक है। यहां पर बिना सीएम-फेस घोषित किए तीन हिंदी प्रदेशों में चुनाव लड़े गए और तीनों राज्यों में स्पष्ट बहुमत पाने के बाद भाजपा ने छत्तीसगढ़ में आदिवासी समुदाय के विष्णु साय, मध्य प्रदेश में पिछड़े वर्ग के डॉ. मोहन यादव और राजस्थान में स्वर्ण समाज के भजन लाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाकर सामाजिक न्याय का ऐसा उदाहरण सामने रखा है, जिससे 2024 से पहले इंडी गठबंधन की हवा निकल गई। सुशील मोदी ने तीनों मनोनीत मुख्यमंत्रियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अब नीतीश कुमार बनारस में रैली करें या फूलपुर से चुनाव लड़ लें, कहीं उन्हें कोई पूछने वाला नहीं है। जदयू पहले उत्तर प्रदेश और अब मध्य प्रदेश विधानसभा की 10 सीटों पर जमानत जब्त करवाकर बिहार के बाहर अपनी औकात देख चुका है। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि विपक्षी गठबंधन ने किसी यदुवंशी को मुख्यमंत्री नहीं बनाया और बिहार में जिन्हें बनाने के लिए एड़ी-चोट का जोर लगाया जा रहा है, वे नौकरी के बदले जमीन मामले में आरोपित हैं। उनकी एक मात्र योग्यता लालू प्रसाद का पुत्र होना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टीम ने नए मुख्यमंत्रियों के चयन में सभी वर्गों को साथ लेकर चलने और सबका सम्मान करने की गारंटी साबित की। राज्यसभा सांसद ने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा के पक्ष में आए जनादेश से हताश इंडी गठबंधन को बैठक टालनी पड़ी। विपक्षी राज्यों के मुख्यमंत्री किनारा करने लगे हैं। मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन साझा उम्मीदवार तय करना तो बहुत दूर की बात है, अब तक उप-समितियों की बैठक नहीं कर पाया।



# राहुल गांधी पर बीजेपी का पलटवार, अनुराग ठाकुर बोले- कांग्रेस ने देश को जो घाव दिए हैं, इतिहास उसका गवाह है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जवाहरलाल नेहरू के खिलाफ गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी पर राहुल गांधी के हमले का जवाब देते हुए, भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को आजादी के बाद तत्कालीन रियासतों को भारत संघ के साथ एकीकृत करने में सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान का जिक्र किया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि इतिहास पूर्व पीएम जवाहरलाल नेहरू और कांग्रेस पार्टी को कभी माफ नहीं करेगा। राजनीतिक फायदे के लिए कांग्रेस ने देश को जो घाव दिए, इतिहास उसका गवाह है।



भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने दावा किया कि भारत के पहले गृह मंत्री द्वारा नियंत्रित रियासतों में कोई समस्या नहीं थी, लेकिन देश के पहले प्रधान मंत्री नेहरू द्वारा प्रबंधित एक राज्य (जम्मू और कश्मीर) में कई चुनौतियाँ थीं। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 का मसौदा क्यों तैयार किया गया था? यह अस्थायी था। कांग्रेस के लोग इसके विरोध में थे। ये इतिहास की हकीकत है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित इतिहास से अच्छी तरह वाकिफ हैं। हम सभी उनसे बहुत कुछ सीखते हैं। उन्होंने कहा कि नेहरू पर शाह की टिप्पणी इतिहास की हकीकत है।

रविशंकर प्रसाद ने कहा कि 550 रियासतें थीं, उन्हें सरदार पटेल संभालते थे, वहां कोई समस्या नहीं है। एक को नेहरू संभालते थे... वह आज तक समस्याग्रस्त है। ज्यादातर समस्याएं 2019 में खत्म हो गईं। प्रसाद ने दावा किया कि राहुल गांधी सच्चाई से भाग रहे हैं। उन्होंने कहा, 'अमित शाह को इतिहास का पूरा ज्ञान है। आपके ज्ञान के बारे में देश भर में बहुत कुछ कहा जाता है। मैं उस बारे में कुछ नहीं कहना चाहता।' बीजेपी नेता गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी को इतिहास का कोई ज्ञान नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि उन्होंने माउंटबेटन और रोमिला थापर का इतिहास पढ़ा है।

इससे पहले राहुल गांधी ने भारत के पहले प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू पर अपनी टिप्पणी को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि मंत्री इतिहास नहीं जानते हैं और इसे 'फिर से लिखते रहते हैं'। उन्होंने अपने बयान में कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू ने भारत के लिए अपनी जिंदगी दे दी, सालों जेल में रहें। गृह मंत्री अमित शाह को शायद इतिहास नहीं मालूम... ये बात केवल भ्रमित करने के लिए की गई है। मूल मुद्दा जातीय जनगणना, भागीदारी और देश का धन किसके हाथों में जा रहा है, ये है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के इतिहास पर एचएम अमित शाह पर तंज कसते हुए कहा, 'ऐसा लगता है कि राहुल गांधी ने माउंटबेटन द्वारा लिखित इतिहास का अध्ययन किया है, क्योंकि अमित शाह केवल भारत के इतिहास के बारे में बोलते हैं।'

## शराब कर चोरी केस : आयकर विभाग ने कांग्रेस सांसद धीरज साहू की धन तलाशी में लगाये जीईओ सर्विलांस

**रांची (एजेंसी)।** ओडिशा के बोलांगीर जिले में कर चोरी की सूचना के बाद हफ्ते भर से जारी आयकर विभाग का तलाशी अभियान जारी है। इस बीच बोलांगीर देशी शराब निर्माण इकाई से संबधित परिसरों पर छापेमारी के बाद अब आयकर विभाग की नजर कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू के खिलाफ आयकर विभाग का एक्शन जारी है और अब तक उनके ठिकानों से करीब 350 करोड़ कैश बरामद हुए हैं। जमीन के भीतर खजाना की संभावना को लेकर आयकर विभाग की टीम कांग्रेस सांसद धीरज साहू के घर समेत परिसरों पर लगातार आठ दिनों से इनकम टैक्स के अधिकारी कार्रवाई कर रहे हैं।

दरअसल, धीरज साहू के घर को मंगलवार की देर शाम को जीईओ सर्विलांस सिस्टम के जरिए खंगाला गया। आयकर विभाग की टीम को शक था कि जमीन के अंदर रुपए और जेवरात छिपे हो सकते हैं, यही वजह है कि टीम ने इस तकनीक का सहारा लिया। जीईओ सर्विलांस सिस्टम की मदद से हो रही छापेमारी के बाद सांसद धीरज साहू के आवास पर हलचल बढ़ गई है।

दरअसल, इससे पहले आयकर विभाग ने ओडिशा के बोलांगीर जिले में देशी शराब निर्माण इकाई से संबधित परिसरों में तलाशी अभियान के दौरान 350 करोड़ रुपये से अधिक की बेहिसाब नकदी तथा लगभग तीन किलोग्राम सोना बरामद किया। अधिकारियों ने बताया कि जैसे ही छापेमारी पूरी हुई, आयकर टीम सुतापाड़ा स्थित कंपनी के दो प्रबंधकों को पूछताछ के लिए अज्ञात स्थान पर ले गई। कंपनी का स्वामित्व झारखंड निवासी कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू के परिवार के पास है।

बोलांगीर और संबलपुर में बैंक कर्मचारियों सहित 200 से अधिक लोग नकदी की तलाशी और गिनती में लगे हुए थे। छापेमारी बोलांगीर, टिटलागढ़, बौध, राउरकेला, सुंदरगढ़ और भुवनेश्वर में की गई। आयकर विभाग के महानिदेशक संजय बहादुर छापेमारी की निगरानी के लिए भुवनेश्वर में डेरा डाले रहे।

## रेड लाइट और स्लम एरिया के गरीब बच्चों के लिए शुरु हुई पुलिस पाठशाला

**-दो दर्जन से अधिक बच्चे को पढ़ाते हैं पुलिस और शिक्षक**

**मुजफ्फरपुर (एजेंसी)।** जिस रेड लाइट इलाके के बच्चे कभी पुलिस को देखते डर जाते थे। आज वहीं बच्चे पुलिस अंकल से पढ़कर उनके जैसा ही पुलिसवाला बनने के सपना देख रहे हैं। यह सब मुमकिन हुआ है मुजफ्फरपुर पुलिस और रेड लाइट इलाके से आने वाली सामाजिक कार्यकर्ता नसीमा खातून की बदौलत। इस लेकर ओपी में पुलिस पाठशाला खोली गई है।

मुजफ्फरपुर में रेड लाइट इलाके के बच्चों को पढ़ने के लिए पुलिस पाठशाला की शुरुआत की गई है। ताकि, स्लम एरिया के गरीब और रेड लाइट एरिया के बच्चों को पढ़ाकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। पाठशाला में पूरी क्लास रूम की तरह व्यवस्था की गई है। इसमें पहली कक्षा से लेकर आठवीं क्लास के बच्चों को क्लास दी जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस पाठशाला में अभी करीब दो दर्जन से अधिक बच्चे पढ़ाई करने आ रहे हैं। इस पाठशाला में पुलिसकर्मी के साथ अलग स्कूल के टीचर भी क्लास देते हैं। पढ़ने के लिए पेन, पेंसिल समेत अन्य सामान दिया जाता है। बच्चों के पढ़ने के लिए थाने के बगल में खाली जगह को टेंट से घेर दिया गया है।

कमरे को क्लास रूम की शक्ल देने के लिए दीवार पर अल्फाबेट, ककहरा, टेबल और राइम्स बोर्ड भी लगाया गया है। फर्श पर बैठकर बच्चों को पढ़ने के लिए ग्रीन मैट बिछाया गया है। ताकि, बच्चों को ठंड का एहसास नहीं हो। कन्हौली थाने पर शुरू हुई पुलिस पाठशाला चर्चा का केंद्र बना हुआ है। शहर के रहने वाले भी जिला पुलिस की इस पहल को काफी सराहना कर रहे हैं।

इसकी पहल सामाजिक कार्यकर्ता नसीमा और एक स्कूल के शिक्षक ने की है। इसके बाद पाठशाला शुरू हुआ। करीब एक माह पहले यह क्लास पांच बच्चों से शुरू हुआ था। अब यहां दो दर्जन से अधिक बच्चों ने नामांकन कराया है। वे नियमित क्लास करने के लिए आते हैं। बच्चों को पढ़ाने के लिए रोज नए-नए टीचर आते हैं। इसके अलावा बच्चों को पुलिसकर्मियों के कार्यशैली भी बताई जाती है।

## भय के माहौल में जीने को विवश जनता, अपराध नियंत्रण के दावे बने जुमला

**-सपा अध्यक्ष अखिलेश के जारी बयान में आरोप - जीरो टॉलरेंस रह गया जीरो**

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में आतंक तथा भय के माहौल में जीने को विवश नागरिकों को देखते हुए अपराध नियंत्रण के दावे अब जुमला मात्र रह गये हैं। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जारी एक बयान में कहा कि जीरो टॉलरेंस अब जीरो हो गया है। महिलाओं, बच्चियों के अलावा अब बच्चे भी यौन उत्पीड़न के शिकार हो रहे हैं जो शासन और प्रशासन के लिए शर्म की बात है। राजधानी लखनऊ में ही महिलाएं-बच्चियां सुरक्षित नहीं है। मुख्यमंत्री का रोमियो स्क्वाड और गश्ती पुलिस दल वारदातों के समय कहीं दिखाई नहीं देता है। हद तो यह है कि अब अधिकारी स्तर की महिलाएं भी अपनी आबरू नहीं बचा पा रही हैं।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में हर चार दिन में एक बच्चा यौन शोषण का शिकार हो रहा है। आंकड़ों से यह सच्चाई स्पष्ट है। अपराध की ये घटनाएं विचलित करने वाली हैं। वाराणसी में वर्ष 2022 में 18 साल से कम उम्र के 46 बच्चे-बच्चियां दुष्कर्म की शिकार हुई। 41 के साथ छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज हुई। वाराणसी कमिश्नरेट के थानों में वर्ष 2022 में बच्चे, बच्चियों से सम्बन्धित 241 मुकदमें दर्ज किए गए।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि वाराणसी में विवाहित महिलाएं घरेलू हिंसा की रोज ही शिकार हो रही हैं। नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार वाराणसी में 485 महिलाओं ने अपने उत्पीड़न के मुकदमें दर्ज कराए। दहेज हत्या के 25 केस दर्ज हुए। 208 महिलाओं का अपहरण हुआ। उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि भाजपा सरकार के पास सिर्फ जुमले हैं और बहकाने के लिए झूठे आश्वासन हैं। भाजपा ने बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं, नारी वंदन जैसी योजनाएं सिर्फ दिखावे के लिए शुरू की है। बेटियां सुरक्षित नहीं है और नारी वंदन उनके क्रंदन से अभिशापित है। जनता भाजपा सरकार के निकम्मेपन से ऊब चुकी है और वह अब 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बेदखल करके ही चैन लेंगी।

## जद(यू) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 29 दिसंबर को दिल्ली में

नई दिल्ली । बिहार के एक प्रमुख राजनीतिक दल जनता दल (यूनाइटेड) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 29 दिसंबर को राजधानी दिल्ली में होगी, जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आफाक अहमद खान की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में बुधवार को यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया, ''राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह (नेता संसदीय दल) ने 29 दिसंबर 2023 को पूर्वाह्न 11:30 बजे नयी दिल्ली में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक निर्धारित की है। इस बैठक में पार्टी के सर्वोच्च नेता बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य शामिल होंगे।



# पीओके को लेकर भारत की चुनौती से तिलमिलाया पाकिस्तान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने एक बार फिर पाकिस्तान को चिंता में डाल दिया है। वजह ये है कि भारत ने कह दिया है कि पीओके हमारा है और हम इसे लेकर रहेंगे। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के भारत में विलय का समय आ गया है। मोदी सरकार का अगला लक्ष्य कश्मीर का एकीकरण है। गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर की 24 सीटों को आरक्षित रखा गया है, क्योंकि हम अभी-भी ये मानते हैं जिसको जो बोलना है वो बोले। इस सदन में बोला हुआ शब्द इतिहास बनता है। आज फिर से कहना चाहता हूं। पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है। हमारा है और हमसे कोई नहीं छीन सकता। अमित शाह का ये बयान इस बात का प्रमाण है कि भारत सरकार पीओके को वापस लेने के लिए अटल है। अडिग है पीओके सिर्फ ज़मीन का एक टुकड़ा नहीं जिसे पाकिस्तान ने दगाबाजी से हथिया लिया था। बल्कि पीओके में भारत के प्राण हैं। पीओके को वापस लेना भारत के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न नहीं, बल्कि पीओके भारत का अभिन्न अंग है।

संसद से गृह मंत्री अमित शाह ने न सिर्फ एक-एक सवाल का जवाब दिया, बल्कि जम्मू-कश्मीर का कायाकल्प करने के लिए अहम बिल पेश किया। अमित शाह ने राज्यसभा में जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम बिल पेश किया जिसे लोकसभा में पहले ही पारित किया जा चुका है। इस विधेयक के तहत जम्मू-कश्मीर में कुल सीटें बढ़कर 119 हो जाएंगी, जिसमें पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की 24 सीटें भी शामिल हैं, जो खाली रहेंगी। इसके साथ अमित शाह ने कांग्रेस पर सवाल उठाते हुए कह दिया कि आखिर 370 को सिर्फ कश्मीर में ही क्यों लागू किया गया था, किसी और जगह क्यों नहीं। अमित शाह ने कहा, शेख अब्दुल्लाह को विशेष स्थान देने का आग्रह था. इस कारण विलय देर हुआ। इस कारण पाकिस्तान को आक्रमण करने का मौका मिला। मैं आज ये पूछना चाहता हूं कि इतने सारे कठिन राज्यों का विलय हो गया। कहीं पर 370 क्यों नहीं है। न जोधपुर में है। न जूनागढ़ में है। न हैदराबाद में है। न लक्षद्वीप में है। क्यों 370 नहीं है। संवेदनशील हृदय के कारण 370 है। कंडीशन किसने रखी। किसने स्वीकार की। इतिहास जवाब मांगता है। देश की जनता जवाब मांगती है। जवाब देना पड़ेगा। भाग नहीं सकते इतिहास से। ये वही पीओके है जिसे लेकर देश की संसद से लेकर यूएन तक भारत शपथ ले चुका है। भारत कह चुका है कि पीओके खाली करो। पूरा कश्मीर भारत का था और अब भारत का होगा और पीओके की भारत वापसी का प्लान बहुत बड़ा है। इसके लिए डिप्लोमैटिक लेवल पर सारी तैयारियां की जा चुकी हैं।

भारत के इस प्लान से पाकिस्तान सन्न है। इसीलिए 370 को लेकर भारत की सर्वोच्च अदालत के फैसले के बाद पाकिस्तान तिलमिलाया हुआ है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था स्ट्रेचर पर है और पाकिस्तान की सरकार व्हीलचेयर पर, लेकिन अब भी वो बाज नहीं आ रहा। पाकिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी को सुप्रीम कोर्ट के फैसले से ज़बरदस्त मिर्ची लगी है। जिलानी ने कहा, अंतरराष्ट्रीय कानून भारत की 5 अगस्त 2019 की एकतरफा और अवैध कार्रवाइयों को मान्यता नहीं देता है, भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का कोई मूल्य नहीं है। जम्मू-कश्मीर का मसला दशकों से संयुक्त राष्ट्र में है। इस तरह से कश्मीरियों का हक छीना नहीं जा सकता. पाकिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री के अलावा पाकिस्तान के 2 पूर्व विदेश मंत्री भी तिलमिला गए। यानी पाकिस्तान की छटपटाहट साफ़ समझी जा सकती है।

THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Thursday, 14 December 2023

## फिदायीन हमले में मरने वाले जवानों की संख्या 23 हुई

कराची । पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान मिलिट्री बेस पर सोमवार देर रात हुए फिदायीन हमले में 23 सैनिकों की मौत हो गई। पाकिस्तान सूत्रों के मुताबिक 11 दिसंबर को देर रात 2:30 बजे आतंकियों ने हमला किया इसमें 23 सैनिकों की मौत हो गई। रात हुए इस हमले में कई सैनिक नींद में ही मारे गए। सेना ने शुरुआत में आतंकियों की मिलिट्री पोस्ट में घुसने की कोशिश को नाकाम कर दिया। इसके बाद आतंकी विस्फोटकों से भरी गाड़ी लेकर मिलिट्री पोस्ट में घुस गए। आत्मघाती हमले में मिलिट्री पोस्ट की इमारत ढह गई। पाक सेना ने सभी 6 आतंकियों को मार गिराया है। इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) ने ली है। उधर पाकिस्तानी सेना के डेरा इस्माइल खान और कुलाची इलाके के पास चलाए गये दो अलग-अलग अभियान में 21 आतंकी मारे गए जबकि 2 सैनिक शहीद हो गये। इससे पहले पाकिस्तान में 4 नवंबर को मियांवाली एयरबेस में हथियारों से लैस आत्मघाती हमलावर एयरफोर्स के ट्रेनिंग बेस में घुस गए थे। पाकिस्तानी एयरफोर्स ने सभी 9 आतंकियों को मार गिराया था। मुठभेड़ के दौरान एक फ्यूल टैंकर और 3 एयरक्राफ्ट तबाह हो गए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक तहरीक-ए- जिहाद पाकिस्तान ने हमले की जिम्मेदारी ली थी।

## रिट्रीवर डॉग देख राष्ट्रपति जेवियर ने रोका काफिला

ब्यूनस आयर्स । राष्ट्रपति पद की शपथ लेकर घर लौट रहे अर्जेंटीना के नवनियुक्त राष्ट्रपति जेवियर मिलई ने एक कुत्ते को देखकर अपना काफिला रोक दिया। उन्होंने बीच सड़क पर गोल्डन रिट्रीवर डॉग को हेलो किया और उसके शरीर पर हाथ फेरा जेवियर डॉग लवर है, वो उन्हें चार पंजे वाला बेबी कहते हैं। राष्ट्रपति जेवियर मिलई का यह वीडियो अब वायरल हो रहा है।

## संसद में इजरायल को कोस रहे तुर्किए के सांसद को आया हार्ट अटैक

तेल अवीव । इजरायल को कोस रहे तुर्किए के सांसद को भरी सभा में हार्ट अटैक आ गया। रिपोर्ट के अनुसार, तुर्की के सांसद हसन बिटमेज तुर्की ग्रैंड नेशनल असेंबली में इजराइल-हमास युद्ध के संबंध में तुर्की के कार्यों की आलोचना करते हुए भाषण देते समय गिर पड़े। यह संसदीय सत्र के दौरान हुआ और उनके गिरने का सीधा प्रसारण देखने को मिला। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, बिटमेज मधुमेह से पीड़ित हैं। उन्हें गिरने के बाद अस्पताल ले जाया गया और उनकी हालत गंभीर है। बिटमेट ने इजरायल-हमास युद्ध पर तुर्की की प्रतिक्रिया की आलोचना कर कहा कि भले ही इतिहास चुप रहे, लेकिन सच्चाई चुप नहीं रहेगी। भले ही आप यातना से बच जाएं। इतिहास के अनुसार, तुम परमेश्वर के क्रोध से बच नहीं सकते है। उनके गिरने के बाद, सांसदों में से चिकित्सा पेशेवर तुरंत उनकी सहायता के के लिए आगे आए, और आपातकालीन सेवाएं आने तक प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की। तुर्की के स्वास्थ्य मंत्री फहार्टिन कोका ने सूचित किया कि बिटमेज अपने भाषण के दौरान परेशान हो गए थे और आश्वासन दिया कि चिकित्सा कर्मचारियों द्वारा उन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही थी।

## 700 साबुन की बट्टियों से खिसकाई 220 टन की बहुमंजिला इमारत

ओटावा । कनाडा में 220 टन की बहुमंजिला इमारत को साबुन की 700 बट्टियों के सहारे खिसकाने में इंजीनियरों को सहायता मिली है। कनाडा के नोवा स्कोटिया में इंजीनियरों एवं कारीगरों ने साबुन की 700 बट्टियों का इस्तेमाल किया। रियल स्टेट की 197 साल पुरानी इमारत को ढहाने से बचा लिया गया। इमारत के संरक्षण और पुनर्स्थापना की दिशा में यह एक बड़ी सफलता मानी जा रहा है। जो इमारत खिसकाई गई है, वह 1826 में निर्मित हुई थी। बाद में इसे एक होटल के रूप में बदल दिया गया था। जर्जर हालत में भवन पहुंच जाने के कारण इसको गिराने के आदेश हुए थे। जिसने यह कंपनी खरीदी थी। उसने इमारत को शिफ्ट करने की योजना बनाई। वह बिल्डिंग को शिफ्ट करने में सफल हुआ।

## इज़्रायल-हमास संघर्ष : गाजा में 18,400 फिलीस्तीनियों की मौत

गाजा। हमास-इज़्रायल के संघर्ष में फिलिस्तीन क्षेत्र में मृतकों की संख्या 18,400 से अधिक हो गई है। गाजा पट्टी में स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस तथ्य की पुष्टि करते हुए बताया है कि मंगलवार तक गाजा पर इजरायली सैन्य हमलों में कुल 18,412 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 50,100 अन्य घायल हुए हैं। सूत्रों ने पिछले घंटों के दौरान, 207 फिलिस्तीनियों के शवों को गाजा पट्टी के अस्पतालों में स्थानांतरित किया, जबकि इजरायली छापे में 450 अन्य घायल हो गए थे। दक्षिणी इज़रायल पर हमास के अचानक हमले के जवाब में इज़ायल 7 अक्टूबर से गाजा में लगातार हवाई और जमीनी हमले कर रहा है। हमास के हमले में इजरायली क्षेत्र में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे। नवंबर के अंत में हमास द्वारा इजरायली जेलों से 240 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में 105 इजरायली बंधकों को मुक्त करने के लिए 10 दिवसीय युद्धविराम लागू किया गया था।

## जलवायु वैश्विक परिवर्तन पर नहीं बनी आम राय

दुबई । जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक वार्ता में एक बार फिर कोई निर्णय नहीं हो पाया। बैठक के अंतिम दिन तक वार्ताकारों में कई मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई। बैठक में फासिल फ्यूल जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से चलन से बाहर करने का कोई जिक्र नहीं किया गया है। कॉप 28 के महानिदेशक मजीद अल-सुवेदी के अनुसार जो पहले कभी नहीं हुआ,इसका एक हिस्सा है। प्रस्ताव के मसौदे में जीवाश्म ईंधन को शामिल करना है। कॉप वार्ता के मसौदे में पहली बार फॉसिल फ्यूल शब्द का इस्तेमाल किया गया है। इसका उपयोग कम करने की बात कही गई है। चरणबद्ध तरीके से इसके उपयोग में कटौती करने की बात कही गई थी। बैठक में जीवाश्म ईंधन कोयला, तेल और गैस के उपयोग को चलन से बाहर करने इसका प्रस्ताव था।

## एआई ऐप्स और वेबसाइट का हो रहा गलत इस्तेमाल

### - महिलाओं की फोटो से कपड़े उतार रहीं हैं ऐप्स

सैन फ्रांसिस्को । हालिया रिसर्च में एआई ऐप्स और वेबसाइटों के इस्तेमाल से जुड़े एक नए तरह के अपराध के बारे में बताया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, रिसर्चर्स और प्राइवेसी एक्सपर्ट्स इस बात से चिंतित हैं कि लोग एआई ऐप्स और वेबसाइट का इस्तेमाल महिलाओं की तस्वीरों में छेड़छाड़ करके डिजिटली उनके कपड़े उतारने के लिए कर रहे हैं। इन आपत्तिजनक ऐप्स का इस्तेमाल काफी तेजी से बढ़ रहा है। सोशल नेटवर्क विश्लेषण कंपनी ग्राफिका की एक चौंकाने वाली रिपोर्ट बताती है कि अकेले सितंबर महीने में लगभग 24 मिलियन यानी करीब ढाई करोड़ लोगों ने इन कपड़े उतारने वाले एआई टूल का इस्तेमाल किया है। इस रिपोर्ट ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में प्रगति के कारण गैर-सहमति वाली अश्लीलता में वृद्धि पर चिंता जताई है। ग्राफिका के मुताबिक, इनमें से कई कपड़े उतारने या 'न्यूड करने' वाली सर्विसेज अपनी मार्केटिंग के लिए पॉपुलर सोशल नेटवर्क का उपयोग करती हैं। शोधकर्ताओं ने बताया कि इस साल की शुरुआत से, एक्स और रेडिट सहित कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अनड्रेसिंग ऐप्स का विज्ञापन करने वाले लिंक की संख्या 2,400 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गई है। ये सर्विसेज़ किसी फोटो को फिर से बनाने के लिए एआई का इस्तेमाल करती हैं, जिससे फोटो में मौजूद व्यक्ति को न्यूड कर दिया जाए। इसमें कई सर्विसेज़ ऐसी हैं जो कि सिर्फ महिलाओं पर काम करती हैं। बता दें कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस काफी तेजी से पॉपुलर हो रहा है। कई एआई टूल्स तो लॉन्च के बाद से ही काफी चर्चा में हैं। इसके आने से लोगों के कई काम काफी आसान हो गए हैं। एआई से लोग नई भाषाएं सीख रहे हैं, वीडियो एडिटिंग के बारे में जान रहे हैं, नई-नई फोटो क्रिएट कर पा रहे हैं। इससे न सिर्फ स्टूडेंट्स और आम लोगों को, बल्कि बड़ी कंपनियों को भी मदद मिल रही है।




ब्रातिस्लावा, स्लोवाकिया में प्रदर्शनकारियों ने एक विशेष अभियोजक के कार्यालय को ख़त्म करने की सरकार की योजना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। साइन पर लिखा है स्लोवाकिया आपसे शर्मिंदा है।

## हमास के खिलाफ चल रही जंग को लेकर अमेरिका ने इजराइल को चेताया

वॉशिंगटन। अमेरिका कब किसके साथ हो जाए और कब किसका साथ छोड़ दे कोई नहीं जानता। इजराइल और हमास के बीच चल रही जंग में कुछ ऐसी ही भूमिका देखी गई। कभी गाजा के नागरिकों के बहाने अप्रत्यक्ष तौर पर हमास के साथ दिखा तो कभी इजराइल के हौसले बढ़ाने के लगातार प्रयास करता रहा। अब एक बार फिर अमेरिका ने इजरायल को चेताते हुए संदेश दिया है कि उसके इजरायल से बहुत अच्छे संबंध नहीं है।ये बात उस समय सामने आई जब अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने इजरायली पीएम नेतन्याहू के साथ अपने संबंधों की ओर इशारा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री एक मुश्किल स्थिति में हैं और दोनों के बीच वर्तमान में मतभेद हैं। यहूदी हनुक्का उत्सव के लिए व्हाइट हाउस के एक स्वागत समारोह में बोलते हुए बाइडेन ने नेतन्याहू के साथ अपने दशकों पुराने संबंधों को याद किया। उन्होंने नोट किया कि उन्होंने इजराइली नेता के उपनाम का उपयोग करते हुए कहा कि मैं तुम्हारी एक बड़ी बात से सहमत नहीं हूं जो तुम्हें कहना पड़े। बाइडेन ने बड़े पैमाने पर यहूदी दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा कि आज भी लगभग वैसा ही है। उन्होंने कहा कि इज़राइल एक मुश्किल स्थिति में है और कुछ इजराइली नेतृत्व के साथ मेरे मतभेद हैं। उन्होंने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया कि दोनों व्यक्तियों के बीच क्या मतभेद हैं, हालांकि हाल के हफ्तों में उन्होंने हमास के खिलाफ मौजूदा युद्ध और फिलिस्तीनियों के साथ व्यवहार जैसे मुद्दों को शामिल किया है। इजराइली आंकड़ों के अनुसार, हमास के 7 अक्टूबर के सीमा पार हमले के प्रति इजराइल की प्रतिक्रिया के समर्थन के लिए बाइडेन को तीव्र आलोचना का सामना करना पड़ा है, जब आतंकवादियों ने 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी और 240 लोगों को बंधक बना लिया था। अब तक लगभग 100 बंधकों को मुक्त कराया जा चुका है।

# गाजा में सीजफायर पर यूएन ने किया प्रस्ताव पास, भारत ने दिया समर्थन

### -नेतन्याहू जंग बंद करने के पक्ष में नहीं, कहा-कुर्बानियों का लेंगे बदला

**तेल अवीव (एजेंसी)।** यूनाइटेड नेशन्स जनरल असेंबली में मंगलवार देर रात को गाजा में सीजफायर पर प्रस्ताव पारित हो गया। भारत ने इसके पक्ष में वोट किया। प्राप्त समाचार के मुताबिक 193 सदस्यीय यूएन में यूएई, सऊदी अरब समेत 153 देशों ने सीजफायर के पक्ष में वोट किया। अमेरिका, इजराइल समेत 10 देशों ने युद्धविराम के खिलाफ वोट किया। जबकि 23 देश वोटिंग में शामिल ही नहीं हुए। इधर, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को चेतावनी दी। बाइडेन ने कहा कि गाजा में लगातार हमले करने की वजह से इजराइल ग्लोबल सपोर्ट खो रहा है। उन्हें जंग में रुख बदलना चाहिए। अगर




ऐसा नहीं किया तो इसका असर आने वाले समय में ठीक नहीं होगा। इस बीच नेतन्याहू ने माना की उनके अमेरिका से कुछ मुद्दों पर मतभेद हैं। दरअसल, अमेरिका इजराइल पर गाजा में आम लोगों को बचाने के लिए सख्त कदम उठाने दबाव डाल रहा है। हालांकि, इजराइल इसके खिलाफ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू ने मंगलवार रात एक वीडियो स्टेटमेंट जारी किया। इसमें कहा कि हम जंग कैसे खत्म कर दें। हमारे नागरिकों और सैनिकों ने बेशुमार कुर्बानियां दी हैं। उन लोगों को खत्म किया जाएगा जिन्होंने हैवानियत दिखाई है।

नेतन्याहू ने कहा कि 1990 के दशक में हमने ओस्लो अकॉर्ड के रूप में एक गलती की थी। एक समझौता किया था। अब हम इसे दोहराना नहीं चाहते। अमेरिका से कुछ मुद्दों पर सहमति नहीं है। इसके बावजूद हम मदद के लिए उनके शुक्रगुजार हैं। उन्होंने कहा कि हमने ग्राउंड ऑपरेशन का फैसला काफी विचार के बाद किया था और अब यह तभी खत्म होगा जब हमास का खात्मा कर दिया जाएगा। बंधकों की रिहाई पर कुछ चीजें चल रही हैं। सही वक्त पर ये बताई जाएंगी। अमेरिका और इजराइल के मतभेदों के बीच खबर है कि अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन जल्द ही इजराइल दौरे पर आ रहे हैं। माना जा रहा है कि ऑस्टिन बंधकों की रिहाई और सीजफायर पर प्रेसिडेंट जो बाइडेन का कोई मैसेज नेतन्याहू को दे सकते हैं।

हालांकि कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक- इजराइली डिफेंस मिनिस्टर योव गैलेंट के न्योते पर ऑस्टिन तेल अवीव आ रहे हैं। ऑस्टिन का यह दौरा इसलिए भी खास है, क्योंकि अमेरिका इजराइल पर यह दबाव डाल रहा है कि वो गाजा में आम लोगों को बचाने के लिए सख्त कदम उठाए। हालांकि, इजराइल का यह कहना है कि आम नागरिकों की ओट लेकर हमास आतंकी हमले कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्टिन किसी भी सूरत में इजराइल से सीजफायर के लिए नहीं कहेंगे। उनका पूरा फोकस इस बात पर होगा कि इजराइली सरकार और सेना गाजा में आम लोगों के लिए राहत के रास्ते खोले।

## ऋषि सुनक को लेकर सर्वे में चौंकाने वाले आंकड़े, 70प्र. लोगों की ये है राय



**लंदन (एजेंसी)।** YouGov द्वारा प्रकाशित एक सर्वेक्षण के अनुसार, ब्रिटेन के प्रधान मंत्री ऋषि सुनक अब तक की सबसे खराब रेटिंग पर खिसक गए हैं। उनकी सरकार को रवांडा नीति विवाद का सामना करना पड़ रहा है। सर्वेक्षण में पाया गया कि 70 प्रतिशत लोगों की राय प्रधानमंत्री के प्रति प्रतिकूल है जबकि 21 प्रतिशत की राय अनुकूल है। इसका मतलब यह है कि ऋषि सुनक की नेट अनुकूलता रेटिंग माइनस 49 पर है जो नवंबर के अंत से 10 अंक कम है और पिछले साल अक्टूबर में पीएम बनने के बाद से उनका सबसे कम स्कोर है।

सर्वेक्षण के अनुसार 2019 टोरी मतदाताओं में से अधिकांश 56 प्रतिशत ने कहा कि उनका सुनक के बारे में नकारात्मक विचार था, जबकि 40 प्रतिशत का दृष्टिकोण सकारात्मक था। यह स्कोर बोरिस जॉनसन के कार्यकाल के अंतिम महीनों के स्कोर के बराबर है, लेकिन यह अभी भी लिज़ ट्रस से अधिक था। यह तब आता है जब ऋषि सुनक को अपनी कंजर्वेटिव पार्टी की छवि को बहाल करने की कोशिश में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इस बीच, सर्वेक्षण के अनुसार विपक्षी लेबर पार्टी आगे चल रही है।

ऋषि सनक की पार्टी को एक आंतरिक विवाद का सामना करना पड़ रहा है जिसने शरण चाहने वालों को रवांडा में निर्वासित करने के लिए प्रधान मंत्री की हस्ताक्षर नीति को रद्द करने की धमकी दी है। टोरी सांसद फिलिप डेविस ने कहा कि पार्टी अवैध आप्रवासन को रोकने की अपनी इच्छा में 'पूरी तरह से एकजुट' है, उन्होंने कहा, 'हम सभी इस विचार में एकजुट हैं कि हम अवैध आप्रवासन को रोकना चाहते हैं, और यह भी कि हम सोचते हैं कि उन्हें रवांडा भेजा जाए, तीसरा देश वास्तव में सही समाधान है।

## महादेव ऐप के मालिक उप्पल को दुबई पुलिस ने हिरासत में लिया

**दुबई (एजेंसी)।** सट्टेबाजी के लिए फेमस हुए महादेव ऐप के मालिक रवि उप्पल पर कानूनी शिकंजा कस दिया है। रवि को दुबई पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और उसे जल्द भारत लाया जाएगा। छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के लिए सिरदर्द बने इस ऐप ने राज्य की समूची राजनीति में हलचल मचा दी थी। कई दिग्गज नेताओं के नाम सामने आने के बाद मुख्य आरोपी रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर फरार चल थे। रवि उप्पल के अलावा 2 अन्य आरोपियों को भी हिरासत में लिया गया है। रवि उप्पल के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी था। भारतीय जांच एजेंसियां दुबई सुरक्षा एजेंसी के संपर्क में हैं। रवि उप्पल महादेव ऐप के मुख्य आरोपियों में से एक है। उसे गिरफ्तार कर जल्द ही डिपोर्ट किया जाएगा। आरोपी सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। वह महादेव ऐप का दूसरा प्रमोटर है। इन दोनों ने एक बयान में महादेव ऐप और सट्टेबाजी घोटाले में शामिल होने से इनकार किया है। उन्होंने इसकी जिम्मेदारी शुभम सोनी पर डाल दी। ईडी ने यूएई में भारतीय दूतावास से शुभम सोनी का बयान लिया है।

ये मामला छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में मुद्दा भी बना था। कांग्रेस और बीजेपी इस पर आमने-सामने थीं। छत्तीसगढ़ के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा था कि इसकी जांच 2 साल से चल रही है। जब तक ऑनलाइन सट्टेबाजी पर रोक नहीं लगेगी, कुछ नहीं रुकेगा। ऑनलाइन सट्टेबाजी करने वालों के लाखों फर्जी अकाउंट हैं। केंद्र सरकार को इनकी पहचान कर इन्हें बंद करना चाहिए। वहीं, रैली में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि कांग्रेस ने विश्वासघात के अलावा कुछ नहीं दिया। कांग्रेस ने महादेव के नाम पर भी घोटाला किया है। आज देश विदेश में महादेव घोटाले की चर्चा हो रही है। बीते दिनों में मुंबई क्राइम ब्रांच ने एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। मामला आधिकारिक तौर पर सेंट्रल साइबर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया। जांच के लिए 5 सदस्यीय एसआईटी गठित की गई है। बता दें कि दुबई में बैठे प्रमोटर्स पर 60 से ज्यादा अवैध ऑनलाइन बेटिंग ऐप के जरिए घोटाले को अंजाम देने का आरोप है। ईडी ने दावा किया कि ये तकरीबन 6 हजार करोड़ का घोटाला है। इस मामले में ईडी ने 14 लोगों को आरोपी बनाया है।

## 4 केसों में फंसे इज़्राइली पीएम नेतन्याहू की बढ़ीं मुश्किलें

**तेल अवीव (एजेंसी)।** रिश्वत के एक और धोखाधड़ी के 3 मामले में दो माह बाद 4 दिसंबर से सक्रिय न्यायालयीन प्रक्रिया से इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू मुश्किलों में फंसते नजर आ रहे हैं। हमास के हमले के कारण बंद इजराइली कोर्ट दो माह बाद 4 दिसंबर से फिर से एक्शन में आ गई हैं। 4 साल पहले शुरू हुए इन केसों को नेतन्याहू के वकील अब कोर्ट से सुनवाई स्थगित करने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि युद्ध चल रहा है, इसलिए उनके (नेतन्याहू) पास तैयारी करने का समय नहीं है। इजराइली पीएम गठबंधन, वॉर कैबिनेट और पार्टी सभी मोर्चों पर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। एक सर्वे में सामने आया है कि इजराइली के 75प्र. लोगों का कहना है कि पीएम नेतन्याहू को अभी या फिर एक बार युद्ध खत्म हो जाए तो इस्तीफा दे देना चाहिए। वहीं बंधकों के परिजन भी पीएम पर सवाल उठा रहे हैं। वहीं, अधिकारियों का कहना है कि गाजा में सैन्य अभियान और संघर्ष विराम के फैसले में नेतन्याहू की भूमिका नहीं है।



इजराइली अधिकारियों का दावा है कि आईडीएफ से जुड़े हुए सारे फैसले रक्षा मंत्री योएव गैलेंट करते हैं। इजराइली सेना के दो पूर्व जनरल बेन्नी गेंज और गेडी आइसेनकोट शामिल होते हैं। वॉर कैबिनेट के 5 लोगों के कोर ग्रुप में नेतन्याहू दरकिनार हो गए हैं। गैलेंट को नेतन्याहू ने मार्च में बर्खास्त करने की कोशिश की थी। बेन्नी गेंज हालिया चुनावी सर्वे में नेतन्याहू से काफी आगे हैं। इजराइल-हमास युद्ध को लेकर हाल में हुए 2 बड़े फैसलों में नेतन्याहू की भूमिका नहीं के बराबर रही है। पहला-गाजा में इजराइली सेना की कार्रवाई के समय का फैसला। दूसरा- 110 से ज्यादा बच्चों और महिला बंधकों की रिहाई के लिए हमास के साथ सप्ताहभर के संघर्ष विराम पर सहमति देना।

नेतन्याहू सरकार पर आरोप है कि वह फैसला नहीं ले पा रही है कि गाजा में युद्ध खत्म होने के बाद क्या होगा? गठबंधन के साथी चाहते हैं कि इजराइली सेना को स्थाई रूप से गाजा पट्टी में रहने दिया जाए। लेकिन, अमेरिका चाहता है कि सेना गाजा छोड़ दें और फिलिस्तीनी अथोरिटी को ताकतवर बनाएं ताकि वह सत्ता को संभाल सकें।

नेतन्याहू कट्टरपंथी गठबंधन में फंस गए हैं क्योंकि 18 महीने तक विपक्ष में रहने के बाद जब पीएम नेतन्याहू गठबंधन सरकार बनाने जा रहे थे, तो भ्रष्टाचार के आरोपों के मुख्य पार्टियों ने उनका साथ देने से इनकार कर दिया। सरकार बनाने के लिए नेतन्याहू ने धुर दक्षिणपंथी पार्टियों के साथ गठबंधन बनाया। बजट आवंटन के सारे फैसले उनकी सहयोगी धार्मिक पार्टियां करती हैं, जिन्होंने अरबों रुपए वेस्ट बैंक में सेटलमेंट और धार्मिक स्कूलों को आवंटित किए।

## अनुच्छेद 370 पर चीन ने कहा-आपसी बातचीत से मुद्दा सुलझाए

शंघाई। भारत सरकार के अनुच्छेद 370 के निर्णय पर सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगा दी है। इसके बाद दुनिया के कई देशों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दीं है। इसमें चीन और पाकिस्तान भी शामिल है। चीन ने मंगलवार को कहा कि कश्मीर मुद्दा भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। इस मुद्दे पर पाकिस्तानी पत्रकार के सवाल पर चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि कश्मीर के मुद्दे पर, चीन की स्थिति पूर्ववर्त और स्पष्ट है।उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच यह बेहद पुराना विवाद है और इसे संयुक्त राष्ट्र घोषणा-पत्र, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्तावों और प्रासंगिक द्विपक्षीय समझौतों के अनुसार शांतिपूर्ण तरीकों से हल किया जाना चाहिए। माओ निंग ने कहा कि इससे जुड़े पक्षों को संवाद और मंत्रणा के माध्यम से विवाद को सुलझाने और क्षेत्र में शांति तथा स्थिरता स्थापित करने की जरूरत है। पाकिस्तान ने सोमवार को इस मामले मे प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि अनुच्छेद 370 पर भारत के उच्चतम न्यायालय के फैसले का कोई कानूनी महत्व नहीं है। इसके साथ ही उसने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून भारत की पांच अगस्त, 2019 की एकतरफा और अवैध कार्रवाइयों को मान्यता नहीं देता है। दसुप्रीम कोर्ट ने पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को सोमवार को सर्वसम्मति से बरकरार रखा और केंद्र शासित प्रदेश (जम्मू कश्मीर) का राज्य का दर्जा जल्द से जल्द बहाल किए जाने एवं अगले साल 30 सितंबर तक विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया था।

# जेलेंस्की से मुलाकात के बाद बोले बाइडन, हम पुतिन के मंसूबे सफल नहीं होने देंगे

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि तानाशाही का परिणाम मौत,तबाही और विनाश के अलावा कुछ नहीं होता है। ऐसे में अमेरिका किसी भी देश के अमानवीय रवैया को स्वीकार नहीं कर सकता है। ये बात बाइडेन और उनके यूक्रेनी समकक्ष जेलेंस्की के बीच हुई मुलाकात के बाद कही। जेलेंस्की ने कांग्रेस नेताओं से यूक्रेन के लिए फंडिंग की अनुमति देने का भी आग्रह किया। वहीं इस दौरान बाइडेन ने प्रेसिडेंशियल ड्रॉडाउन अथॉरिटी के तहत 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर के सैन्य पैकेज की भी घोषणा की। ज़ेलेंस्की ने अमेरिका और अन्य साझेदारों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और इसे यूक्रेन के लिए एक विशेष दिन बताया, क्योंकि लगभग 600,000 सैनिक अब रूस के खिलाफ चल रहे युद्ध में लड़ रहे हैं।जेलेंस्की ने कहा कि यह उनका दिन है, और वे हर दिन साबित करते हैं कि यूक्रेन जीत सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार, जेलेंस्की मंगलवार को एक महत्वपूर्ण क्षण में वाशिंगटन पहुंचे, क्योंकि व्हाइट हाउस ने चेतावनी दी थी कि यूक्रेन को अमेरिकी सहायता जल्द ही बंद हो सकती है और कांग्रेस में नई सहायता पर बातचीत रुकी रहेगी। बाइडेन ने एक्स पर पोस्ट किया, हम पुतिन को सफल नहीं होने दे सकते और न ही होने देंगे। यूक्रेन के साथ खड़ा होना स्वतंत्रता के साथ खड़ा होना है। रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने मंगलवार को अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉनसन के साथ बैठक की, जो लगभग 30 मिनट तक चली।

जैसे ही ज़ेलेंस्की व्हाइट हाउस पहुंचे, बाइडेन ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बाइडेन ने यूक्रेन के लिए अटूट समर्थन के लिए अमेरिका को धन्यवाद दिया। विशेष रूप से, कीव और मॉस्को के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका यूक्रेन को सैन्य और मानवीय सहायता की पेशकश कर रहा है। जेलेंस्की ने कहा कि व्हाइट हाउस में वापस आकर और यहां जो बाइडेन से मिलकर मुझे खुशी हो रही है। मैं यूक्रेन के लिए अमेरिका के अटूट समर्थन के लिए आभारी हूं, जिसमें आज घोषित 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर का सैन्य सहायता पैकेज भी शामिल है। हमारा समुद्री निर्यात फिर से शुरू हो गया है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था, जो अब 5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, और वैश्विक खाद्य सुरक्षा दोनों को मजबूती मिली है। हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, और राष्ट्रपति बाइडेन के साथ हमारी बातचीत में, हम आगे के तरीकों पर चर्चा कर रहे हैं।हम 2024 के लिए स्पष्ट और प्राप्य प्राथमिकताएं हैं, जिसमें रूस को उसकी हवाई श्रेष्ठता से वंचित करना और उसके आक्रामक अभियानों को विफल करना, संयुक्त रूप से हथियार बनाना और यूक्रेन का समर्थन करने के लिए जमी हुई रूसी संपत्तियों का उपयोग करना शामिल है। स्वतंत्रता अच्छी तरह से सशस्त्र और अच्छी तरह से संरक्षित होनी चाहिए।

माइक जॉनसन ने कहा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ उनकी अच्छी मुलाकात हुई। हालांकि, वह अपने रुख पर अड़े रहे कि अमेरिका को सहायता बिल पर आगे बढ़ने से पहले सीमा पर ध्यान देने की जरूरत है। बैठक के बाद, जॉनसन ने कहा कि शुरू से ही, जब मुझे जिम्मेदारी सौंपी गई थी, हमें इस बात पर स्पष्टता की आवश्यकता थी कि हम यूक्रेन में क्या कर रहे हैं और हम कीमती करदाताओं के डॉलर के खर्च की उचित निगरानी कैसे करेंगे, और हमें इसकी आवश्यकता थी। माइक जॉनसन ने कहा कि किसी भी राष्ट्रीय सुरक्षा पूरक व्यय पैकेज पर पहली शर्त सबसे पहले हमारी अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा है।

# सूर्यकुमार यादव ने दक्षिण अफ्रीका में रचा इतिहास, धोनी और कोहली दोनों को पछाड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सूर्यकुमार यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वर्षा प्रभावित मैच में ऐतिहासिक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। भारत को दूसरे टी20आई मैच में हार का सामना करना पड़ा जिससे दक्षिण अफ्रीका तीन मैचों की टी20आई सीरीज में 1-0 से आगे निकल गया।

भारत की ओपनिंग जोड़ी के फेल होने के बाद सूर्यकुमार ने तिलक वर्मा और फिर रिंकू सिंह के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की। सूर्यकुमार अर्धशतकीय पारी खेलकर वापस लौटे और इतिहास रच दिया। सूर्यकुमार दक्षिण अफ्रीका में बतौर कप्तान टी20आई क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। सूर्यकुमार ने 36 गेंदों पर 5 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 56 रन की पारी खेली।

सूर्यकुमार ने इस मामले में धोनी को पीछे छोड़ दिया है जिन्होंने 2007 में 45 और 36 रन बनाए थे। इसी के साथ ही सूर्यकुमार विराट कोहली के रिकॉर्ड को भी तोड़ने में कामयाब रहे और सबसे तेज 2000 रन बनाने वाले क्रिकेटर बन गए। टी20आई में अपनी 56वीं पारी खेलते हुए सूर्यकुमार इस मुकाम तक पहुंचे। इनिंग के मामले में चाहे दोनों एक साथ हैं लेकिन मैचों की संख्या के मामले में वह (सूर्यकुमार 59वां मैच) पूर्व भारतीय कप्तान (कोहली 60वां मैच) से एक मैच आगे है।

सूर्यकुमार अक्टूबर 2022 में नंबर 1 रैंक वाले टी20आई बल्लेबाज बने और तब से इस पद पर कायम हैं। पिछले वर्ष 31 मैचों में 1164 रनों के साथ समाप्त करते हुए, सूर्या ने 2023 में भी अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखी। वह अब तक 17 मैचों में 45.53 के औसत और 153 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 592 रन बना चुके हैं, जिसमें एक शतक और चार अर्द्धशतक शामिल हैं।



# रिंकू के सिक्सर ने तोड़ दी प्रेस-बॉक्स की खिड़की



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के युवा क्रिकेटर रिंकू सिंह ने दूसरे दक्षिण अफ्रीका-भारत टी20ई के अंतिम ओवर में एडेन मार्कराम पर लगातार दो छक्के मारे, जिसमें से दूसरे ने गकेबरहा में सेंट जॉर्ज पार्क की प्रेस-बॉक्स की खिड़की को तोड़ दिया। 3 मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी20ई में 6 रन पर दो विकेट गिरने के बाद भारतीय पारी को कप्तान सूर्यकुमार यादव और रिंकू ने संभाला और अर्धशतक जड़े। रिंकू जब क्रीज पर आए तब स्कोर 55-3 था। भारत ने 9 गेंदों के अंतराल में सूर्यकुमार और जितेश शर्मा को खो दिया, लेकिन रिंकू ने अपने शॉट्स खेलना जारी रखा और अंततः 30 गेंदों पर अपना पहला टी20ई अर्धशतक पूरा किया।

आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए बेहतरीन पारियां खेलने के बाद रिंकू सिंह टी20 इंटरनेशनल में भी चमक रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टी20 मुकाबलों के सीरीज में भी वह छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए महत्वपूर्ण रन बनाने में सफल रहे थे।

# मोहम्मद शमी अर्जुन पुरस्कार की दौड़ में, बीसीसीआई के विशेष अनुरोध पर सूची में शामिल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व कप 2023 में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद मोहम्मद शमी अर्जुन पुरस्कार के लिए दौड़ में हैं। विश्व कप 2023 में 24 विकेट लेने और सर्वाधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी के रूप में उभरने के बाद चयन समिति द्वारा इस वर्ष के प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार के लिए भारत के तेज गेंदबाज की सिफारिश की गई है।

सूत्रों के मुताबिक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने खेल मंत्रालय से विशेष अनुरोध किया था क्योंकि पहले शमी का नाम सूची में मौजूद नहीं था। अर्जुन पुरस्कार दूसरा सबसे बड़ा खेल सम्मान है। 33 वर्षीय खिलाड़ी पूरे साल मेन इन ब्लू के लिए सनसनीखेज रहे। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने विश्व कप में अपना स्वर्णिम प्रदर्शन जारी रखा।

उनके अभियान का मुख्य आकर्षण वानखेड़े में श्रीलंका के खिलाफ 5/18 का शानदार प्रदर्शन था। 358 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पहले से ही दबाव में पहले पावरप्ले के अंत में शमी के आगमन ने श्रीलंका के लिए अंत का संकेत दे दिया। अपने पांच ओवरों में उन्होंने उनके मध्य और निचले क्रम को तोड़ दिया। ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका को ध्वस्त करने में सहायता करते हुए शमी ने 2/18 से शानदार गेंदबाजी की और न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भी चमका दिया।

शमी टूर्नामेंट में अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, असाधारण रूप से प्रभावशाली थे, यह देखते हुए कि टूर्नामेंट शुरू होने पर उन्होंने टीम के लिए भी नहीं खेला था। अपनी टीम के पहले चार मैचों में चूकने के बाद शमी एक स्टार गेंदबाज के रूप में उभरे, उन्होंने सिर्फ 10.70 की औसत से 24 विकेट लिए। पुरुषों के खेल के इतिहास में केवल चार खिलाड़ियों - लसिथ मलिंगा (56), मिशेल स्टार्क (65), मुथैया मुरलीधरन (68), और ग्लेन मैक्ग्रा (71) ने एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप में शमी (55) से अधिक विकेट लिए हैं।

# फाइनल में मिली हार से दुखी था, लेकिन फिर मैं तैयार हूं शिखर छूने : रोहित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रोहित शर्मा को पता नहीं था कि विश्व कप फाइनल में मिली हार की निराशा से वह कभी उबर सकेंगे या नहीं। लेकिन प्रशंसकों के प्यार और समझदारी ने उन्हें फिर शिखर पर पहुंचने का प्रयास करने के लिए प्रेरित किया है।

फाइनल तक रोहित के लिए बतौर बल्लेबाज और कप्तान विश्व कप का सफर शानदार रहा। लेकिन 19 नवंबर को फाइनल में आस्ट्रेलिया ने भारत को हराया। फाइनल की हार के बाद रोहित मैदान से निकले, तब उनकी आंखें भरी हुई थी। वह इस दर्द को भुलाने के लिए ब्रेक पर इंग्लैंड चले गए थे। रोहित ने लिखा, पहले कुछ दिन तब मुझे समझ ही नहीं आया कि इससे कैसे उबरूंगा।



मेरे परिवार और दोस्तों ने मेरा हौसला बनाये रखा। हार को पचाना आसान नहीं था लेकिन जिंदगी चलती रहती है और आगे बढ़ना आसान नहीं था।

बकौल रोहित, लोग मेरे पास आकर कहते थे कि उन्हें टीम पर गर्व है। मुझे बहुत अच्छा लगता था। उनके साथ मैं भी दर्द से उबरता गया। मैंने सोचा कि आप यही सुनना चाहते हैं। लोग जब समझते हैं कि खिलाड़ियों पर क्या बीत रही होगी और वे अपनी हताशा या गुस्सा नहीं निकालते हैं, तब यह हमारे लिए बहुत मायने रखता है। मेरे लिए इसके बहुत मायने हैं क्योंकि लोगों में गुस्सा नहीं था। जब भी मिले, उन्होंने प्यार ही बरसाया।

रोहित ने कहा, पूरे विश्व कप के दौरान हमें दर्शकों का जबर्दस्त समर्थन मिला। मैदान के भीतर भी और जो घरों में देख रहे थे, उनसे भी। मैं इसकी सराहना करता हूं। लेकिन जितना ज्यादा विश्व कप के बारे में सोचता हूं, दुख होता है कि हम जीत नहीं सके। मैं 50 ओवरों का विश्व कप देखकर बड़ा हुआ। मेरे लिए यह सबसे बड़ा इनाम है। 50 ओवरों का विश्व कप। हमने इसके लिए कितनी मेहनत की और नहीं जीत पाने पर निराशा होगी ही।

# भारत के खिलाफ टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम की घोषणा

लंदन। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ अगले माह होने वाली पांच टेस्ट की श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय टीम में चार विशेषज्ञ स्पिनरों को चुना है, जिसमें टॉम हर्टले और बशीर की स्पिन जोड़ी भी शामिल है, इस पदार्पण का इंतजार है। ऑफ स्पिनर हर्टले और बशीर दोनों इंग्लैंड लॉयस टीम का हिस्सा थे जिसने पिछले महीने संयुक्त अरब अमीरात में ट्रेनिंग की।




समरसेट के लिए खेलने वाले 20 साल के बशीर ने साल 2023 जून में पदार्पण करने के बाद छह प्रथम श्रेणी मुकाबलों में 10 विकेट चटकाए हैं। टीम में शामिल दो अन्य विशेषज्ञ स्पिनर जैक लीच और लेग स्पिनर रेहान अहमद हैं। लीच पीठ की चोट उबर गए हैं। पिछले साल दिसंबर में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट पदार्पण के दौरान पारी में पांच विकेट चटकाने वाले रेहान की टेस्ट टीम में वापसी हुई है। वहीं गस एटकिंसन को भी पहली बार टेस्ट टीम में चुना गया है। विश्व कप के बाद घुटने की सर्जरी कराने वाले बेन स्टोक्स टीम की अगुआई करने वाले हैं, लेकिन यह देखना होगा कि यह ऑलराउंडर गेंदबाजी करता है या नहीं। एशेज टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे विकेटकीपर बल्लेबाज बेन फोक्स की टीम में वापसी हुई है। अनुभवी जेम्स एंडरसन, ओली रोबिनसन, एटकिंसन और मार्क वुड टीम में चार शीर्ष तेज गेंदबाज हैं। पांच टेस्ट की श्रृंखला हैदराबाद में 25 जनवरी को शुरू होगी।

टीम - बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, जेम्स एंडरसन, जॉनी बेयरस्टो, शोएब बशीर, हैरी ब्रूक, जैक क्राउली, बेन डकेट, बेन फोक्स, टॉम हर्टले, जैक लीच, ओली पोप, ओली रोबिनसन, जो रूट और मार्क वुड।

# टेस्ट श्रृंखला में अहम होगी कोहली की भूमिका : जैक कैलिस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के महान हरफनमौला जैक कैलिस ने कहा कि दो मैचों की आगामी टेस्ट श्रृंखला में विराट कोहली का फॉर्म और दक्षिण अफ्रीकी पिचों की जानकारी भारत की सफलता के लिए अहम साबित होगी। भारत को सेंचुरियन में 26 से 30 दिसंबर तक और केपटाउन में तीन से सात जनवरी तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट खेलने हैं जो आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगे। कैलिस ने कहा कि मुझे यकीन है कि वह दक्षिण अफ्रीका में शानदार प्रदर्शन करना चाहेगा। वह शानदार फॉर्म में है और भारत के लिए उसकी भूमिका अहम होगी। अगर उन्हें यहां जीतना है तो उसे अच्छा प्रदर्शन करना होगा। गौरतलब है कि कोहली ने पिछले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में 30 पारियों में 932 रन बनाए। वह मौजूदा चक्र में एक शतक और एक अर्धशतक बना चुके हैं। वहीं वनडे विश्व कप में 765 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे।

कैलिस ने कहा कि वह बहुत बड़ा खिलाड़ी है। दक्षिण अफ्रीका में खेल चुका है और काफी कामयाब रहा है। वह अपना अनुभव दूसरे खिलाड़ियों के साथ बांट सकता है। गौरतलब है कि कोहली ने विदेश में लगाए गए 29 टेस्ट में से दो दक्षिण अफ्रीका में बनाए हैं। कैलिस ने कहा कि यह भारतीय टीम अच्छी है लेकिन दक्षिण अफ्रीका को



उसकी धरती पर हराना बेहद ही कठिन है।

# 2023 में गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च किया गया ये युवा क्रिकेटर




नई दिल्ली। साल 2023 विदा होने को है। हर साल की तरह सर्च इंजन गूगल ने इस साल की रिपोर्ट भी जारी की है जिसमें बताया गया है कि मौजूदा वर्ष में किस क्रिकेटर को सबसे ज्यादा सर्च किया गया। गूगल की रिपोर्ट में क्रिकेटर्स में विराट कोहली या रोहित शर्मा की जगह युवा स्टार ने बाजी मारी है। इस साल सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले क्रिकेटर्स में टीम इंडिया के युवा ओपनर शुभमन गिल टॉप पर हैं। गिल के बाद आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 में बल्ले से तबाही मचाने वाले न्यूजीलैंड के युवा ऑलराउंडर रचिन रवींद्र का नंबर आता है। खेल की बात करें तब इस साल कई बड़े टूर्नामेंट आयोजित हुए जिसमें वनडे वर्ल्ड कप, एशिया कप, एशियम गेम्स और महिला आईपीएल शामिल है। इसके बावजूद इस साल विश्व कप से ज्यादा लोगों ने आईपीएल को सर्च किया है। इस साल भारत में सर्च किए गए टॉप 10 खिलाड़ियों में गिल टॉप पर रहे। गिल के लिए यह साल बेहतरीन रहा। उन्होंने क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में शानदार प्रदर्शन किए। गिल साल 2023 में वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले क्रिकेटर रहे। उन्होंने इस साल अपना पहला वनडे विश्व कप खेला। इस साल वनडे क्रिकेट में गिल के बल्ले से 41 छक्के निकले। मौजूदा साल में बतौर भारतीय वनडे में गिल सर्वाधिक छक्के जड़ने के मामले में रोहित शर्मा के बाद दूसरे नंबर पर रहे। रोहित ने इस साल वनडे में 67 छक्के उड़ाए।

# श्रीसंत के साथ फिक्सर वाले विवाद के सवाल को टालते दिखे गंभीर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व कप्तान गौतम गंभीर श्रीसंत के साथ फिक्सर को लेकर हुए विवाद के सवाल को टालते दिखे। दरअसल गंभीर से हाल ही में एक रिपोर्टर ने इस घटना पर टिप्पणी करने के लिए कहा था। हालांकि, गंभीर इस मामले पर बोलने से बचते रहे। रिपोर्टर के सवाल पर गंभीर ने कहा, देखिए पहली बात तो मेरे पास इस चीज़ में बोलने के लिए ऐसा कुछ नहीं है। 42 वर्षीय गंभीर ने कहा कि वह युवा क्रिकेटरों को देखने के लिए एक महान कार्यक्रम में उपस्थित थे जो ईमानदारी के साथ अपने राज्य या राष्ट्र की सेवा कर सकते हैं। गौरतलब है कि लीजेंड्स लीग क्रिकेट के हाल ही में संपन्न हुए इंडिया कैपिटल्स और गुजरात जायंट्स के बीच एलिमिनेटर मुकाबले के दौरान मैदान पर पूर्व भारतीय टीम के खिलाड़ियों गौतम गंभीर और एस श्रीसंत के बीच तीखी बहस हो गई थी। विवाद के तुरंत बाद श्रीसंत ने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्होंने आरोप लगाया गया कि गंभीर ने उन्हें फिक्सर कहा था।

वहीं इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में स्पॉट फिक्सिंग में कथित संलिप्तता को लेकर बीसीसीआई की अनुशासनात्मक समिति ने श्रीसंत पर प्रतिबंध लगा दिया था। केरल के तेज गेंदबाज का सात साल का प्रतिबंध सितंबर 2020 में समाप्त हो गया। मीडिया से गौतम गंभीर ने कहा, मैं यहां पर एक नेक मकसद से आया हूं, उन युवा खिलाड़ियों को देखने आया हूं, उन युवा खिलाड़ियों को एक मंच देने आया हूं के जो वो अपना, अपने परिवार का, अपने राज्य का, अपने देश का नाम इमानदारी से रोशन कर सके। वो मेरे लिए बहुत जरूरी है। इस बीच पिछले महीने गंभीर छह सीजन के बाद केकेआर में लौटे लेकिन इस बार मेंटर की भूमिका में थे। सिटी ऑफ जॉय में लौटने से पहले उन्होंने पिछले कुछ सीजन लखनऊ सुपर जाइंट्स के मेंटर के रूप में काम किया था। मंगलवार 19 दिसंबर को दुबई में होने वाली आईपीएल 2024 नीलामी के दौरान भी केकेआर कैंप में गंभीर के मौजूद रहने की उम्मीद है।



# नए मुख्य कोच से सीखकर टेस्ट मानसिकता में ढलने को तैयार हो रही टीम

### -भारतीय महिला टीम की उप कप्तान ने कोच अमोल मजूमदार के अनुभव पर जताया भरोसा

**नवी मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि हमारी टीम लंबे समय के बाद टेस्ट मैच खेलने को तैयार है। उन्होंने मंगलवार को यहां कहा कि उनकी युवा टीम के साथी इंग्लैंड के खिलाफ लाल गेंद प्रारूप के इस मैच की मानसिकता में ढलने के लिए नए मुख्य कोच अमोल मजूमदार से सीखने की कोशिश कर रहे हैं। भारत ने दो साल पहले जून और सितंबर में क्रमशः इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में एक-एक टेस्ट खेला था। यह दोनों चार दिवसीय मुकाबले ड्रा रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की तुलना में इंग्लैंड को लाल गेंद से क्रिकेट खेलने का हालिया अनुभव ज्यादा है। टीम ने इस साल जून में महिला एशेज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट खेला था। अपने एक दशक लंबे करियर में सिर्फ चार टेस्ट खेलने वाली मंधाना का कहना है कि गुरुवार से यहां शुरू होने वाले चार दिवसीय मुकाबले से पहले घरेलू क्रिकेट के पूर्व दिग्गज और कप्तान मजूमदार की उपस्थिति टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित होगी। मंधाना ने भारतीय टीम के अभ्यास सत्र से पहले कहा कि हमारे पास अमोल सर के रूप में एक अनुभवी कोच है। उन्हें रणजी ट्रॉफी में खेलने का आपार अनुभव है। वह चार दिवसीय मैच खेलने के आदी रहे है। उन्होंने कहा ?कि हमारी टीम में दो-तीन खिलाड़ियों को मिलाकर जितना अनुभव है उससे ज्यादा अनुभव उन्हें है। मैं देख सकती हूं कि टीम की कई खिलाड़ी उनसे मानसिकता के बारे में पूछ रही थी। भारतीय खिलाड़ी पिछले दो साल से टेस्ट क्रिकेट से दूर होने के बावजूद टीम ने मजूमदार की देखरेख में अक्टूबर में चार दिवसीय मैच का अभ्यास किया था। बेंगलुरु में अभ्यास शिविर के दौरान टीम ने आपस में ही चार दिवसीय मैच खेला था।

# फीफा ने किया सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर पुरस्कारों के नामों का ऐलान

जिनेवा। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) ने सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर और सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलकीपर पुरस्कारों के नामों की घोषणा कर दी है। मीडिया में आई रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में सर्वश्रेष्ठ फीफा फुटबॉल पुरस्कार 15 जनवरी 2024 को लंदन में आयोजित किए जाएंगे। इसमें ऑस्ट्रेलिया की मैकेंज़ी अर्नोल्ड, स्पेन की कैटालिना कोल और इंग्लैंड की मैरी अर्प्स सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला गोलकीपर पुरस्कार के लिए फाइनलिस्ट हैं, जबकि पुरुष पुरस्कारों के फाइनलिस्ट में मोरक्को के यासीन, बेल्जियम के थिबाउट कोर्टोइस और ब्राजील के एडर्सन के नाम शामिल हैं। फीफा जल्द ही सर्वश्रेष्ठ फीफा फुटबॉल पुरस्कार 2023 के लिए और अधिक फाइनलिस्टों की घोषणा करेगा। इन घोषणाओं में सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी के लिए नाम भी शामिल होंगे।

# दक्षिण अफ्रीका वापस आने पर काफी उत्साहित हैं शेन बांड

पार्ल। पार्ल रॉयल्स के नव नियुक्त कोच शेन बांड दस साल बाद दक्षिण अफ्रीका वापस आने पर काफी उत्साहित उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि 10 जनवरी से शुरू हो रहे 'एसए20 लीग के दूसरे सत्र के दौरान दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष स्टार जैसे डेविड मिलर, तबरेज शम्सी और लुंगी एनगिडी के साथ काम करने का अपना अलग ही मजा है। गौरतलब है कि एसए20 (दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग) के दूसरे सत्र का शुरूआती मैच सनराइजर्स ईस्टर्न केप और जोबर्ग सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा। कोच शेन बांड ने कहा, 'मैं 10 साल के बाद दक्षिण अफ्रीका वापस आ रहा हूं इसलिये मैं काफी उत्साहित हूं क्योंकि यह क्रिकेट खेलने के लिए वास्तव में काफी अच्छी जगह है। उन्होंने कहा कि मैं मिलर, एनगिडी और शम्सी के साथ काम करने के मौके को लेकर भी काफी उत्साहित हूं। दक्षिण अफ्रीका में क्रिकेट के प्रति जुनून और इसकी लोकप्रियता काफी अधिक है, विशेषकर सफेद गेंद के टूर्नामेंट जैसे एसए20 में। बता दें ?कि जोबर्ग सुपरकिंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग इसकी मुख्य फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपरकिंग्स के भी मुख्य कोच हैं। उन्होंने कहा, 'हमने पिछले साल की अपनी कोर टीम बरकरार रखी है और टीम में नीलामी के जरिए कुछ अतिरिक्त युवा खिलाड़ियों को भी शामिल किया है। हम इस साल एक और प्रतिस्पर्धी अभियान के लिए तैयार हैं।

# जूनियर विश्व कप : सेमीफाइनल में भारत के सामने जर्मनी की मजबूत चुनौती

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम जूनियर पुरूष विश्व कप हॉकी सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को जर्मनी जैसी मजबूत टीम के सामने होगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को बरकरार रखते हुए चौथी बार टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश का होगा।

विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज भारत ने चौथी रैंकिंग वाली नीदरलैंड टीम को क्वार्टर फाइनल में 4-3 से हराया। हाफटाइम तक दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए भारत ने जीत दर्ज की। कप्तान उत्तम सिंह ने आखिरी सीटी बजने से तीन मिनट पहले विजयी गोल दागा। उपकप्तान अराइजीत सिंह हुंडल ने मैच में दो गोल किए।

कप्तान उत्तम ने कहा, 'हमें दबाव में खेलने की आदत हो गई है। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल हो या जोहोर कप में कांस्य पदक का मुकाबला, हमने दबाव में ही खेलकर जीत दर्ज की है।' उन्होंने कहा, 'हमने इस पर काम किया है और इस कौशल को निखारा है। इस टीम के पांच खिलाड़ी पहले भी जूनियर विश्व कप खेल चुके हैं और यह अनुभव काम आ रहा है।'

## पेनल्टी कॉर्नर देने की इस आदत से बचना होगा

भारत का मनोबल इसलिए भी बढ़ा है कि गोल गंवाने के बाद टीम ने वापसी की है। नीदरलैंड के खिलाफ शुरूआत में बैकफुट पर रहने के बाद उन्होंने आक्रामक खेल दिखाकर जीत दर्ज की। जर्मन टीम को हराना आसान नहीं होगा क्योंकि उसका डिफेंस बहुत मजबूत है। इसके अलावा वे तेजी से जवाबी हमले बोलने में माहिर हैं। डच टीम के खिलाफ रोहित ने आखिरी क्वार्टर में छह पेनल्टी कॉर्नर बचाकर भारत को जीत दिलाई। भारतीय टीम को पेनल्टी कॉर्नर देने की इस आदत से बचना होगा क्योंकि जर्मनी के खिलाफ यह भारी पड़ सकती है।

## इस साल चार बार हुआ भारत-जर्मनी का सामना

इस साल भारत का सामना जर्मनी से चार बार हुआ है और चारों बार उसे पराजय का सामना करना पड़ा। आखिरी बार जोहोर कप सेमीफाइनल में जर्मनी ने उसे 6-3 से हराया था। भुवनेश्वर में जूनियर विश्व कप 2021 में भी जर्मनी ने सेमीफाइनल में भारत को 4-2 से शिकस्त दी थी।

## जर्मन टीम अपराजेय नहीं

भारतीय कोच सी आर कुमार ने कहा कि जर्मन टीम अपराजेय नहीं है। उन्होंने कहा, 'जर्मनी मजबूत टीम है और जोहोर कप में हमने उसके खिलाफ खेला है। उस समय टीम अलग थी और तरीका भी अलग। हमने विश्व कप में सभी टीमों का विश्लेषण किया है और पूरी



तैयारी के साथ उतरेंगे। जर्मन टीम अपराजेय नहीं है। हमें बस रणनीति पर अमल करना होगा।' दूसरे सेमीफाइनल में स्पेन का सामना फ्रांस से होगा।

# तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के साथ ऑस्ट्रेलिया में चमकेगा स्टीव स्मिथ का बल्ला

पर्थ। पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के साथ ऑस्ट्रेलिया में स्टीव स्मिथ का बल्ला चमकने वाला है। यहां पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की एक बार फिर से वापसी हो रही है। बता दें कि स्टीव स्मिथ का टेस्ट औसत 58.61 रहा है। जो श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हैं। हालांकि उन्होंने अपने सामान्य मानकों से संख्या में गिरावट देखी है। इस बल्लेबाज ने 2020 से 48 का औसत बनाया है। इस साल केवल 43 का औसत रहा है। उन्होंने कंगारुओं के लिए महत्वपूर्ण पारियां खेलना जारी रखा है। इनमें आईसीसी पुरुष विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2023 में भारत के खिलाफ ओवल में शानदार 121 रन और एशेज के दौरान लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ महत्वपूर्ण 110 रन शामिल हैं। इन दोनों शतकों के परिणामस्वरूप उनकी टीम को महत्वपूर्ण जीत मिली। स्मिथ ने पर्थ टेस्ट से पहले कहा कि उन्हें अपनी बल्लेबाजी के बारे में ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है और उन्हें केवल अपनी प्रक्रियाओं का समर्थन करने की जरूरत है। क्रिकेट के जानकार बता रहे हैं कि स्मिथ के लिए क्रिकेट का यह वर्ष बेहद कठिन रहा है। उन्होंने 11 टेस्ट, 16 वनडे और दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज का मानना था कि ऑस्ट्रेलिया के विजयी आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 अभियान के बाद उन्हें मिले ब्रेक ने उन्हें तरोताजा कर दिया।



## डंकी की रिलीज से पहले माता वैष्णो देवी के दरबार पहुंचे शाहरुख खान

सुपरस्टार शाहरुख खान माता वैष्णों देवी में खूब श्रद्धा रखते हैं और वो अक्सर माता के दरबार में दर्शन के लिए जाते रहते हैं। अब हाल ही में किंग खान अपनी अपकमिंग फिल्म डंकी की रिलीज से पहले मां वैष्णों देवी के दरबार में आशीर्वाद लेने पहुंचे, जहां से उनका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। सुपरस्टार शाहरुख खान माता वैष्णों देवी में खूब श्रद्धा रखते हैं और वो अक्सर माता के दरबार में दर्शन के लिए जाते रहते हैं। अब हाल ही में किंग खान अपनी अपकमिंग फिल्म डंकी की रिलीज से पहले मां वैष्णों देवी के दरबार में आशीर्वाद लेने पहुंचे, जहां से उनका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। शाह रुख खान को 12 दिसंबर की सुबह वैष्णो देवी मंदिर में स्पॉट किया गया। पीटीआई द्वारा शेयर किए गए वीडियो में शाह रुख को अपने बॉडीगार्ड के साथ मां वैष्णो देवी के दर्शन करने के लिए जाते हुए देखा जा सकता है।। इस दौरान एक्टर के साथ उनकी मैनेजर पूजा ददलानी भी नजर आ रही हैं। वीडियो में किंग खान ब्लैक कलर की हुडी में अपना चेहरा छुपाते नजर आ रहे हैं। बता दें, शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म डंकी 21 दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### ओम शांति ओम का गाना गुनगुनाते एक्ट्रेस का वीडियो वायरल

## हानिया ने फिर जताया शाहरुख खान के लिए अपना प्यार



**भारत और पाकिस्तान के खट्टे-मीठे रिश्ते का सच किसी से छिपा नहीं है। जब से यह मुल्क हमसे (भारत) अलग हुआ है तभी से अगर यह हमारे देश का नाम भी लेता है तो चर्चा में आ जाता है। इन सबके बावजूद भी दोनों देशों के कलाकारों के बीच रिश्ते काफी सहज रहे हैं और वे असर एक-दूसरे की तारीफ भी करते नजर आते हैं।**

पाकिस्तान की अभिनेत्रियों में से एक अभिनेत्री हानिया आमिर भी भारतीय सितारों की फैन हैं। अपने हुनर और खूबसूरती के लिए अक्सर सुर्खियों में रहने वाली हानिया इस समय शाहरुख खान की फिल्म का एक गाना गाने को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पाकिस्तानी सितारे बॉलीवुड स्टार्स के कितने बड़े फैन हैं यह बात वे लोग समय-समय पर बताते रहते हैं। कोई बी-टाउन सितारों के साथ काम करने की इच्छा जाहिर कर चुका है तो कोई उनके गानों और डायलॉग्स पर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालकर अपने प्यार का एलान करते हैं। हाल ही में ऐसा ही कुछ मशहूर पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर ने भी किया। हानिया आमिर आज के समय का एक ऐसा नाम, जिनके दीवाने भारत में भी भरपूर हैं। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी की पाकिस्तानी टीवी सीरियल्स से लेकर फिल्मों तक में अपनी अदायगी का हुनर दिखाने वाली हानिया बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान की दीवानी हैं, जिसका नमुना एक बार फिर हमें देखने को मिला।

पाकिस्तानी इंडस्ट्री में एक जाना पहचाना नाम बन चुकी हानिया आमिर शाहरुख खान की कट्टर प्रशंसक हैं। सोशल मीडिया पर बेहद एक्टिव रहने वाली हानिया आमिर के फैंस जहां उनके लुक्स और ब्यूटी की तारीफ करते नहीं थकते हैं, वहीं वह शाहरुख खान के लिए अपने प्यार का इजहार करने से पीछे नहीं हटती हैं। हानिया ने हाल ही में एक बार फिर सुपरस्टार के लिए अपने प्यार का इजहार किया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें हनिया शाहरुख की मशहूर फिल्म ओम शांति ओम का टाइटल ट्रैक गाती नजर आ रही हैं। हानिया आमिर ने यह वीडियो खुद अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा किया था। इस वीडिया में अभिनेत्री अपनी वैनिटी वैन में एक दोस्त के साथ नजर आ रही हैं। सफेद जम्पर और मैचिंग बीनी पहने हनिया ओम शांति ओम गाना गाते हुए और पूरी तरह उसका आनंद लेते हुए दिखाई दे रही हैं। बता दें, यह पहली बार नहीं है जब हानिया आमिर ने शाहरुख खान से जुड़ा कोई वीडियो साझा किया है। कुछ महीने पहले, हनिया ने एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें वह अलग-अलग जगहों पर शाहरुख का सिग्नेचर पोज रिक्रिएट करने की कोशिश करती नजर आ रही थी।

इससे पहले हानिया आमिर ने एक और वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने शाहरुख के छैंया छैंया, दर्द-ए-डिस्को, ये लड़का है दीवाना, छम्मक छल्लो, जबरा फैन, मेरे महबूब मेरे सनम और हौले हौले जैसे गानों के हुक स्टेप्स किए थे। हनिया हाल ही में रैपर बादशाह के साथ अपनी वायरल तस्वीरों के कारण सुर्खियों में आई थीं। दोनों की मुलाकात दुबई में हुई थी और जैसे ही उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं, वैसे ही दोनों की डेटिंग की अफवाहें उड़ गईं। पंजाबी सिंगर करण औजला भी बादशाह और हानिया के साथ पोज देते नजर आए थे।



## पत्नी लिन लैशराम का हाथ थाम वेडिंग रिसेप्शन में पहुंचे रणदीप हुड्डा

बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा ने 29 नवंबर, 2023 को अपनी लेडी लव लिन लैशराम के साथ शादी के बंधन में बंध गए। कपल ने मणिपुर के इम्फाल में एक पारंपरिक समारोह सात फेरे लिए थे। उनकी इस खुशी में उनके रिश्तेदार और कुछ करीबी लोग शामिल हुए थे। रणदीप-लिन लैशराम की शादी की तस्वीरों ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा ने 29 नवंबर, 2023 को अपनी लेडी लव लिन लैशराम के साथ शादी के बंधन में बंध गए। कपल ने मणिपुर के इम्फाल में एक पारंपरिक समारोह सात फेरे लिए थे। उनकी इस खुशी में उनके रिश्तेदार और कुछ करीबी लोग शामिल हुए थे।

रणदीप-लिन लैशराम की शादी की तस्वीरों ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। वहीं 11 दिसंबर 2023 को रणदीप और लिन ने सपनों के शहर मुंबई में ग्रैंड रिस्पेशन पार्टी दी जिसमें इंडस्ट्री के तमाम लोगों के अलावा कुछ करीबा दोस्तों ने शिरकत की। रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम अपने वेडिंग रिसेप्शन में कमाल के लग रहे थे। इन्होंने स्टाइलिश अटायर में रेड कार्पेट पर एंट्री की और देखने वालों की निगाहें इन पर ही अटक गई। रिसेप्शन के लिए लिन लैशराम ने रेड कलर की डुअल-टोन साड़ी में पेयर की थी। उनकी साड़ी पर पूरी तरह सेक्विन वर्क था, जिसे उन्होंने फुल शीर स्लीव्स वाले स्वीटहार्ट नेकलाइन ब्लाउज के साथ पेयर किया था। अपने दुल्हन के लुक को पूरा करने के लिए लिन लैशराम ने सिर पर लाल रंग का एक दुपट्टा भी लिया था, जो उनके लुक में चार चांद लगा रहा था। उन्होंने अपने लुक को कुछ स्टेटमेंट चूड़ियों, एक हीरे की नेकपीस और मैचिंग इयररिंग्स के साथ पूरा किया। हल्के न्यूड-टोन मेकअप, बालों को स्लीक बन लिन लैशराम के लुक को चार-चांद लगा रहा है। वहीं रणदीप वेल्वेट बंद गाला सूट में हमेशा की तरह हैंडसम लग रहे थे। रणदीप अपनी पत्नी के साथ पैपराजी के सामने पोज करते हुए भी दिखाई दिए। बता दें कि 47 साल के रणदीप और 37 साल के लिन कुछ समय से रिलेशनशिप में थे।

## खो गए हम कहाँ आज के युवाओं की फ़िल्म है: सिद्धांत चतुर्वेदी



सिद्धांत चतुर्वेदी, जो कि एक्सेल एंटरटेनमेंट की नयी फिल्म 'खो गए हम कहाँ' में नजर आ रहे हैं, यह कहानी मॉडर्न यानी आधुनिक दोस्ती के रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती है और जो सोशल मीडिया की मार भी झेलती है और साथ ही जीवन के कई सारे सच से भी रूबरू कराती है।

सिद्धांत चतुर्वेदी, जो कि एक्सेल एंटरटेनमेंट की नयी फिल्म 'खो गए हम कहाँ' में नजर आ रहे हैं, यह कहानी मॉडर्न यानी आधुनिक दोस्ती के रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती है और जो सोशल मीडिया की मार भी झेलती है और साथ ही जीवन के कई सारे सच से भी रूबरू कराती है। इस फिल्म के लगभग 2 मिनट 40 सेकेण्ड वीडियो, जिसमें फिल्म का क्या लबो-लुआब है, वो नजर आने वाला है, जिसमें तीन दोनों को एक दूसरे के साथ खड़े होते और उनके संघर्ष को दर्शाते हुए दिखाया जाएगा और किस तरह से वह ऑनलाइन जीवन में किस तरह से सच्चे रहने की कशमकश में जीते हैं, इसके बावजूद कि सोशल मीडिया पर भव्य जिंदगी से प्रभावित होने की पूरी गुंजाईश होती है।

फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत सिद्धांत के किरदार इमाद के स्टैंड-अप कॉमेडियन से होती है, जो प्रभावशाली लोगों को केवल अपने जीवन के सबसे अच्छे पलों को सोशल मीडिया पर साझा करने के लिए बुलाता है।

सिद्धांत के वॉयसओवर में समुद्र तट और क्लबों में एक साथ समय का आनंद लेते हुए तीनों के दृश्य हैं। वह इसमें कहते हुए नजर आ रहे हैं कि मैं यह नहीं जानना चाहता कि आपने पूरे दिन सोशल मीडिया पर क्या किया। लेकिन मेरे पास करने के लिए बेहतर चीजें हैं, वह एक मजाक के साथ अपने स्टैंड-अप कार्यक्रम को बंद करने से पहले कहते हैं। उनकी इतनी ही झलक दर्शा रही है कि फिल्म में वह बेहद दमदार किरदार निभाते हुए नजर आने वाले हैं।

इस फिल्म में काम करने के बारे में जब सिद्धांत से पूछा गया तो उन्होंने अपना अनुभव शेयर करते हुए कहा कि 'खो गए हम कहाँ मेरे लिए शानदार फिल्म है, यह आज के युवाओं को समर्पित फिल्म है, जो यवाओं को गहराई से छुएगी। इसमें रिश्ते के कई अनछुए पहलुओं को दर्शाने की कोशिश होगी, यह एक व्यक्ति के वर्चुअल जिंदगी और वास्तविक जिंदगी के बीच में जो सामंजस्य है, उसे भी दर्शाने की कोशिश करेगी और रिश्तों के बीच जो आजकल नाजुकता आ गई है, उसे भी दर्शायेगा। खासतौर से हमारे जेनरेशन के लोगों के बीच। यह एक तरह की सिनेमाई यात्रा है, जो सोशल मीडिया के आडंबर के बीच स्थाई दोस्ती को ताकत को दर्शाने की कोशिश करेगी।

यह फिल्म तीन अलग-अलग मिजाज की सोच रखने वाले दोस्तों के जीवन के सफर को भी दिखाने की कोशिश करेगी। फिल्म की असली कहानी तब सामने आती है, जब वे अपनी ऑनलाइन पहचान को अपने वास्तविक इंसान के साथ जूझते या टकराते हुए देखते हैं और फिर उसमें अपने आप के साथ सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास करते हैं, फिर उस बॉन्डिंग को तलाशने की कोशिश करते हैं, जो आधुनिक जीवन में कहीं खो सी गई है, आप क्या है हकीकत में, खुद को तलाशने की एक कोशिश है यह फिल्म, इसके अलावा यह फिल्म युवाओं को चीजों के महत्व को समझने में भी मदद करेगी। साथ ही सबसे दिलचस्प बात यह है कि फिल्म ओटीटी पर रिलीज हो रही है, और आजकल आजकल युवा इस माध्यम को पसंद कर रहे हैं, इसलिए यह और अच्छी बात है कि हम इस पर आ रहे हैं।

बता दें कि 'खो गए हम कहां' सिद्धांत चतुवेर्दी की 5वीं रिलीज है और जिस तरह से लगातार वह बेहतरीन किरदार निभा रहे हैं, वह लगातार प्रयोग करके अपने दर्शकों को प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे में निश्चित तौर पर वह अभिनय की दुनिया में एक नए आयाम गढ़ेंगे। गौरतलब है कि 'खो गए हम कहां' 26 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।



## सामने आई ऑपरेशन वैलेंटाइन की नई रिलीज डेट, इस दिन दिखेगी वायु सेना के जज्बे की कहानी

ऑपरेशन वैलेंटाइन को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और रेनेसां पिक्चर्स की बहुप्रतीक्षित देशभक्ति थ्रिलर ऑपरेशन वैलेंटाइन को नई रिलीज डेट मिल गई है। साल 2017 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीत भारत को गौरवान्वित करने वाली अभिनेत्री मानुषी छिल्लर अब जल्द ही साउथ फिल्मों में भी अपने अभिनय का जादू बिखेरने वाली हैं। साउथ सिनेमा के मशहूर अभिनेता वरुण तेज के साथ फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन से वह अपना साउथ डेब्यू करेंगी। ऑपरेशन वैलेंटाइन को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और रेनेसां पिक्चर्स की बहुप्रतीक्षित देशभक्ति थ्रिलर ऑपरेशन वैलेंटाइन को नई रिलीज डेट मिल गई है।

**ऑपरेशन वैलेंटाइन की नई रिलीज डेट का हुआ एलान**

गौरतलब है कि पिछले दिनों फिल्म निर्माताओं ने फिल्म को स्थगित करने की घोषणा की थी। अब मोशन टीजर के साथ उन्होंने 16 फरवरी 2024 को फिल्म की नई रिलीज डेट घोषित की है। फिल्म का मोशन टीजर ऑपरेशन वेलेंटाइन की दुनिया की एक झलक देता है। टीजर में वरुण तेज और मानुषी छिल्लर सबसे बड़े हवाई हमलों की तैयारी करते नजर आ रहे हैं।

**सच्ची घटनाओं पर बनी है फिल्म**

बता दें कि सच्ची घटनाओं से प्रेरित ऑपरेशन वेलेंटाइन एक देशभक्तिपूर्ण, बेहतरीन मनोरंजन फिल्म है और यह हमारे वायु सेना के नायकों के उत्साह और देश की रक्षा के लिए उनके सामने आने वाली चुनौतियों को प्रदर्शित करेगी। ऑपरेशन वैलेंटाइन सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस, संदीप मुड्डा की रेनेसां पिक्चर्स द्वारा निर्मित और गॉड ब्लेस एंटरटेनमेंट (वकील खान) और नंदकुमार अब्बिनेनी द्वारा सह-निर्मित है।

**भारतीय वायु सेना के जज्बे को देखेंगे दर्शक**

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो बताया जा रहा है कि वरुण इस फिल्म में भारतीय वायु सेना के पायलट के रूप में दिखाई देंगे। इसके साथ ही मानुषी छिल्लर भी एक रडार ऑफिसर की भूमिका में नजर आएंगी। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। मेकर्स द्वारा मोशन टीजर जारी होते ही यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यही नहीं, इस टीजर को फैंस की सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिल रही है। अब देखना है कि यह फिल्म मानुषी छिल्लर के करियर का टर्निंग पॉइंट साबित होता है या नहीं।

## हाई स्लिट गाउन में गोरी मेम नेहा पेंडसे का हॉट अंदाज

एक्ट्रेस नेहा पेंडसे अक्सर अपनी हॉट एंड ग्लैमरस अदाओं से इंटरनेट पर छाई रहती हैं। नेहा ने पॉपुलर कॉमेडी शो भाबीजी घर पर हैं में गोरी मेम का किरदार निभाकर जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की है। इस शो को छोड़ने के बाद भी नेहा सुर्खियों में छाई रहती हैं। हाल ही में नेहा ने आईटीए अवॉर्ड्स 2023 के रेड़ कार्पेट पर अपने हुस्न का जलवा बिखेरा। इस इवेंट में नेहा ने अपने हॉट लुक से सभी का ध्यान खिंचा। नेहा पेंडसे ने अपने इस हॉट लुक की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी शेयर की है। तस्वीरों में नेहा ब्राउन कलर का थाई हाई स्लिड गाउन पहने नजर आ रही हैं। नेहा का यह गाउन काफी खूबसूरत है। इसके साथ नेहा ने हाई हील्स को पेयर किया हुआ है। नेहा पेंडसे ने ग्लॉसी मेकअप, खुले कर्ली बाल और गले में एक स्टोन नेकलेस पहनकर अपने लुक को कम्प्लीट किया है। नेहा तस्वीरों में सिजलिंग अंदाज में पोज देती दिख रही हैं। बता दें कि अपनी खूबसूरती से सबको दीवाना बनाने वालीं नेहा पेंडसे को आपने भाभी जी घर पर हैं में खूब पसंद किया था। नेहा जल्द ही टीवी शो मे आई कम इन मैडम में नजर आने वाली हैं।



## फाइटर से स्क्वाड्रन लीडर सरताज गिल के रूप में करण सिंह ग्रोवर का शानदार लुक हुआ जारी!



हाल में आए फाइटर के जबरदस्त टीज़र ने इंटरनेट पर खूब धूम मचाई और देशभर में इसे लोगों का प्यार मिला। देखते ही देखते फिल्म का टीज़र यूट्यूब पर #1 पर पहुंच गया है। फाइटर की दीवाना कर देने वाली दुनिया में दर्शकों को ले जाने के बाद अब मेंकर्स ने फिल्म से स्क्वाड्रन लीडर सरताज गिल के रूप में करण सिंह ग्रोवर के दमदार लुक से भी पर्दा उठा दिया है। करण सिंह ग्रोवर स्क्वाड्रन लीडर सरताज गिल के किरदार में पूरी तरह से फिट बैठे हैं, जिन्हें उनके कॉल साइन ताज के नाम से जाना जाता है, जो प्रतिष्ठित एयर ड्रैगन्स यूनिट से स्क्वाड्रन पायलट के रूप में काम करते हैं। उनकी एक्टिंग किरदार को दमदार और आकर्षक दोनों बनाती है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में और वायाकॉम18 स्टूडियोज और मार्फ़्लिक्स पिक्चर्स के सहयोग से प्रस्तुत फाइटर एक सिनेमाई अनुभव है जो एक्शन स्टोरीटेलिंग में क्रांति लाने के लिए तैयार है। यह फिल्म दिल दहला देने वाले एक्शन सीन्स को देशभक्ति के उत्साह के साथ सहजता से पेश करती है, जो एक ऐसे गहन अनुभव का वादा करती है जो दुनिया भर के दर्शकों को पसंद आएगा। तो फाइटर की उड़ान के लिए अपने कैलेंडर पर 25 जनवरी, 2024, भारत का 75वां गणतंत्र दिवस मार्क करें और फिल्म को एंजॉय करना न भूलें।

## मंसूर अली खान को शिकायत पर मद्रास हाई कोर्ट ने लगाई फटकार



साउथ एक्टर मंसूर अली खान का एक बयान अभी तक चर्चा में बना हुआ है। उन्होंने मद्रास हाई कोर्ट में एक्ट्रेस तृषा कृष्णनन समेत तीन लोगों पर मानहानि का केस कर दिया था। अब इस पर कोर्ट ने एक्टर हो की लताड़ा है। साथ ही तृषा, खुशबू और चिरंजीवी को अपना पक्ष रखने के लिए आदेश दिया है। सूर अली खान पिछले कुछ दिनों से विवादों में हैं। उन्होंने एक्ट्रेस तृषा कृष्णनन के बारे में एक विवादित कमेंट किया था, जिसके बाद इंडस्ट्री के तमाम एक्टर्स-फिल्ममेकर्स ने उनके स्टेटमेंट की निंदा की थी। फिर एक्टर मंसूर अली खान ने एक्ट्रेस तृषा, खुशबू और चिरंजीवी के खिलाफ मानहानि का केस कर दिया था। और मांग की थी कि इन तीनों से उनको कम्पनसेशन दिलवाया जाए। इसी पर मद्रास कोर्ट का फैसला आया है। मद्रास हाई कोर्ट ने इस केस की सुनवाई की और जज पूरे मामले को सुनने के बाद मंसूर अली खान की शिकायत पर ही फट पड़े। उन्होंने मंसूर अली द्वारा पब्लिक फोरम में एक्ट्रेस के बारे में की गई भद्दी बातों की निंदा की। साथ ही उन्होंने कहा कि ये शिकायत तो एक्ट्रेस को फाइल करनी चाहिए थी। न्यायाधीश ने नियमित रूप से विवादों में शामिल रहने के लिए एक्टर की आलोचना की और खुद को निर्दोष बताने के लिए अभिनेता को दोषी ठहराया।

**22 दिसंबर को होगी केस की सुनवाई**

इसके बाद मंसूर अली खान के वकील ने अभिनेता के यूट्यूब इंटरव्यू का अनकट वीडियो जमा करने पर सहमति जताई और तृषा को एक्टर की निंदा करने वाली अपनी पोस्ट हटाने का आदेश देने की मांग की। इसके बाद जज ने तृषा, खुशबू और चिरंजीवी को अपना पक्ष रखने के लिए कहा और मामले को 22 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दिया।